सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार,03 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 326, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 504 अंकों की गिरावट

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी से बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 503 .63 अंक टूटकर 85,138 .27 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भविष्य में नयी चुनौतियां सामने खड़ी हैं : सीतारमण

सीतारमण ने कहा भविष्य में नयी चुनौतियां सामने खड़ी हैं जिन पर मिलकर ध्यान देने की जरूरत है। नये वित्तीय उत्पादों के उद्भव व लाभकारी स्वामित्व की उभरती संरचनाओं के लिए विभिन्न न्याय-क्षेत्रों के बीच सहयोग की जरूरत है। } 16



## काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण शुरू

### केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सीएम योगी ने किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता



वाराणसी। तीनों लोकों में विशिष्ट, मोक्षदायिनी, भगवान शिव की पावन नगरी, आनंद कानन और सर्वविद्या की राजधानी अविमुक्त क्षेत्र काशी में कार्तिक मास की पावन बेला में आयोजित हो रहे काशी तमिल संगमम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सुदृढ़ और जीवंत बनाने वाला कदम बताया। मंगलवार को वाराणसी में आयोजित शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से अपने वोकेशनल एजुकेशन में तमिल, कन्नड़, मलयालम, तेलुगू, मराठी और बंगाली जैसी भाषाओं को सम्मिलित किया है। छात्र अपनी रुचि के अनुसार इनमें से किसी एक भाषा का चयन करेंगे और सरकार उसका पूरा व्यय वहन करेगी। तमिल भाषा इस संदर्भ में एक नया मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिवर्ष रामेश्वरम, मदुरै और कन्याकुमारी धाम के दर्शन के लिए जाते हैं। पर्यटन विभाग विशेष यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन करेगा, जिनके माध्यम से श्रद्धालुओं को रियायती दरों पर इन पवित्र स्थलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एसआईआर और वंदे मातरम पर चर्चा के लिए बनी सहमति

### ❍ चुनाव सुधार के मुद्दे पर चर्चा के लिए 10 घंटे समय निर्धारित ❍ 9 को एसआईआर पर होगी चर्चा

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र में जारी गतिरोध के खत्म होने की संभावना मंगलवार को उस वक्त प्रबल हो गई जब सरकार ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा से जुड़ी विपक्ष की मांग को स्वीकार कर लिया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में यह सहमति बनी कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना के 150 साल पूरा होने के विषय पर सोमवार को तथा चुनावों सुधारों के मुद्दे पर मंगलवार को सदन में चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। चुनाव सुधार के मुद्दे पर चर्चा के लिए 10 घंटे समय निर्धारित किया गया है, लेकिन जरूरत पड़ने पर समय बढ़ाया जा सकता है। सभी दलों के नेताओं की लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की भी बैठक हुई, जिसमें इन विषयों पर चर्चा कराने पर मुहर लगाई गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने एक्स पर पोस्ट किया, आज लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सोमवार आठ दिसंबर को दोपहर 12 बजे से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में चर्चा और मंगलवार नौ दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधार पर सदन में चर्चा करने का निर्णय लिया गया है। बाद में रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा हम सब चाहते हैं कि संसद अच्छी तरह से चले और सदस्यों को बोलने का मौका मिले। सांसदों को अपने क्षेत्र के मुद्दे रखने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गतिरोध बिना वजह नहीं होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि लोकसभा में चर्चा के बाद इन दोनों विषयों पर राज्यसभा में भी चर्चा होगी। बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में यह सहमति बनने के बाद लोकसभा में जारी गतिरोध खत्म होने के आसार हैं। बीएसी की बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने संवाददाताओं से कहा, बीएसी की बैठक के बाद वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर चर्चा के बारे में फैसला किया गया। सोमवार को वंदे मातरम पर चर्चा होगी और इस चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री करेंगे। इसके बाद मंगलवार और बुधवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी तथा जरूरत पड़ने पर समय बढ़ाया जा सकता है। इस बीच, विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के दोनों सदनों के नेताओं की बुधवार सुबह संसद भवन में बैठक होगी, जिसमें वे आगे की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### अप्रैल 2026 से शुरू होगी दो चरणों में जनगणना

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण की जनगणना अप्रैल और सितंबर 2026 के बीच, जबकि दूसरे चरण की फरवरी 2027 में होगी। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में इस कवायद का विवरण देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जनगणना दो चरणों में होगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और आवास गणना तथा उसके बाद दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी। मंत्री ने बताया, आबादी की गणना फरवरी 2027 में की जाएगी, जिसकी संदर्भ तिथि। मार्च 2027 की मध्य रात्रि होगी, सिवाय केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके दुर्गम इलाकों को छोड़कर, जहां यह गणना सितंबर 2026 में की जाएगी, जिसकी संदर्भ तिथि।

### नकली फ्रांसीसी वीजा रैकेट का भंडाफोड़

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तमिलनाडु में चल रहे उस गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो नौकरी की चाहत रखने वाले भारतीय नागरिकों के लिए नकली फ्रांसीसी वीजा उपलब्ध कराने के धंधे में लिप्त था। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक प्रमुख एजेंट को गिरफ्तार किया है और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से तीन यात्रियों को हिरासत में लिया है। यह घटना 28 अक्टूबर को उस वक्त सामने आई जब तीनों यात्री-नवीराज सुब्रमण्यम (23), प्रभाकरण सेंथिलकुमार (28) और मोहन गांधी एलंगोवन (38) पेरिस जाने वाली उड़ान के लिए हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर आव्रजन मंजूरी के लिए पहुंचे।

# अयोध्या में बनेगा वर्ल्ड क्लास मंदिर संग्रहालय

### ❍ 18 मंडलों में खुलेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ❍ सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 19 प्रस्तावों को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया। सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कुछ समस्याओं की वजह से कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचालित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए। इसके अलावा अयोध्या में वर्ल्ड-क्लास मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। टाटा ग्रुप 52 एकड़ में संग्रहालय निर्माण और संचालन करेगा। कैबिनेट ने जेल मैनुअल में संशोधन को मंजूरी दे दी है, जिसके अनुसार अब जेलों में बंदियों को जाति के आधार पर काम नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर घाघरा पुल के पास तटबंध निर्माण, वाराणसी के डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम (सिगरा) के संचालन, प्रबंधन और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए अनुबंध को मंजूरी दे दी गई है। कैबिनेट ने प्रदूषण नियंत्रण शुल्क संशोधन-जल और वायु प्रदूषण नियंत्रण के अंतर्गत सहमति शुल्क में संशोधन को पास कर दिया है। इससे प्रदेश में उद्योग लगाने वालों, टाउनशिप तैयार करने वालों और शहरी निकायों की ओर से चलाए जा रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) के लिए जल व वायु प्रदूषण का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना और उनका नवीनीकरण करवाना महंगा होगा। उत्तर प्रदेश के विकास, प्रशासनिक सुधारों और बुनियादी ढांचे से जुड़े कुल 20 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 19 को मंजूरी मिल गई। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया। इसमें आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, खेलकूद विभाग, पर्यटन विभाग, वित्त विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग, लोक निर्माण, कारागार, गन्ना विकास विभाग, पर्यावरण जलवायु विभाग के कई प्रस्ताव पास किए गए हैं।

**मंत्रिमंडल के अन्य निर्णय**



- ❍ पर्यटन सेवा नियमावली लागू, सीधी भर्ती, पदोन्नति से भरेंगे पद
- ❍ कारोबारियों को एसजीएसटी व स्टांप पर छूट
- ❍ यूपी में जल और वायु प्रदूषण की एनओसी लेना होगा महंगा
- ❍ इंफ्रास्ट्रक्चर और नीतिगत सुधारों पर मुहर
- ❍ जेलों में जातियों के आधार पर नहीं होगा काम का बंटवारा
- ❍ कानपुर में बनेगा नया हाईटेक हॉस्पिटल
- ❍ बागपत में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र,
- ❍ बरेली और कानपुर में दो पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी
- ❍ राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले यूपी के खिलाड़ियों को मिलेगी बड़ी राहत

कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी नैदानिक सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी। यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सम्मान, सुरक्षा और समग्र सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 अक्टूबर 2025 को विभागीय कार्ययोजना के प्रस्तुतीकरण को अनुमोदित करते हुए सभी मण्डल मुख्यालयों पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र स्थापित करने की दिशा में अग्रेतर कार्यवाही के निर्देश दिए थे, जिसके बाद कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को औपचारिक स्वीकृति दे दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संचालित यह नई व्यवस्था दिव्यांगजनों के लिए सेवा-प्रदान को अधिक पारदर्शी, सुगम, समयबद्ध और प्रभावी बनाएगी। इन केन्द्रों में परामर्श, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी आवश्यक नैदानिक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे दिव्यांगजन और उनके परिवारों को उपचार एवं पुनर्वास संबंधी सहायता स्थानीय स्तर पर सुलभ होगी। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी। सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कैबिनेट ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में नये भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति की उल्टी गिनती शुरू : भूपेंद्र चौधरी

अमेठी (उप्र)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गयी है और संगठन इस बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

अमेठी के एकदिवसीय दौरे पर आये चौधरी ने पार्टी जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा की गयी। चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भाजपा संगठन पूरी तरह से पार्टी के संवैधानिक ढांचे के हिसाब से काम करता है। उन्होंने कहा केंद्रीय नेतृत्व के व्यस्त कार्यक्रम की वजह से संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया में थोड़ा विलंब हुआ है। मगर अब इसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी है और पार्टी को जल्द ही नया प्रदेश अध्यक्ष मिलेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सरकार के बीच हाल ही में हुई बैठक के बारे में पूछे गये सवालों के जवाब में चौधरी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के भावी स्वरूप के लिये जमीनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कफ सिरप मामला : बर्खास्त सिपाही आलोक गिरफ्तार

### एसटीएफ ने जारी किया था लुक आउट नोटिस, लगातार हो रही छापेमारी

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। कफ सिरप कांड में यूपी एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले में बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया है। आलोक को भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी था। आलोक सिंह के खिलाफ अलग सबूत मिलने के बाद सोमवार को ही उसका नाम लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज एफआईआर में शामिल कर लिया गया था। कहा जा रहा था कि आलोक सिंह विदेश भागने की फिराक में है। उसकी तलाश में एसटीएफ लगातार छापेमारी कर रही थी। बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह के बारे में आशंका जताई जा रही थी कि कहीं वह विदेश न भाग जाए। इसी आशंका के चलते एसटीएफ ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी करवाया था। आलोक अन्य आरोपियों के साथ पहले दुबई भी जा चुका था। अमित टाटा की गिरफ्तारी के बाद उसका नाम तेजी से सामने आया। सूत्रों का कहना है कि संरक्षण की वजह से ही वह अभी तक बचता रहा था। इस बीच सोमवार को भी बर्खास्त सिपाही के पकड़े जाने को लेकर चर्चा फैली थी। हालांकि बाद में यह बात अफवाह निकली। बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह लखनऊ का ही रहने वाला है। लेकिन उसका नाम जौनपुर की वोटर लिस्ट में भी है। कहा जा रहा है कि उसके नाम से एसआईआर का फार्म भी भरा गया है। एसटीएफ सभी बिंदुओं पर अपनी जांच कर रही है। आरोप है कि देश के कई बच्चों की जान के लिए आफत बनी प्रतिबन्धित कफ सिरप की सप्लाई कर बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह और अमित सिंह उर्फ अमित टाटा ने अरबों रुपये का खेल किया। पूर्व सांसद के बेहद करीबी बर्खास्त सिपाही का नाम गाजियाबाद में दर्ज एफआईआर...शेष पृष्ठ 14 पर

## रोकी गयी महाराष्ट्र निकाय चुनाव की मतगणना

मुंबई। महाराष्ट्र में 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनावों के लिए बंबई उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार स्थगित मतगणना 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना पहले तीन दिसंबर के लिए निर्धारित थी। हालांकि, उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद इसे 21 दिसंबर के लिए स्थगित कर दिया गया। उच्च न्यायालय ने कहा कि कुछ नगर निकायों में चुनाव कार्यक्रम में संशोधन के मद्देनजर सभी निकायों में वोटों की गिनती 21 दिसंबर को की जाए। एसईसी ने कुछ स्थानीय निकायों के लिए लंबित अपीलों के मद्देनजर वहां मतदान की तिथि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरदार पटेल ने मजबूत की आधुनिक भारत की नींव

### सीएम धामी ने 'सरदार-150 यूनिटी मार्च-सरदार गाथा' में किया प्रतिभाग

प्रमुख संवाददाता



देहरादून/वडोदरा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखना ही सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने आह्वान किया कि देशवासियों को जाति, क्षेत्र, समुदाय और भाषा के भेद से ऊपर उठकर एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी गुजरात के वडोदरा में सरदार@150 यूनिटी मार्च के अंतर्गत आयोजित सरदार गाथा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवड़िया में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर सरदार पटेल के योगदान को विश्व-पटल पर स्थापित किया है। साथ ही, रन फॉर यूनिटी जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को देश की एकता और राष्ट्रीय चरित्र के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेड़ा और बारदोली के किसान आंदोलनों में अन्याय के विरुद्ध सरदार पटेल के नेतृत्व ने उन्हें पूरे देश में लोकप्रियता दिलायी। सरदार पटेल ने अपना पूरा ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- ❍ मत्स्य पालकों के बनवायें किसान क्रेडिट (पृष्ठ-02)
- ❍ उप्र के औद्योगिक रूपांतरण की रफ्तार तेज : नंदी (पृष्ठ-02)
- ❍ सोना 1,670 रुपये टूटा, चांदी 4,360 रुपये तेज (पृष्ठ-14)
- ❍ रुपया 42 पैसे टूटकर 89.95 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
- ❍ अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत का तेल आयात घटा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर वडोदरा के निकट साधली गांव में सभा को रक्षा मंत्री ने किया संबोधित

# सरकारी धन से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू : राजनाथ

एजेंसी



वडोदरा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने उनकी योजना सफल नहीं होने दी।

सिंह ने यह भी दावा किया कि नेहरू ने सुझाव दिया था कि पटेल की मृत्यु के बाद उनके स्मारक के निर्माण के लिए आम लोगों द्वारा एकत्रित धन का उपयोग कुओं और सड़कों के निर्माण के वास्ते किया जाना चाहिए। सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकता मार्च के तहत वडोदरा के निकट साधली गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने पटेल को एक सच्चा उदारवादी और धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति बताया, जो कभी तुष्टीकरण में विश्वास नहीं करते थे। सिंह ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से (अयोध्या में) बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे। अगर किसी ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था, तो वह सरदार वल्लभभाई पटेल थे। उन्होंने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि जब नेहरू ने गुजरात में सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया तो पटेल ने स्पष्ट किया कि मंदिर एक अलग मामला है, क्योंकि इसके जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक 30 लाख रुपये आम लोगों द्वारा दान किए गए थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कहा, एक ट्रस्ट का गठन किया गया था और इस (सोमनाथ मंदिर) कार्य पर सरकार का एक भी पैसा खर्च नहीं किया गया। इसी तरह, सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए एक भी रुपया नहीं दिया। पूरा खर्च देश की जनता ने वहन किया। इसे ही असली धर्मनिरपेक्षता कहते हैं। सिंह ने कहा कि सरदार पटेल प्रधानमंत्री बन सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने पूरे करियर में कभी किसी पद की लालसा नहीं की। रक्षा मंत्री ने कहा कि नेहरू के साथ वैचारिक मतभेदों के बावजूद, उन्होंने उनके साथ काम किया क्योंकि उन्होंने महात्मा गांधी को एक वचन दिया था।

उन्होंने दावा किया कि 1946 में नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष इसलिए बने क्योंकि पटेल ने गांधी की सलाह पर अपना नामांकन वापस ले लिया था। सिंह ने कहा, 1946 में कांग्रेस के अध्यक्ष का चुनाव होना था। कांग्रेस कमेटी के अधिकांश सदस्यों ने वल्लभभाई पटेल के नाम का प्रस्ताव रखा। जब गांधीजी ने पटेल से अनुरोध किया कि वे नेहरू को अध्यक्ष बनने दें और अपना नामांकन वापस ले लें, तो पटेल ने तुरंत अपना नाम वापस ले लिया। सिंह ने किसी का नाम लिये बिना कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतें पटेल की विरासत को मिटाना चाहती थीं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका ने पटेल को इतिहास के पन्नों में एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारतीय नौसेना की कार्रवाई के डर से पाक ने घुटने टेके

एजेंसी

मुंबई। वाइस एडमिरल के. स्वामीनाथन ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना की आक्रामक कार्वाई के डर के कारण पाकिस्तान संघर्षविराम का अनुरोध करने पर मजबूर हुआ।

भारत ने इस वर्ष अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मई में ऑपरेशन सिंदूर नाम से सैन्य कार्वाई शुरू की थी। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने नौसेना दिवस से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहुत ही कम समय में 30 से अधिक जहाजों और पनडुब्बियों को अभूतपूर्व तरीके से तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि दुनिया की किसी भी नौसेना के लिए 30 युद्धपोतों का संचालन योज्ञ होना, जिन्हें चार, पांच या छह दिन के अल्प समय में तैयार करके तैनाती के लिए भेजा जा सके, एक बड़ी बात है। नौसेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख ने कहा, हमारे अग्रिम पंक्ति के जहाज, विमानवाहक पोत विक्रांत के कैरियर बैटल ग्रुप के साथ में मकरान तट पर युद्ध के लिए तैयार थे। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की आक्रामक तैनाती और रणनीतिक स्थिति में अप्रैल में एक के बाद एक सफल हथियार परीक्षण शामिल थे और ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# यूपी में जल और वायु प्रदूषण की एनओसी लेना होगा महंगा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश में उद्योग लगाने वालों, टाउनशिप तैयार करने वालों और शहरी निकायों की ओर से चलाए जा रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) के लिए जल व वायु प्रदूषण का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना और उनका नवीनीकरण करवाना महंगा होगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश जल (मल और व्यावसायिक

**कैबिनेट का फैसला**

बहिस्राव निस्तारण के लिए सहमति) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2025 और उत्तर प्रदेश वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2025 को मंजूरी दे दी। वर्ष 2008 के बाद अब दरों में इजाफा किया जा रहा है। प्रदूषण के स्तर, उद्योगों में पूंजी निवेश की रकम और आदि के मुताबिक दरों को कई श्रेणियों में बांटा गया है।

वन एवं पर्यावरण विभाग के मुताबिक केंद्र सरकार ने इस साल जनवरी में शुल्कों के दरें फिर से तय करने के निर्देश दिए थे। शुल्क की सात श्रेणियां तय की गई हैं। हर दो साल में दरों में 10 प्रतिशत का इजाफा किया जा सकता है। उद्योगों की लागत के मुताबिक शुल्क की न्यूनतम व अधिकतम सीमाएं तय की गई हैं। वहीं, प्रदूषण के स्तर को तीन हिस्से में बांटा गया है, हरा, नारंगी और लाल और इसके मुताबिक शुल्क का निर्धारण किया गया है। जल और वायु अधिनियम के मुताबिक अलग-अलग शुल्क तय किए गए हैं। 1000 करोड़ से ज्यादा का निवेश करने वाले सभी उद्योगों को अब एक स्लैब में लाया गया है। पहले 1000 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले उद्योगों को एनओसी के लिए 1.5 लाख रुपये जमा करने होते थे और 75 हजार रुपये सालाना नवीनीकरण शुल्क था। अब उन्हें प्रदूषण का स्तर हरा होने पर 1.5 लाख, नारंगी होने पर 1.72 लाख और लाल होने पर 1.95 लाख रुपये होगा। इतना ही नवीनीकरण शुल्क भी हर साल लगेगा। उद्योगों के लिए जल व वायु प्रदूषण के एनओसी व उनके नवीनीकरण की नई दरें जल/वायु पूंजीगत निवेश आरंभिक व वार्षिक नवीनीकरण शुल्क हरी नारंगी लाल 1000 करोड़ से अधिक 5 5.75 6.5 500-1000 करोड़ 1.5 1.72 1.95 250-500 करोड़ 1 1.15 1.30 50-250 करोड़ 0.75 0.86 0.94 10-50 करोड़ 0.50 0.58 0.65 1-10 करोड़ 0.20 0.23 0.26 1 करोड़ तक 0.05 0.075 0.10 (नोट - शुल्क लाख रुपये में है।) उत्सर्जित और अपचारित मल के आधार पर लगेगा शुल्क जल और वायु प्रदूषण की एनओसी अब शहरी निकायों की श्रेणियां पर नहीं बल्कि उनके द्वारा उत्सर्जन के आधार पर होगी। इसे 10 श्रेणियों में बांटा गया है। न्यूनतम उत्सर्जन 10 केएलडी रखा गया है। इसमें स्थानीय निकाय और आवासों के लिए 5000 रुपये और आवासीय इसे इतर भवनों के लिए 7500 रुपये लिया जाएगा। इसी तरह 25 एमएलडी से अधिक के लिए स्थानीय व आवासीय भवनों के लिए चार लाख रुपये जबकि आवासीय से इतर भवनों के लिए 6 लाख रुपये लिए जाएंगे। स्थापना के लिए लिया जाना वाला शुल्क वार्षिक संचालन का डेढ़ गुना होगा। इसे भी निवेश की श्रेणी के आधार पर बांटा गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि दरों में हर दो साल में पांच प्रतिशत का इजाफा होगा।

## पर्यटन सेवा नई नियमावली लागू, सीधी भर्ती व पदोन्नति से भरे जायेंगे पद

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग में प्रकाशन अधिकारियों व पर्यटन सूचना अधिकारियों के पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जाएगा। वहीं अपर जिला पर्यटन अधिकारियों के 38 पदों को पदोन्नति देकर भरा जाएगा। कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली-2025 को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके अनुसार प्रकाशन अधिकारी, अपर, जिला पर्यटन अधिकारी तथा पर्यटन सूचना अधिकारी के पदों का सृजन एवं विनियोजन किया गया है। नई नियमावली के लागू होने से पूर्व के सभी नियम, आदेश तथा दिशा-निर्देश अवक्रमित हो गए हैं। नई प्रख्यापित नियमावली के तहत पर्यटन अधीनस्थ सेवा सम्वर्ग में प्रकाशन अधिकारी, अपर जिला पर्यटन अधिकारी तथा पर्यटन सूचना अधिकारी के पद अब सीधी भर्ती तथा पदोन्नति दोनों माध्यमों से भरे जाएंगे। विभाग के

**कैबिनेट का फैसला**

अनुसार, प्रकाशन अधिकारी के पदों के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, जबकि पर्यटन सूचना अधिकारी के पदों की भर्ती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से की जाएगी। नई व्यवस्था से चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व प्रतिस्पर्धात्मक होने की उम्मीद है। नई नियमावली में नियुक्ति, सेवा शर्तों, पदोन्नति, अर्हता तथा वरिष्ठता सहित अन्य प्रशासनिक प्रावधानों का भी समावेश किया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन, अमृत अभिजात ने कहा कि यह नियमावली पर्यटन विभाग में एक समन्वित, सक्षम व आधुनिक सेवा संरचना सुनिश्चित करेगी। राज्य सरकार का मानना है कि इन सुधारों से प्रदेश में पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी और प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी।

## जेलों में अब जातियों के आधार पर नहीं होगा काम का बंटवारा

प्रदेश की जेलों (कारागारों) में अब बंदियों को जाति के आधार पर काम का वितरण नहीं किया जाएगा। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल (प्रथम संशोधन)-2025 को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। जेलों में जाति के आधार पर बंदियों को दिए जाने वाले काम को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पत्रकार सुकन्या शांता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जेलों में

**कैबिनेट का फैसला**

जाति-आधारित श्रम का विभाजन असंवैधानिक है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जेल मैनुअल में संशोधन करने का निर्देश दिया था। साथ ही कहा था कि दोषी या विचाराधीन कैदियों के रजिस्टरों से जाति का कालम हटाया जाए। हाथ से मैला उठाने या सीवर तथा सेप्टिक टैंक की सफाई जैसे कामों की अनुमति न जाए। कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे ऐसे सभी संदर्भों को हटाएं जो जाति, समुदाय, धर्म या सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा था कि जेल की व्यवस्था संविधान में निहित समानता, गरिमा और भेदभाव-रहितता के संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप हो। कैबिनेट ने जेल अभिलेखों और वारंटों से जाति के कॉलम हटाने तथा वर्गीकरण, कार्य आवंटन और सजा में छूट से संबंधित नीतियों को केवल वस्तुनिष्ठ, विधिसम्मत और सुधारात्मक मानकों पर आधारित करने के लिए मैनुअल में संशोधन किया है।

## इंफ्रास्ट्रक्चर और नीतिगत सुधारों पर मुहर

लोक निर्माण विभाग के दो प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर घाघरा पुल के क्षतिग्रस्त भाग की स्थायी मरम्मत और सुरक्षा कार्यों को मंजूरी मिली है। इसके अलावा, इन्टीग्रेटेड टाउनशिप नीति, 2005 एवं 2014 के अधीन स्वीकृत मगर अब निष्क्रिय परियोजनाओं के निरस्तीकरण और सक्रिय परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए नीति निर्धारण को भी मंजूरी दी गई है।

## कारोबारियों को एसजीएसटी और स्टांप ड्यूटी पर मिलेगी छूट

प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग करने वाले लोगों को एसजीएसटी और स्टांप ड्यूटी पर छूट दी जाएगी। इसके तहत मेरठ की मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड को 65.67 हजार का लाभ आज दिया गया। 1.5 करोड़ का लाभ पहले दिया जा चुका है। इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के तहत एक और प्रस्ताव भी पास हुआ। इसके तहत शाहजहांपुर और मथुरा की एक-एक कपंनी को लाभ मिला। बागपत में अंतरराष्ट्रीय योग केंद्र बनाने के लिए निशुल्क भूमि दी जाएगी। यह योग व आरोग्य केंद्र पीपीपी मॉडल पर बनेगा। कैबिनेट ने उद्योग निवेश प्रोत्साहन- अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 और औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुतियों को मंजूरी दी है।

## कानपुर में बनेगा नया हाईटेक हॉस्पिटल

मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि कानपुर में सिविल लाइन स्थित एक हॉस्पिटल की 45000 वर्ग मीटर नजूल (सरकारी) जमीन को अब अत्याधुनिक मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने के लिए ट्रांसफर किया जाएगा। यह फैसला हाईकोर्ट के आदेश के बाद लिया गया है। मंत्रिपरिषद ने यह जमीन कानपुर विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह जमीन सिविल लाइन स्थित दि जार्जिना मैकराबर्ट मेमोरियल हॉस्पिटल (प्लॉट 14/112) की है। इस हॉस्पिटल

**कैबिनेट का फैसले**

को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर विकसित किया जाएगा। कानपुर विकास प्राधिकरण को यह सरकारी जमीन फ्री में दी जा रही है। सामान्य तौर पर पहले राज्य सरकार के सेवा विभागों को ही नजूल भूमि मुफ्त में आवंटित की जाती थी, जबकि गैर-सेवा विभागों को जिलाधिकारी सर्किल रेट पर भुगतान करके भूमि मिलती थी। मंत्रिपरिषद ने इस मामले को अपवाद मानते हुए यह जमीन मुफ्त में देने का फैसला किया है। हालांकि यह भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में इस फैसले को नजीर (उदहारण) के रूप में नहीं माना जाएगा।

## वाराणसी के सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का संचालन अब साई को

योगी कैबिनेट ने वाराणसी में निमार्णाधीन डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा के संचालन, प्रबंधन और रखरखाव तथा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए ह्यभारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ हुए एमओयू को मंजूरी दे दी है। यह वही स्टेडियम है, जहां ह्यखेलो इंडियाह्ण योजना के तहत आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। एमओयू के तहत स्टेडियम परिसर में मौजूद खेल सुविधाओं; जैसे, भवन, ढांचे, मैदान और अन्य अवसंरचनाओं को साई को सौंपा जाएगा, ताकि यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना और संचालन सुचारु रूप से हो सके। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बनने के बाद प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिलेगा। विभिन्न आयु वर्गों और खेल विधाओं के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान की जाएगी और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न सिर्फ उत्तर प्रदेश की खेल प्रतिभा को मजबूत प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व भी और सशक्त होगा। सरकार का मानना है कि इस पहल से खिलाड़ियों के सामने भविष्य में रोजगार और खेल करियर दोनों की संभावनाएं बढ़ेंगी, साथ ही वाराणसी देश के प्रमुख खेल केंद्रों में से एक के रूप में उभरकर सामने आएगा।

## कैबिनेट में पास हुए प्रमुख प्रस्ताव

चंदौली में 4.91 अरब से 29.67 किमी सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। यह सकलडीहा, चहनियां और सैदपुर होते हुए जनपद को गाजीपुर से जोड़ेगा। काफी समय से इसकी मांग चल रही थी। अब इसे मंजूरी मिल गई है।

पेंशन विधेयक- उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी व विधिमान्यकरण अध्यादेश, 2025₹ को विधानमंडल में पेश कर अधिनियमित करने की मंजूरी प्राप्त हुई।

गन्ना उपकर अधिनियम रद्द- 1956 के गन्ना उपकर अधिनियम को निरस्त किए जाने पर सहमति बनी।

इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति-2005 एवं 2014 के तहत स्वीकृत एवं निष्क्रिय परियोजनाओं को निरस्तीकरण एवं क्रियाशील परियोजनाओं को पूर्ण कराने के लिए नीति को लागू किए जाने से रुकी हुई आवासीय परियोजनाएं पूर्ण हो सकेंगी। आर्थिक विकास को बढ़ावा भी मिलेगा।

प्रयागराज में सरकारी दफ्तरों के लिए भूमि आवंटन- उप निबंधक सदर और उप/सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालयों के लिए भूमि देने का निर्णय।

दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना की 2025 की उअक्र्रिपोर्ट को विधानमंडल में रखने से पहले राज्यपाल की अनुमति लेने का निर्णय।

# बरेली और कानपुर में दो पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी, लाखों को होगा फायदा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी कैबिनेट ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2.0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी।

बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विकसित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें भारत सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख रुपये, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख रुपये और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख रुपये शामिल है। परियोजना के पूरा होने पर बरेली में लगभग 92% आबादी, यानी करीब 9 लाख लोग, नियमित और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति से कवर हो जाएंगे। कानपुर नगर निगम क्षेत्र के ईस्ट और साउथ सर्विस डिस्ट्रिक्ट में 100% आबादी तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन विस्तार परियोजना को 31,678.88 लाख रुपये की मंजूरी मिली है। इसमें भारत सरकार का योगदान 7,610.32 लाख रुपये, राज्य सरकार का 18,264.77 लाख रुपये और नगर निगम का हिस्सा 4,566.19 लाख रुपये है।

परियोजना से कानपुर शहर के 33 वार्डों को सीधा लाभ मिलेगा और ईस्ट-साउथ जोन की पूरी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। जलजनित रोगों में भी कमी आने की उम्मीद है। दोनों परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश के दो बड़े नगरों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था अधिक विश्वसनीय और आधुनिक होगी। सरकार का मानना है कि अमृत 2.0 के तहत ये निवेश शहरी बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देंगे और करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाएंगे।

## बागपत में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि जनपद बागपत के ग्राम-हरिया खेड़ा, तहसील-बागपत स्थित 70.885 हेक्टेयर भूमि पर एक अंतर्राष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी मोड) के माध्यम से से विकसित, संचालित एवं अनुरक्षित अनुरक्षित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण विश्व में समग्न स्वास्थ्य आरोग्य पर्यटन (वेलनेस टूरिज्म) के अन्तर्गत शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं आरोग्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं आती हैं. वेलनेस टूरिज्म का उद्देश्य तनाव के स्तर को नियंत्रित करना और स्वस्थ जीवन-शैली को बढ़ावा देना है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया भर में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग एवं वेलनेस की जोड़ते हुए वेलनेस पर्यटन भारतीय पर्यटकों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा। भारत में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक एवं उत्तराखण्ड में वेलनेस पर्यटन के अनेक केन्द्र स्थापित हैं, जहाँ पर अत्यधिक संख्या में भारतीय एवं विदेशी पर्यटक स्वास्थ्य लाभप्राप्त करने तथा योग अभ्यास के

**कैबिनेट का फैसले**

लिए आते हैं। उत्तर प्रदेश में अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर का योग एवं आरोग्य केन्द्र स्थापित होने से आरोग्य पर्यटन में रूचि लेने वाले भारतीय एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योग एवं वेलनेस टूरिज्म के प्रति पर्यटकों तथा भारतीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय नागरिकों में काफी जागरूकता बढ़ी है। कोयंबटूर और केरल में योग एवं वेलनेस टूरिज्म केन्द्रों पर प्रति वर्ष लाखों की संख्या में भारतीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन होता है। योग एवं वेलनेस टूरिज्म के क्षेत्र में तमिलनाडु चेन्नई तथा कोयंबटूर- केरल का प्रमुख एवं महत्वपूर्ण स्थान है, यहाँ वेलनेस टूरिज्म के अन्तर्गत देश एवं विदेश से काफी संख्या में पर्यटक मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य लाभ हेतु आते हैं। उन्होंने कहा कि बागपत स्थित पुरामहादेव में अन्तर्राष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र के संचालित होने पर मानसिक, आध्यात्मिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ योग विज्ञान से परिचित होंगे। अन्तर्राष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र की स्थापना होने पर दुनियाभर से पर्यटकों एवं योग के प्रति उत्साही लोगों को आकर्षित करेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर काफी संख्या में रोजगार का सृजन एवं व्यवसायी गतिविधियां बढ़ेगी तथा प्रदेश के राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ वन ट्रिलियन इकोनमी के लक्ष्य की पूर्ति में सहायक होगा।

## राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले यूपी के खिलाड़ियों को बड़ी राहत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की पूरी अवधि, आवागमन के समय सहित ड्यूटी मानी जाएगी। योगी कैबिनेट के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म होंगी। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया

**कैबिनेट का फैसले**

कि अब तक अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं। उन्होंने कहा कि अब सरकार नई प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें साफ व्यवस्था होगी कि नियुक्त खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, कैंप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें, वह अवधि सेवा अवधि (ड्यूटी) मानी जाएगी। इसमें आने-जाने का पूरा समय भी शामिल होगा। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने खेल करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि राज्य का प्रतिनिधित्व भी और मजबूत होगा, क्योंकि अब उन्हें अनुमति लेने में कोई बाधा नहीं आएगी।

## बाराबंकी में थर्ड ऑप्शन में भराया जा रहा : श्याम लाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि बाराबंकी की सभी विधान सभाओं में अधिकांश मतदाताओं के गणना प्रपत्र को थर्ड ऑप्शन में सबमिट किए जाने की जांच करवाकर मानक के अनुसार गणना प्रपत्र को एडिट करवा कर फर्स्ट ऑप्शन या सेकेण्ड ऑप्शन में सबमिट कराया जाये व प्रयागराज की शहर पश्चिमी विधान सभा में मतदेय स्थल संख्या 211 के लापता मतदाताओं की तलाश किया जाये तथा जनपद मिजार्पुर, भदोही, रायबरेली, बुलंदशहर की शिकायतों को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही किया जाए जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके।

जनपद बाराबंकी में सभी विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा अधिकांश मतदाताओं के गणना प्रपत्र को थर्ड ऑप्शन में नियमों के विपरीत तरीके से सबमिट कर दिया गया है, जबकि अधिकांश मतदाताओं ने अपना नाम या अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज होने का पूरा विवरण सही ढंग से गणना प्रपत्र में भर कर बीएलओ के पास जमा कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ ऐप में एडिट का विकल्प दे दिया है। अतः बीएलओ द्वारा सबमिट किये गये सभी गणना प्रपत्र की जांच कराई जाए और थर्ड ऑप्शन में नियमानुसार एडिट करवाकर फर्स्ट ऑप्शन या सेकेण्ड ऑप्शन में सबमिट कराया जाये।

जनपद प्रयागराज, इलाहाबाद पश्चिमी

- **सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर फर्स्ट या सेकेण्ड ऑप्शन भरवाने की उठायी मांग**

विधान सभा के मतदेय स्थल संख्या 211 में 2003 की मतदाता सूची में 1501 मतदाता थे बाद में दूसरी मतदाता सूची अपलोड कर दी गई है, जिसमें केवल 696 मतदाता है। इस मतदेय स्थल से 805 मतदाता लापता हो गये जिससे मतदाताओं में बहुत परेशानी हो रही है। जनपद भदोही, भदोही विधान सभा में मतदेय स्थल संख्या 22 व 23 पर मतदाताओं द्वारा 154 गणना प्रपत्र भर कर बीएलओ के पास जमा करा दिये गये थे अब यह गणना प्रपत्र गायब हो गये है। यह गणना प्रपत्र अपलोड भी नहीं किये गये और ईआरओ के पास भी उपलब्ध नहीं है। तत्काल जांच करवाकर गणना प्रपत्र सबमिट कराया जाये। जनपद मिजार्पुर, मिजार्पुर विधानसभा क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या 29, 32, 33, 35 व 50, 83, 84, 91 में बीएलओ द्वारा सपा समर्थक मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिया नहीं गया है। ऐसे सभी गणना प्रपत्रों को लापता में सबमिट कर दिया गया है, जांच करवाकर नियमानुसार गणना प्रपत्र सबमिट कराया जाये।

जनपद रायबरेली, ऊंचाहार मतदेय स्थल संख्या 329 से 338 तक बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र की रिसीविंग नहीं दी जा रही है, जिससे मतदाताओं को भ्रम है, कि उनका गणना प्रपत्र सबमिट हो गया है अथवा नहीं। जनपद बुलंदशहर, विधान सभा में मतदेय स्थल संख्या 2 व 6 पर बीएलओ ने सपा समर्थक मतदाताओं का गणना प्रपत्र सबमिट नहीं किया तथा उक्त गणना प्रपत्र को भाजपा नेता को दे दिया गया है, मामला गम्भीर है, तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही किया जाये। केके श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह ने यह ज्ञापन सौपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# मत्स्य पालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाये जाये : निषाद

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार यथाशीघ्र धनराशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

- **प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को यथाशीघ्र भुगतान कराया जाये**

योजनाओं का लाभ देने के लिए मत्स्य पालकों के अधिक से अधिक क्रेडिट कार्ड बनवाये जाए।

जनपदीय अधिकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर ग्राम सभा के अवशेष तालाबों का शत-प्रतिशत पट्टा कराया जाना सुनिश्चित करें। मण्डल और जनपदीय स्तर पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रमों को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए।मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मत्स्य पालक कल्याण कोष का भुगतान ससमय किया जाए और मत्स्य पालकों के हित में संचालित योजनाओं का व्यापक तरीके से प्रचार-प्रसार कराया जाए। मत्स्य दुर्घटना बीमा योजना की व्यापक समीक्षा करते हुए मंत्री ने योजना से अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को आच्छादित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों के गठन के लंबित प्रस्तावों का निस्तारण एवं विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित किया जाए। डा. निषाद ने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के सर्वांगीण विकास और प्रदेश को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मत्स्य मंत्री ने कहा कि मत्स्य विभाग को उप्र को न केवल मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि शहरी क्षेत्र के शिक्षित युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रां तक मत्स्य पालन को रोजगार एवं व्यवसाय के महत्वपूर्ण आर्थिक स्त्रोत के रूप में बेहतर संभावनाओं के अवसर उपलब्ध कराना है। मत्स्य पालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए और उन्हें मत्स्य पालन की नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाए ताकि उन्हें मत्स्य पालन में किसी प्रकार की हानि न हो और अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन हो सके।

# उत्तर प्रदेश के औद्योगिक रूपांतरण की रफ्तार तेज : नंदगोपाल गुप्ता

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी में मंगलवार को एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई।

- **अगले चरण की व्यापक समीक्षा सम्पन्न**
- **मैन्युफैक्चरिंग व अवस्थापना पर विशेष बल**
- **एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से अग्रसर उत्तर प्रदेश**

इन्वेस्ट यूपी टीम ने वर्ष 2023 से राज्य के विनिर्माण क्षेत्र की विकास प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया तथा आगामी प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। मंत्री नंदी ने शून्य-त्रुटि (जीरो एरर) नीति पर बल देते हुए न्यूनतम समय में अधिकतम परिणाम के लिए तीव्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में फैक्ट्री पंजीकरण को सुदृढ़ करने, डेटा प्रणालियों में सुधार एवं औद्योगिक इकाइयों के संचालन को तेज करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। राज्यव्यापी औद्योगिक सर्वेक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जिसे नामित एजेंसियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। मंत्री ने सर्वेक्षण पद्धति, आवंटित औद्योगिक भूखंडों के उपयोग तथा औद्योगिक क्लस्टरों में प्रगति संबंधी बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए, जिस पर अधिकारियों ने अवगत कराया कि सर्वेक्षण की अंतिम समेकित रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाएगी।

भूमि उपलब्धता, औद्योगिक पार्कों के विकास, तथा लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। नोएडा, यमुना प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा एवं अन्य प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्राधिकार में भूमि अधिग्रहण एवं परियोजना प्रगति की वर्तमान स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। निवेशकों हेतु भूमि उपलब्धता एवं प्रक्रियात्मक सरलता को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए गए। इज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधार, विशेषकर रैशनलाइज्ड सिंगल विंडो एक्ट, समयबद्ध अनुमोदन तंत्र, तथा फंक्शनलिटी सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान आकृष्ट किया गया। मंत्री ने इन्वेस्ट यूपी एवं संबंधित औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को निवेशक सुगमता बढ़ाने हेतु अपने प्रयास और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

संक्षेप

## विधायक ने आगजनी के पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विधानसभा चौरी चौरा के विधायक ई .सरवन निषाद ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के गौनर के मौनहा निषाद टोला में देवानंद सिंह की झोपड़ी में आग लगने से तीन पशु और दंपति झुलस गए। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़ाया और परिवार को आर्थिक सहयोग करते हुए एसडीएम कुंवर सचिन सिंह से पीड़ित परिवार को तहसील द्वारा सहयोग करने के लिए निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि परिवार की हर संभव मदद किया जाएगा। पीड़ित परिवार के साथ मै पूरी कटिबद्धता के साथ खड़ा हूं। उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार संजय सिंह, अमित जायसवाल, शिवम शुक्ला, राहुल जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सचिवों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**गगहा, गोरखपुर।** विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत सचिवों ने आन लाइन हाजिरी व अतिरिक्त कामों के विरोध में मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दर्जनों की संख्या में पंचायत सचिव राज्य सरकार की नितियों का विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन अधिकारियों को सौपा। सचिवों ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या अक्सर बनी रहती है लोग मोबाइल पर सही तरीके से बात भी नहीं कर पाते ऐसे में आनलाइन हाजिरी अव्यावहारिक है जिसके कारण नियमित काम करने में बाधा उत्पन्न होगी इसके अलावा अतिरिक्त कामों का बोझ भी डाल दिया जाता है मुख्य कामों के अलावा अन्य विभागों के कार्य सौंप दिए जा रहे हैं जिससे कामों के बोझ का लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी का उरूवां व मदरिया में आगमन आज



**गोरखपुर।** जनपद के दक्षिणांचल में गोला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत उरूवां व मदरिया में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज यानि बुधवार को आगमन होगा। वे उरूवां क्षेत्र के मठ चचाईराम व मदरिया मंदिर पर श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। सीएम के संभावित आगमन की सूचना पर भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने मंगलवार की अपरान्ह उरूवा के मठ चचाईराम व मदरिया कुटी पर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। देर शाम तक सीएम के आगमन की अधिकारिक सूचना नहीं आयी है। जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व विधायक राजेश त्रिपाठी के अनुसार दोनों जगहों पर सीएम करीब 20-20 मिनट उपस्थित रहेंगे।

नगर पंचायत उरूवां क्षेत्र अन्तर्गत मठ चचाईराम के महंत पंचानन पुरी महराज बीते 16 नवंबर को हृदय गति रूकने से ब्रह्मलीन हो गए थे। इसके बाद 28 नवंबर को उनके उत्तराधिकारी प्रणव पुरी को चचाईराम का महंत नियुक्त किया गया। इससे पूर्व 25 अक्टूबर को मदरिया कुटी के महंत डा रामजी दास महाराज गो लोकवासी हो गए थे। 7 नवंबर को उनके उत्तराधिकारी श्रीशदास महराज कुटी के महंत बने। दोनों महंत के महाप्रणाय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की थी। अब सूचना है कि मुख्यमंत्री इन दोनों मठों पर आयोजित शोक सभा में शामिल होंगे। चचाईराम मठ आगमन के लिए हैलीपैड बन कर तैयार हो गया है जबकि मदरिया कुटी पर हेलीपैड का अस्थायी निर्माण कराया जा रहा है। वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा मठ और समाधि स्थल तक जाने के रास्तों को दुरूस्त कराया जा रहा है। मंदिर परिसर की साफ सफाई का काम तेजी से चल रहा है। जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी के साथ विधायक त्रिपाठी ने वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था, सीएम के फ्लीट पार्किंग व्यवस्था, सफाई व्यवस्था आदि का हाल जाना। विधायक त्रिपाठी ने बताया कि मदरिया में मुख्यमंत्री सबसे पहले ब्रह्मलीन महंत को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मंदिर दर्शन करेंगे। तत्पश्चात महंत श्रीशदास से मुलाकात का कार्यक्रम है। सीएम के आगमन की अब तक आधिकारिक सूचना न आने के बावजूद दोनों स्थानों पर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। विधायक त्रिपाठी ने बताया कि रात तक प्रोटोकाल आने की उम्मीद है। इस दौरान गोला के एसडीएम अमित जायसवाल, सीओ दरवेश कुमार, बड़हलगंज चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व उरूवां चेयरमैन प्रतिनिधि नवीन कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, ब्लाक प्रमुख राम अशीष राय, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, भाजपा नेत्री अस्मिता चंद, जिपंस मायाशंकर शुक्ल, सृंजय मिश्रा, श्याम नारायण दूबे, मनोज शुक्ला, हरिकेश राम त्रिपाठी, राजाराम कन्नौजिया, नीरज दूबे, कृष्णपाल सिंह, कमलेश पटेल, अरूण कुमार सिंह, रतन प्रकाश दूबे, राजकुमार हिंदुस्तानी, आलोक तिवारी, देवश निषाद, बृजेश वर्मा, विजेन्द्र तिवारी, दुर्गेश मिश्रा, अखण्ड शाही व संदीप सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब ने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का किया सम्मान

**इटावा।** प्रेस क्लब ने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री नितिन तिवारी और कोषध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी का प्रेस क्लब सभागार में सम्मान किया, सम्मान समारोह का कार्यक्रम प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, प्रेस क्लब के महामंत्री विशुन कुमार यादव नाम मंच संचालन करते हुए प्रेस क्लब और डीबीए के आपसी संबंध की चर्चा की, स्वागत सम्मान की श्रृंखला में प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारीयों ने डीबीए के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष को पुष्प माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देते हुए सम्मान किया।

जिला बार एसो. के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज की उस भूमिका में है जहां भ्रष्टाचार से लेकर विभिन्न मुद्दों पर लड़ाई लड़ रहा है, और उसमें जिला बार एसोसिएशन की भी लड़ाई एक समान है, इसलिए हम दोनों का लक्ष्य एक ही है, इस प्रकार से जिला बार एसोसिएशन का सहयोग प्रत्येक पत्रकार के साथ हमेशा रहा है और भविष्य में भी रहेगा, पत्रकारों का उत्पीड़न भी जिला बार एसोसिएशन बर्दाश्त नहीं करेगा। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप शर्मा उर्फ दोस्त ने कहा कि पत्रकारों को हमेशा जिला बार एसो.का सहयोग मिलता रहा है और पूर्व से लेकर अब तक अधिवक्ता और पत्रकार का कई मंचों पर एक साथ रहे हैं। समापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य ने किया। सम्मान करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार वीरेश मिश्रा, बृजेश शुक्ला, संजय सक्सेना, रमेश यादव, महाराज सिंह भदौरिया, मुन्ना भदौरिया, रवि बघेल, मानवेंद्र शर्मा, वीपी सिंह, प्रेम सिंह शाक्य, अनिल कुमार, विनीत कुमार, रामनाथ यादव, अमित वर्मा, रवि कुमार, विष्णु कुमार, प्रमोद गुप्ता, निहाल, अदनान, राजीव शर्मा, उवैश चैधरी,




प्रेरणा जुबैरी, रजत सिंह, नीलकमल रहे और सभी तहसीलों से प्रेस क्लब के पदाधिकारी, सभी प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता, ब्यूरो चीफ और जनपद के वरिष्ठ पत्रकार भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिलाध्यक्ष व विधायक ने जांची व्यवस्था



उरुवा, गोरखपुर। उरुवा के मठ चचाईराम में बुधवार को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चल रही तैयारियों का भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व विधायक राजेश त्रिपाठी ने जायजा लिया। तथा व्यवस्था में जुटे लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तीन दिसंबर को मठ चचाईराम पर आगमन की सूचना पर अस्थाई हेलीपैठ व सड़क का निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार की अपरान्ह भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व विधायक राजेश त्रिपाठी ने हेलीपैड और सड़क निर्माण का जायजा लिया। पुलिस-प्रशासन से कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा-व्यवस्था समेत अन्य इंतजाम की जानकारी ली। साथ ही मदरिया मंदिर पर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी व विधायक श्री त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मठ चचाईराम पर लगभग 20 मिनट रहेंगे। वे दोपहर दो बजे हेलीकॉप्टर से मठ चचाईराम पहुंचेंगे। वहां पहुंचते ही ब्रह्मलीन महंत पंचानन पुरी जी महाराज की समाधिपर श्रद्धांजलि देंगे और फिर ब्रह्मलीन महंत के उत्तराधिकारी महंत प्रणव पुरी जी महाराज से बातचीत करेंगे। इसके बाद इसी तहसील क्षेत्र के मदारिया मंदिर पर ब्रह्मलीन महंत रामजी दास को भी श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे। इस अवसर पर महंत प्रणव पुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नवीन कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र तिवारी, अभितोष उर्फ सोनू गिरी, महेश उमर, आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, वेद प्रकाश सिंह, अभिमन्यु सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, विकास पाठक सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पुरस्कार पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिले

**इटावा।** समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के अन्तर्गत समस्त विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के सामाजिक एवं मानसिक विकास हेतु विकास खण्ड स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा एवं खंड शिक्षा अधिकारी जसवन्तनगर गिरीश कुमार के द्वारा ब्लांक संसाधन केन्द्र बीआरसी पर किया गया। दिव्यांग बच्चों के खेलकूद का शुभारम्भ पीटीआई राजेश जादौन, राहुल कुमार, आलोक सिंह के द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण कर तथा खेलकूद को हरी झंडी दिखाकर की गयी। ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मूकबधिर बच्चों के लिए चित्रकला, नीबू चम्मच, कबड्डी, 100 मी. दौड़, मानसिक मन्द बच्चों के लिए 50 मी. दौड़, गुब्बारा फोड, म्यूजिक चेयर रेस, शारीरिक दिव्यांग बच्चों के लिए 50 मी. दौड, बहु दिव्यांग बच्चों हेतु गुब्बारा फोड आदि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज इस कार्यक्रम में जसवन्तनगर के विभिन्न गॉवों से आयें कुल 52 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। जसवन्तनगर ब्लाक से दिव्यांग बच्चों के नोडल शिक्षकगण अनिल कुमार, सीमा भारती, राजीव कुमार, हेमलता साथ में स्पेशल एजुकेटर सत्य नारायण प्रसाद, अनिल कुमार, अवधेश कुमार, सच्चिदानन्द पांडेय, रामकुमार यादव, अवधेश सिंह, राजेश कुमार, सनेश कुमार, आकृति गौर, अम्बिका गौर के द्वारा दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को देखा एवं सराहा और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया

# सुघर सिंह नर्सिंग कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित

**जसवंतनगर, इटावा।** चौ. सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के परिणाम घोषित हो गए, जिसमें एएनएम, जीएनएम और बी.एससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। एएनएम प्रथम वर्ष (बैच 2024-25) में अर्पिता ने 702 (87.52ः) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान रश्मि वर्मा 688 (86ः) के नाम रहा। शिवानी व प्रांजलि तिवारी ने 677 (84.62ः) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एएनएम द्वितीय वर्ष (बैच 2023-24) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अंकाक्षा ने 550 (91.6ः), द्वितीय स्थान तनु ने 544 (90.6ः) व तृतीय स्थान शिवांगी ने 539 (89.83ः) प्राप्त किया। जीएनएम प्रथम वर्ष (बैच 2024-25) में स्नेहा 412/500 अंक से प्रथम, रिया 412/500 व नेहा दुबे 403/500 के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय और गुनयन 400/500 के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। जीएनएम द्वितीय वर्ष (बैच 2023-24) में प्रथम स्थान अंजलि ने 603/600 (86ः), द्वितीय स्थान मुस्कान ने 595/600 (85ः) तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अमृता और यश ने 588/600 (84ः) अंक प्राप्त कर हासिल किया। जीएनएम तृतीय वर्ष (बैच 2022-23) में प्रथम स्थान काजल ने 544/600 (90ः), द्वितीय स्थान मीनू ने 538/600 (89.66ः) तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से दीपशिखा और कंचन ने 536/600 (89ः) अंक प्राप्त कर हासिल किया। बी.एससी नर्सिंग 7वें सेमेस्टर (बैच 2021द्द22) में प्रथम स्थान अंकाक्षा पाल ने 422/500 (84.04ः), द्वितीय स्थान श्रष्टी यादव ने 418/500 (83.6ः) और तृतीय स्थान दिव्या कुशवाहा ने 417/500 (83.4ः) अंक प्राप्त कर हासिल किया। बेहतर परीक्षा परिणामों पर संस्थान के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता कॉलेज में दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। वहीं संस्था की निदेशक डॉ. रीमा शर्मा ने कहा कि कॉलेज केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण, हॉस्पिटल अनुभव और प्लेसमेंट के अवसर देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, ताकि हर विद्यार्थी को बेहतर रोजगार प्राप्त हो सके और वे स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। परिणाम घोषित होने के बाद पूरे कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी टॉपर्स को कॉलेज परिवार की ओर से हार्दिक बधाई दी गयी।



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**पत्रांक : 513/न.पा.परि.गोला/2025-26** **दिनांक : 02.12.2025**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय व/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अतः नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा और तद्नुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी । विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | मोहल्ला | वार्ड सं. | भूमि भवन का विवरण | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति के स्वामी / विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोकर्णवार्ड | 3 | आवासीय प्लाट | श्री यज्ञदत्त पुत्र जमुनादीन | श्रीमती मधु पत्नी स्व. राममूर्ति | विक्रय-पत्र |
| 2 | गोकर्णवार्ड | 22 | आवासीय मकान | श्री रूपराम वर्मा पुत्र बल्देव प्रसाद | श्रीमती नीरज वर्मा पत्नी दिनेश वर्मा | दान-पत्र |
| 3 | भूड़वार्ड | 17 | दुकान पक्की | डॉ. हरिओम सेठी पुत्र पेशोरीलाल सेठी | श्रीमती रश्मि सेठी पत्नी डॉ. हरिओम सेठी | दान-पत्र |
| 4 | कुम्हारन टोला | 1 | आवासीय प्लाट | श्रीमती दलवीर कौर पत्नी निरंजन सिंह | श्रीमती राधा गुप्ता पत्नी अवनीश गुप्ता | विक्रय-पत्र |
| 5 | प.दी. | 16 | भू-भाग | श्री नरेशचन्द शुक्ल पुत्र स्व. हरद्वारीलाल शुक्ल | श्रीमती शकुन्तला पत्नी राजेन्द्र प्रसाद | विक्रय-पत्र |
| 6 | प.दी. | 16 | भू-भाग | श्रीमती शकुन्तला पत्नी राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव | श्री शिवकेश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव | वरासत |
| 7 | प.दी. | 16 | दुकान पक्की | श्री सुनील कुमार पुत्र हेमराज व अश्वनी कुमार पुत्र हरद्वारीलाल | श्री रामसिंह पुत्र मथुरा प्रसाद | विक्रय-पत्र |
| 8 | प.दी. | 16 | दुकान पक्की | श्री रामसिंह पुत्र मथुरा प्रसाद | श्रीमती रोली मिश्रा पत्नी दिनेश कुमार मिश्रा | विक्रय-पत्र |
| 9 | मुन्नूगंज | 12 | मकान/प्लाट | श्री हरीश कुमार शर्मा पुत्र स्व. जगदीशलाल शर्मा | श्रीमती साधना शर्मा पत्नी हरीश कुमार शर्मा | दान-पत्र |
| 10 | पूर्वी दी. | 13 | आवासीय मकान | श्रीमती गुड्डी पत्नी राजेश कुमार | श्रीमती विमला पत्नी रामनिवास | विक्रय-पत्र |
| 11 | गोकर्णवार्ड | 19 | मकान पक्का | श्री कालिका गिरि पुत्र प्रभू गिरि | श्री रावेंद्र गिरिपुत्र स्व. कालिका गिरि व मंजू गिरि पत्नी स्व. जितेंद्र गिरि, शिवम गिरि, जतिन गिरि पुत्रगण स्व. जितेंद्र गिरि व अमित गिरि पुत्र स्व. नरेंद्र गिरि व गायत्री गिरि पत्नी स्व. प्रदीप गिरि व परी गिरि पुत्री स्व. प्रदीप गिरि व प्रिंस गिरि पुत्र स्व. प्रदीप गिरि | वरासत |
| 12 | गोकर्णवार्ड | 19 | मकान पक्का | श्री अनिल गिरि पुत्र नरेंद्र गिरि | श्रीमती सीमा गिरि पत्नी स्व. अनिल गिरि व करन गिरि पुत्र स्व. अनिल गिरि व भूमि गिरि पुत्री स्व.अनिल गिरि | वरासत |
| 13 | गोकर्णवार्ड | 6 | मकान पक्का | श्रीमती उर्मिला गुप्ता पत्नी कामेश्वरदयाल गुप्ता | श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी स्व. राकेश गुप्ता व कु. मुस्कान गुप्ता पुत्री स्व. राकेश गुप्ता, कुव राधिका गुप्ता पुत्री स्व. राकेश गुप्ता ना.बा. संरक्षिका संगी माता आशा गुप्ता पत्नी स्व. राकेश गुप्ता | वरासत |
| 14 | कुम्हारन टोला | 4 | मकान-पक्का व दुकान | श्री राधेश्याम पुत्र कामता प्रसाद | श्रीमती नीतू मिश्रा पत्नी राजेंद्र प्रसाद मिश्र | वसीयत |
| 15 | मुन्नूगंज | 9 | भू-भाग | श्री चंद्रभाल पुत्र जवाहरलाल | श्री ओमकार वर्मा, अवधेश कुमार, सतीश कुमार, मुकेश कुमार पुत्रगण स्व. चंद्रभाल | वरासत |
| 16 | भूड़वार्ड | 7 | भू-भाग | श्री संतकुमार बाजपेयी पुत्र स्व. बनवारीलाल | श्रीमती सुशीला बाजपेयी पत्नी विजय कुमार | दान-पत्र |
| 17 | मुन्नूगंज | 5 | मकान पक्का व अहाता | श्री प्रेमचंद गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता | श्रीमती सुरजा देवी पत्नी स्व. प्रेम चंद गुप्ता व रूपकमल नवनीत कुमार गुप्ता, नीलकमल गुप्ता पुत्रगण स्व. गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता | वरासत |
| 18 | मुन्नूगंज | 12 | आवासीय प्लाट | श्रीमती मायादेवी पत्नी स्व. मोहनलाल व प्रदीप कुमार पुत्र स्व. मोहनलाल | श्री सुशील कुमार पुत्र ओमप्रकाश | विक्रय-पत्र |
| 19 | प.दी. | 11 | मकान पक्का व दुकानें | श्री दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र स्व. कैलाशनाथ | श्रीमती ज्योति गुप्ता पत्नी स्व. दिलीप कुमार गुप्ता व नितिन कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता पुत्रगण स्व. दिलीप कुमार गुप्ता | वरासत |
| 20 | कुम्हारन टोला | 1 | मकान पक्का व बरामदा | श्रीमती प्रेमवती पत्नी स्व. परमेश्वरदीन | ललिता देवी पुत्री स्व.परमेश्वरदीन व किरन पुत्री स्व. परमेश्वरदीन | वरासत |
| 21 | प०दी० | 16 | आवासीय प्लाट | श्री गौरव गुप्ता पुत्र फूलचंद गुप्ता बहैसियत पंजीकृत मुख्तारेआम भूखण्ड स्वामी फूलचंद गुप्ता पुत्र बाबूराम | श्रीमती सावित्री देवी पत्नी बसंतलाल श्रीवास्तव | विक्रय-पत्र |
| 22 | मुन्नूगंज | 12 | मकान पक्का | श्रीमती वीरावली मल्होत्रा पत्नी स्व. मेहरचन्द मल्होत्रा | श्रीमती प्रेम मल्होत्रा पत्नी स्व. चमनलाल मल्होत्रा, गगन मल्होत्रा पुत्र स्व. चमनलाल मल्होत्रा व सुमन मल्होत्रा पत्नी स्व. जगमोन लाल मल्होत्रा, ऋषि मल्होत्रा, शोभित मल्होत्रा पुत्रगण स्व. जग मोहनलाल मल्होत्रा व गुलशन मल्होत्रा पुत्र स्व. मेहरचन्द मल्होत्रा व नीतू खन्ना, रुचि सेठी पुत्रीगण स्व. राजेंद्र मल्होत्रा | वरासत |
| 23 | भूड़वार्ड | 17 | भू-भाग | श्री दीपक कुमार व सुधीर कुमार पुत्रगण स्व. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता | श्रीमती सरोज देवी पत्नी ओमकार | विक्रय-पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

संक्षेप

## युवक का शव पेड़ से लटका मिला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेड़ में सोमवार देर शाम 35 वर्षीय युवक का शव खेत में एक पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्राम भदेड़ निवासी दिनेश का 35 वर्षीय बेटा संदीप सोमवार शाम घर से खेत की ओर गया था। देर रात तक वापस न आने पर परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुट गए। खोजबीन के दौरान भदेड़ के मजरा भदेड़ा गांव के निकट आश्रम के पास खेत में स्थित एक शीशम के पेड़ पर संदीप का शव लटका मिला।

## गन्ना लदी ट्राली पलटी, दो घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मिल यार्ड तिराहे के पास गन्ना लदी ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे डिवाइडर पर बैठे पंकज और राजा गन्ने की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पर कोतवाल अम्बर सिंह टीम के साथ पहुंचे और क्रेन बुलवाकर ट्राली को हटवाया। घायलों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार मिला। घटना की जानकारी पर विधायक अमन गिरि और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू पर पहुंचे और राहत कार्यों में सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने मिल प्रबंधन पर देर से पहुंचने को लेकर नाराजगी जताई। बाद में मिल कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## एम्बुलेंस और बाइक की टक्कर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला बांकेगंज रोड पर मंगलवार को एम्बुलेंस और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में ग्रंट लंदनपुर निवासी अमरीश कुमार और उनके साले विकास निवासी कोठीपुर बांकेगंज बुरी तरह घायल हुए। एक युवक के सिर में गहरी चोट आई। दोनों को तत्काल सीएचसी बांकेगंज में भर्ती कराया गया।

## बाहर से बंद मकान में मिला अधेड़ का शव हत्या की आशंका

तिकुनियां-खीरी। कस्बे के बगिया मोहल्ला में एक अधेड़ नरेंद्र पंत 50 का शव बाहर से ताला लगाकर बंद किए गए मकान में मिला है। अधेड़ की पहचान शव सड़ने के चलते चेहरा स्पष्ट न होने पर उसके कपड़ों से मोहल्ले वालों ने नरेंद्र पंत उर्फ बबलू डान के नाम से की है। मोहल्ले वालों के अनुसार नरेंद्र पंत की हत्या की गई है। पुलिस ने मकान में बाहर से लगा हुआ ताला तोड़कर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम को भेजने की तैयारी कर रही है। मोहल्ले वालों ने बताया कि नरेंद्र पंत वर्षों से मोहल्ले में रह रहा था। माता-पिता नहीं है। इनके भाई भुवन चंद पंत तथा भाभी वर्षों पहले उत्तराखंड चले गए वहीं रहते हैं। मृतक 3 साल पहले समाचार पत्र वितरण का काम करता था इसके बाद खोखे में पान की दुकान खोल रखी थी। मोहल्ला वालों ने बताया कि बीते 21 नवंबर से दुकान बंद चल रही थी इसके बाद सोमवार को नरेंद्र पंत के मकान से बदबू फैलने लगी जिससे मोहल्ले वाले चिंतित हुए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे एसआई आलोक राय ने मकान का ताला तोड़कर शव को बाहर निकलवाया, शव के ऊपर रजाई गद्दा व ऊपर एक चारपाई और मौके पर पत्थर पड़े थे। चेहरा बुरी तरीके से सड़ चुका और अस्पष्ट था। फिलहाल पुलिस ने बताया शव पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अन्नदाता किसानों के लिए मुसीबत बन रही खाद



जिला संवाददाता(vol)

- सरकारी समितियों पर खाद की किल्लत, प्राइवेट दुकानदार महंगे दामों में बेंच रहे खाद
- सरकारी मंशा पर पानी फेर रहे जिम्मेदार, नेता व अधिकारियों के गठजोड़ में पिस रहा किसान

धौरहरा खीरी। सरकार चाहे जिस दल की रही हो लेकिन हर बार सरकारी नुमाइंदों की पहली प्राथमिकता में शुमार किसान अपनी फसल बेचने से लेकर उर्वरक खरीदने तक सरकारी मुलाजिमों ने निशाने पर रक्खा इसी की बानगी निम्न हैं। जानकारी के मुताबिक केन्द्र से लेकर प्रदेश में चाहें जिस दल व पार्टी की सरकार बने सरकार से लेकर दरबार तक हर बार निशाने पर सिर्फ अन्नदाता किसान ही रहा क्योंकि अन्नदाता किसानों को खुस करने के लिए नेता चाहे जितने दावे करें लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही।

वर्तमान समय में अन्नदाता अपनी फसल बेचने के लिए बिचौलिए के हाथों औने-पौने दामों पर बिवश है क्षेत्र में कही भी खरीद केंद्र दिखाई नहीं दे रहे हां कागजों पर जरुर संचालित है दूसरी तरफ किसान को खेतों में डालने के लिए विभिन्न प्रकार की उर्वरक खादे समितियों की जगह निजी दुकानदारों से ऊंचे दरों पर खरीदना पड़ रहा है। बीतें पूरे सीजन में यूरिया के लिए लोग लाईन में भूखों प्यासें लगें रहें और तो और वर्तमान समय में भी अन्नदाता निजी दुकानों से 500 रुपए में यूरिया खाद के साथ सल्फर पैकेट खरीदने को बिवश है। धौरहरा कस्बे की दुकान से खरीदी गई यूरिया लेकर जा रहे किसान का वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इस प्रकार के वीडियो जिले के राजनेताओं से लेकर अधिकारियों की कारगुजारियों को स्थिति को साबित करने के लिए काफी है। इस सम्बन्ध में जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया एडीओ को भेजकर मामले की जाँच कराते है सूचना सही होने पर कार्यवाही की जाएगी।

## परमिशन के बिना यात्रा निकालने पर पुलिस ने लगायी रोक

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में मिशन जय भीम कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान सम्मान संकल्प यात्रा निकालने को लेकर प्रशासन द्वारा परमिशन न मिलने पर सड़क पर बैठ जाने से अफरा तफरी मच गई जिन्हें रोकने के लिए पुलिस को कई थानों का फोर्स बुलाना पड़ा है जिससे संगठन के लोग नाराज हो गए और समझाने पर यात्रा को स्थगित कर दिया है।

मिशन जय भीम के जिला अध्यक्ष सुशील कनौजिया के नेतृत्व में दयाराम कनौजिया रोहित गौतम सुमित कनौजिया समेत सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बैठक कर यात्रा निकालने के लिए परमिशन के लिए आवेदन किया था जिसे एसडीएम ने किसी संस्था से जुड़े अन्य संगठन के चलते निरस्त कर दिया जिससे कार्यकर्ताओं मैं रोज फैल गया और उन्होंने जबरन यात्रा निकालने का संकल्प ले लिया जिसके चलते मंगलवार को 2 बजे करीब कार्यकर्ताओं के साथ मोहम्मदपुर कला में हाईवे के किनारे बने अंबेडकर पार्क में एकत्र होकर यात्रा निकालने का प्रयास करने लगे जिसकी भनक लगते ही सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक उमेश चौरसिया, पसगवां और उचौलिया थाने का पुलिस बल ने घटनास्थल को छावनी में बदल दिया और हाईवे जाम करने के मंसूबे पर पानी फेर दिया प्रशासन और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर बाद विवाद होता रहा जिसके बाद कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम रद्द करना पड़ा जिससे उनमें रोष फैल गया है उन्होंने प्रशासन पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। सीओ के अनुसार यात्रा निकालने के लिए कार्यकर्ताओं के पास परमिशन नहीं था जिसके चलते उन्हें रोका गया है।

## दुधवा में मिला अत्यंत दुर्लभ व संकटग्रस्त प्रजाति का कैलोट्रोपिस आकिया का पौधा

पलियाकलां खीरी। यह सर्वविदित है कि दुधवा टाइगर रिजर्व पूरे विश्व में अपनी जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। इसलिए यहां पूरे देशभर से शोधार्थी प्रायः ही शोध कार्य हेतु आकृष्ट हो रहे हैं। दुधवा की जैव विविधता, इसके प्रति शोधार्थियों का आकृषण एवं प्रायः ही प्रकाश में आ रहे। सुरेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी, दक्षिण सोनारीपुर रेंज को पैदल पेट्रोलिंग के दौरान एक भिन्न प्रजाति का फूलों से युक्त पौधा दिखाई दिया। हालांकि उसके पत्ते अवश्य जाने पहचाने लगे, परंतु पौधे के पुष्प पूरी तरह से भिन्न एवं नवीन लगे। सुरेन्द्र कुमार द्वारा पौधे एवं फूल के फोटोग्राफ लिए गए तथा उनके बारे में अध्ययन किया। पौधे के बारे में गहन अध्ययन उपरांत यह ज्ञात हुआ कि यह पौधा अत्यंत दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजाति का है। इसका नाम कैलोट्रोपिस आकिया है। आकिया जिसे हम मदार के नाम से भी जानते हैं। वैसे तो पूरे विश्व में आक की मात्र 3 प्रजातियां पाईं जाती हैं जिसमें से 2 प्रजातियां कैलोट्रोपिस जाइजेंटिया और कैलोट्रोपिस प्रोसेरा लगभग हर स्थान पर सामान्य रुप से मिल जाती हैं। उपरोक्त प्रजातियों में से तीसरी प्रजाति कैलोट्रोपिस आकिया जो पहली बार दुधवा में दिखाई दी है। यह मुख्य रूप से हिमालय की तलहटी और उससे लगे वनों में पाई जाती है। उप निदेशक श्री जगदीश आर0 का कहना है कि वैसे तो दुधवा टाइगर रिजर्व वन्य जीवों के साथ-साथ अलौकिक वनस्पतियों से परिपूर्ण है।



## एड्स जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 6 द्वारा प्राथमिक विद्यालय विलियमगंज में एकदिवसीय एड्स जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ रविंद्रनाथ वर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर की। उन्होंने एड्स के संक्रमण, लक्षण, बचाव और सुरक्षित रक्त चढ़ाने तथा गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वायरस प्रतिरोधक क्षमता को धीरे धीरे कमजोर करता है और इसके प्रमुख लक्षण कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं। शिविर के पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर लोगों को एड्स से बचाव संबंधी जानकारी दी और जागरूक किया। इस मौके पर डॉ सतेन्द्र कुमार, डॉक्टर अनूप कुमार सहित सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## मूकबधिर विद्यालय के 50 वर्ष पूरे

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। आदर्श मूकबधिर विद्यालय लखीमपुर के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार तोलानी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिव्यांग बच्चों की वर्तमान स्थिति, उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं और संस्थान के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज के सक्षम वर्ग से हृदयस्पर्शी अपील की कि वे आगे आकर इन विशेष बच्चों के उज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग की भूमिका निभाएं।

संचालन कर रहे एडवोकेट आर्येन्द्र पाल सिंह ने विद्यालय विकास में तोलानी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस सत्र में दिव्यांग बच्चों के लिए किए गए प्रयास धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने संस्थान के संस्थापक प्रधानाचार्य रामदुलारे वर्मा की दशकों की अथक साधना को भी नमन किया, जिन्होंने मूकबधिर बच्चों की शिक्षा की नींव अपने आदर्शों और समर्पण से रखी। इस संदर्भ में विद्यालय के संस्थापक राम दुलारे वर्मा ने बताया कि 1976 आदर्श मूक बधिर विद्यालय की स्थापना सन 1976 में की गई।पहले शहर में कई जगह किराए पर विद्यालय चला। 1981 में तत्कालीन डीएम ने विलोबी ट्रस्ट से 1981 में जमीन दिलवाई।1982 में विद्यालय का निर्माण शुरू किया गया। आज 50 वर्ष पूरे हो चुके है। 50 बच्चों की संख्या वर्तमान विद्यालय में है। बीलोबी मेमोरियल स्थित मूकबधिर विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 11 बजे से आरंभ होने वाले इस समारोह में डीएम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। अवसर पर विशिष्ट रूप से रामदुलारे वर्मा, सुरेन्द्र कुमार तोलानी, आर्येन्द्र पाल सिंह, गुरजीत सिंह जुनेजा, सरोज वर्मा, नीरज वर्मा आदि सहित मौजूद रहे।

## सड़क किनारे बोरे में मिला युवक का अधजला शव, क्षेत्र में हड़कंप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के छितौनिया, बेहड़ा और कैथोला के बीच मंगलवार को सड़क किनारे एक बोरे में युवक का अधजला शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही सीओ रमेश कुमार तिवारी और थाना प्रभारी सुनील मलिक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या करने के बाद शव को बोरे में भरकर पेट्रोल डालकर जलाया गया, ताकि उसकी पहचान न हो सके। कुछ घंटों बाद शव की पहचान मोहल्ला वीरेंद्र नगर कॉलोनी निवासी सोहेल खान पुत्र फारूक के रूप में हुई। पहचान उसके भाई सुएब ने की। परिजनों के अनुसार सोहेल सोमवार शाम घर से निकला था और रात भर तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम सोहेल को एक युवक के साथ स्कूटी पर जाते देखा गया था। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि उस संदिग्ध की पहचान की जा सके। इस मामले की गंभीरता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि लगभग 11 माह पहले 14 दिसंबर को नगरा सलेमपुर में उमेश वर्मा की हत्या के मामले में सोहेल भी नौ आरोपियों में शामिल था और वह न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। पुलिस इस पहलू को भी जांच के दायरे में रख रही है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि वह कुछ समय से गलत संगत में पड़कर नशे का आदी हो गया था, जिससे घर वाले बेहद परेशान रहते सीओ रमेश तिवारी ने बताया कि हत्या की इस संगीन वारदात में हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपितों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।



## अधीक्षक की छवि धूमिल करने का प्रयास आरोपी के खिलाफ तीसरा मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के अधीक्षक के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार गलत, भ्रामक और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने सीएचसी अधीक्षक डा गनेश कुमार की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ आईटी एक्ट में तीसरा मुकदमा दर्ज किया है। अधीक्षक ने बताया कि आरोपी इससे पहले भी दो बार इसी प्रकार की शिकायतों में नामजद हो चुका है। तहरीर में डा0 गनेश कुमार ने बताया कि मनुज कुमार बाजपेई निवासी लक्ष्मीनगर गोला लंबे समय से सोशल मीडिया पर उनके विरुद्ध झूठी, भ्रामक और समाज में गलत संदेश फैलाने वाली सामग्री वायरल करता रहा है। पूर्व में दर्ज मुकदमा संख्या 721/23 और 350/24 में भी आरोपी के खिलाफ ऐसी ही हरकतों का जिक्र किया गया था, लेकिन आरोपी ने अपनी गतिविधियों में सुधार न करते हुए लगातार भ्रामक पोस्टें डालना जारी रखा। अधीक्षक ने यह भी बताया कि 18 नवंबर 2025 की रात लगभग ढाई बजे जब वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे, तब आरोपी ने रास्ते में रोककर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी की लगातार धमकियों से वह स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनके जीवन को वास्तविक खतरा उत्पन्न हो गया है। मौके पर उपस्थित लोगों ने हस्तक्षेप कर उन्हें सुरक्षित पहुंचाया। सीएचसी अधीक्षक डा0 गनेश कुमार ने विवादित पोस्टों के स्क्रीनशॉट, लिंक और आधार की छायाप्रति भी पुलिस को साक्ष्य के रूप में उपलब्ध कराए हैं। उच्चाधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह को सौंपी है।

## भारत स्काउट और गाइड की डायमंड जुबली का ग्रांड फिनाले सम्पन्न



- कृषक समाज की गाइड टीम राष्ट्रीय स्तर पर रही प्रथम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत स्काउट और गाइड की डायमंड जुबली का ग्रांड फिनाले तथा 19वीं जंबूरी का भव्य आयोजन लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 23 से 29 नवंबर तक हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भारत सहित एशिया पेसिफिक देशों के 35 हजार से अधिक स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया।

जनपद खीरी से भी विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं स्काउट प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के आदेशानुसार जिला सचिव डॉ. के. सी. मिश्रा के नेतृत्व तथा लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री एवं विष्णु दत्त भार्गव के दिशा-निर्देशन में जंबूरी में सम्मिलित हुए। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला के स्काउट प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि कॉलेज से चार स्काउट और छह गाइडों का दल शिक्षिका आरती गुप्ता के साथ कार्यक्रम में शामिल हुआ। जंबूरी के दौरान स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों के लिए एडवेंचर गतिविधियाँ, कलर पार्टी, बैंड प्रदर्शन, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड प्लाजा व क्राफ्ट मेकिंग जैसी अनेक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में प्लास्टिक वेस्टेज से क्राफ्ट बनाने की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कृषक समाज इंटर कॉलेज की गाइड टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 का नकद पुरस्कार जीता। टीम की इस उपलब्धि से जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ा। जंबूरी से लौटने पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा तथा प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने संयुक्त रूप से स्काउट-गाइड दल का सम्मान किया। समारोह में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा, उपप्रधानाचार्य लखपति भारती, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार, ओमप्रकाश यादव, अशोक कुमार वर्मा, अरविंद यादव सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## बिना नंबर प्लेट और कंडम हालत में दौड़ रहे ई-रिक्शे पकड़े गये

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में बिना नंबर प्लेट और खराब स्थिति में अंधाधुंध दौड़ रहे ई-रिक्शों पर ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को कड़ा अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व नगर ट्रैफिक इंस्पेक्टर योगेंद्र पाल ने किया। कार्रवाई के दौरान लगभग दो दर्जन से अधिक ई-रिक्शे पकड़े



गए, जिनमें से कई पूरी तरह कंडम हालत में थे और बिना पंजीकरण के शहर की भीड़भाड़ वाली सड़कों पर चल रहे थे।

पुलिस ने सभी ई-रिक्शों को कोतवाली परिसर में खड़ा कराया और चालकों को कड़ी चेतावनी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि पहली बार चेतावनी देकर उन्हें छोड़ा जा रहा है, लेकिन आगे से बिना नंबर प्लेट, अवैध या कंडम ई-रिक्शा चलाते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्थिति में ढील नहीं दी जाएगी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर योगेंद्र पाल ने कहा कि नगर में अवैध और जर्जर ई-रिक्शे हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं और इससे यातायात व्यवस्था भी बिगड़ती है। उन्होंने बताया कि लोगों की सुरक्षा के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई को सही ठहराते हुए कहा कि ऐसे अनियंत्रित और कंडम ई-रिक्शों की वजह से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए इस तरह की कार्रवाई जरूरी है।

## महिलाओं के मायके की 2003 वोटर लिस्ट में नाम पता करना बड़ी मुसीबत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में एस आई आर कार्य को लेकर बीएलओ पर दबाव के चलते युद्ध स्तर पर कार्य करने को मजबूर है।बी एल ओ प्रीति सिंह का कहना है 2003 की मतदाता सूची महिलाओं के मायके की उपलब्ध कराने में लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं कभी गूगल पर डाउनलोड नहीं होती है जिसके चलते एक फॉर्म भरने के लिए कई कई घंटे काम करना पड़ता है वहीं तमाम महिलाओं द्वारा फार्म देने के बाद गायब हो जाने की भी दिक्कत आती है जिसे दोबारा निकाल कर देना पड़ता है। एक फॉर्म भरने के लिए कई बार घर पर जाना पड़ता है इसके बाद फॉर्म का डाटा कंप्लीट हो पता है।

## युवक ने फांसी लगाकर दिया जान

जौनपुर। एक युवक ने घर के अंदर गले में कपड़े का फांसी का फंदा गले में लगाकर पंखे के के सहारे झूल कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि जफराबाद थाना क्षेत्र के बसीरपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अरुण निषाद पुत्र पन्नालाल घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसके चलते परिजन में कोहराम मचा हुआ है मृतक एक बच्चे का पिता था।

## जिले में मिसाल बने बीएलओ, सभी तहसीलों में सम्मान की गूंज



- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में बेहतरीन प्रदर्शन, एसडीएम ने बढ़ाया मनोबल

लखीमपुर खीरी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा किए गए शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण कार्य को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिले के सभी तहसीलों में सम्मान समारोह आयोजित किए गए। ग्राम-गली और घर-घर पहुंचकर मतदाता सत्यापन करने वाले इन कर्मठ बीएलओ को प्रशासन ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के सच्चे सेनानी बताया।

जिले की सभी आठ विधानसभा से तीन-तीन बीएलओ को चयनित कर सम्मानित किया गया। एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने विधानसभा 142 लखीमपुर में बीएलओ पूनम अवस्थी (बूथ 365), बल सिंह यादव (बूथ 309) व अमित कुमार तिवारी (बूथ 380) को सम्मानित किया। इसी क्रम में एसडीएम अर्चना ओझा ने 140 श्रीनगर विधानसभा में बीएलओ श्वेता मिश्रा ( बूथ 104), सुनील कुमार (बूथ 105) तथा पदमा पांडे (बूथ 106) को शत-प्रतिशत एसआईआर कार्य के लिए सम्मान मिला। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम मोहम्मदी ने विधानसभा मोहम्मदी क्षेत्र में बूथ संख्या 125 की बीएलओ सोनिया, बूथ 209 के आमिर खान तथा बूथ 11 के सरनाम सिंह को उत्कृष्ट मैपिंग के लिए सर्टिफिकेट, शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। विधानसभा 139 गोला गोकर्णनाथ में एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बीएलओ सोमवारी लाल, मनीषा देवी और हसीब खां को रक्फ़कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने पर सम्मानित किया। विधानसभा धौरहरा में एसडीएम शशिकांत मणि ने बूथ 12 के बीएलओ पवन कुमार, बूथ 159 के शैलेन्द्र कुमार और बूथ 200 के पंकज कुमार को सम्मानित किया। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने कस्ता विधानसभा की बूथ 186 के राजेश कुमार, बूथ 200 के फिरोज अख्तर खान और बूथ 201 के अब्दुल सत्तार खां को सम्मान पत्र प्रदान किया। तहसील पलिया में बूथ 10 की बीएलओ राजमती, बूथ 29 के बीएलओ रामफूल राना और बूथ 32 की बीएलओ सावित्री राना को रक्फ़कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने पर सम्मानित किया गया।

## खमरिया मिल के पास गौवंश पर अत्याचार, नंदी महाराज की मौत

ईसानगर खीरी। खमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत खमरिया मिल के पास बेहटा रोड स्थित कर्बला के समीप मंगलवार दोपहर ग्रामीणों द्वारा गौ माता और नंदी महाराज के साथ कथित अत्याचार का सनसनीखेज मामला सामने आया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण गौवंश को पकड़कर बांध रहे थे और उन्हें जबरन ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान एक नंदी महाराज की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर भारतीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष के पहुंचते ही बांधने में लगे ग्रामीण अफरा-तफरी में मौके से इधर-उधर भाग निकले। घटना की सूचना पर पहुँची 112 पुलिस टीम ने स्थिति को देखते हुए तत्काल थाना खमरिया पुलिस को जानकारी दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर जानवरों को बांधने और इकट्ठा करने में काफी समय लगता है। सवाल यह उठता है कि आधे घंटे में यह सब संभव नहीं हो सकता। इसका मतलब है कि यह कार्य काफी देर तक चलता रहा फिर भी किसी की नजर नहीं पड़ी या किसी ने रोकने की कोशिश क्यों नहीं की। ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल यह है कि घटना स्थल से थाना खमरिया की दूरी मुश्किल से 2 किलोमीटर ही है, और यह मुख्य मार्ग है जहां से हर समय आवागमन बना रहता है। फिर भी ग्रामीण इतने समय तक जानवरों को बांधते रहे और किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ी? नंदी महाराज की मौत आखिर कैसे हुई। यह घटना कई प्रश्न खड़े करती है गौवंश की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी? ग्रामीणों ने ऐसा क्यों किया? क्या प्रशासन की निगरानी में चूक हुई? पुलिस को इस पूरे मामले की सच्चाई, लापरवाही और संभावित षड्यंत्र के पहलुओं की तत्काल जांच करनी चाहिए, ताकि दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो सके और भविष्य में ऐसे अमानवीय कृत्य रोके जा सकें।

## मैगलगंज पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मैगलगंज खीरी। थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा चार वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा चार वारंटी अभियुक्त अहिवरन लाल पुत्र मैकू उम्र 63 वर्ष निवासी छत्तापुर थाना मैगलगंज, हरनाम पुत्र अहिवरनलाल थाना मैगलंगज उम्र 21वर्ष, धर्मेन्द्र पुत्र हरिशचन्द निवासी झालाखानपुर ग्रंट थाना मैगलंगज उम्र 28 वर्ष, हरिश्चन्द पुत्र गुलाब निवासी झालाखानपुर ग्रंट थाना मैगलंगज जनपद खीरी उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी थाना-मैगलगंज, उ0नि0 कालीचरन यादव, का0 ईश्वर दयाल शामिल रहे।



## जानलेवा हमले में दंपति घायल, चचेरे भाई समेत चार पर मुकदमा दर्ज

मड़िहान, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के खचहा गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जमकर चले लाठी डंडे व कुल्हाड़ी के हमले में दंपति घायल हो गए। दो पक्ष आम के पेड़ को अपनी अपनी जमीन में होने की बात बता रहे थे।

बाद विवाद बढ़ा तो गोलबंद होकर एक पक्ष लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। जब कि दबंग इधर उधर खिसक लिए। बताया गया कि राम लखन सोनकर और मेवालाल सोनकर के बीच आम के पेड़ को अपनी जमीन में होने का दावा कर रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ा तो हिंसक रूप ले लिया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में रेखा 35 वर्ष तथा पति रामलखन सोनकर 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल रामलखन की तहरीर पर पुलिस ने मेवालाल, बीरू, धीरज व भोला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

संक्षेप

## चोरी में कई धराए गये

आजमगढ़। पीड़ित हरिराम प्रजापति पुत्र दलसिंगार प्रजापति निवासी मोहम्मदपुर फेटी, थाना बरदह द्वारा सूचना दी गयी कि उनके घर में रखे डाइनिंग टेबल से दो सोने के टप्स, एक सोने की चैन तथा 2 हजार नगद चोरी कर लिया गया है। धारा 305 बी.एन.एस. बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। उनि पुनीत कुमार श्रीवास्तव मय हमराहीगण मुखबिर की सूचना पर भैसकुर गांव की ओर पहुंचे। मौके पर चार महिलाएँ साल ओढ़े हुए पैदल जाती मिलीं, जिन्हें मुखबिर द्वारा घटना में शामिल बताया गया। महिलाओं की तलाशी लेने पर माल-मशरूका बरामद किया गया तथा शरीके-ए-जुर्म पाए जाने पर सभी को भैसकुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ताओं में सजबुननिशा पत्नी निजामुद्दीन, निवासी घुटमा (दरौरा), थाना रानीपुर, जनपद मऊ, रेहाना पत्नी कयामुद्दीन, निवासी घुटमा (दरौरा), थाना रानीपुर, जनपद मऊ, सजबुननिशा पत्नी मेहताब, निवासी घुटमा (दरौरा), थाना रानीपुर, जनपद मऊ व मर्जिना पत्नी जमालुद्दीन उर्फ धर्मेन्द्र, निवासी घुटमा (दरौरा), थाना रानीपुर, जनपद मऊ हैं। सजबुननिशा पत्नी निजामुद्दीन स्वेटर की जेब से बैगनी पर्स में एक पीली धातु की जंजीर (750 हॉलमार्क), रेहाना पत्नी कयामुद्दीन स्वेटर की जेब से लाल-सफेद पर्स में गणेश आकृति वाले 02 सोने के टप्स (07 लड़ियाँ), सजबुननिशा पत्नी मेहताब मटमैले पर्स से 550 और मर्जिना पत्नी जमालुद्दीन, भूरे पर्स से 510 बरामद हुए। अभियुक्ताओं ने पूछताछ में शादी समारोह व बधाई गाने के बहाने घरों में प्रवेश कर चोरी करने की बात स्वीकार की तथा मुकदमा उपरोक्त में अपने जुर्म को कबूल किया।

## महिलाओं ने वृद्धा की पीटकर की हत्या

जौनपुर। पवारा थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में एक मामूली विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जिसमें पड़ोस की तीन महिलाओं ने वृद्धा को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों देखा जा रहा है। घटना के बाद मृतका के बेटे राजकुमार चैहान की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों कमला पत्नी रामजी, मेनका पत्नी पुलिस के अनुसार, राजकुमार ने तहरीर में बताया कि 1 दिसंबर की रात लगभग आठ बजे भैंस बांधने को लेकर शुरू हुए विवाद में विपक्षी महिलाओं ने मिलकर उसकी मां फूला देवी को बेरहमी से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल फूला देवी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में थाना पवारा पर मुकदमा संख्या 167/2025 धारा 115(2)105 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

## ईसीजी मशीन शुरू होते ही दिल संबंधी मरीजों को मिलेगी सहुलियत

लालगंज, मीरजापुर। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को ईसीजी मशीन के शुरू होते ही दिल संबंधी गंभीर स्थितियों के त्वरित उपचार की राह आसान हो गई है। अब हार्ट अटैक तेज सीने दर्द और अचानक धड़कन बढ़ने जैसे मामलों में मरीज को बाहर भेजने की मजबूरी घटेगी। गांवों से लेकर स्कूल-कॉलेजों के कर्मचारियों तक, क्षेत्र की चार लाख से अधिक आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। अस्पताल प्रशासन ने सेवा को डिजिटल एक्स-रे और निशुल्क दवाओं से जोड़कर इसे फुल-टाइम कार्डियक रिस्पॉन्स यूनिटह्न के रूप में तैयार किया है।फिजिशियन डॉ. योगेश द्विवेदी ने नई सुविधा को गेम-चेंजर बताते हुए कहा ईसीजी रिपोर्ट तुरंत मिलने से हार्ट अटैक का प्रारंभिक निदान सेकंडों में संभव हो जाता है। पहले मरीज को रेफर करने में जो समय बर्बाद होता था अब वह सीधे उपचार में लगेगा।अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने बताया कि सेवा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा सीने में दर्द या हृदय संबंधी किसी भी समस्या पर मरीज सीधे इमरजेंसी कक्ष में पहुंचे। हमारी टीम तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू करेगी। दवाएं और जरूरी जांच मुफ्त उपलब्ध हैं।इसलिए किसी भी प्रकार की आर्थिक परेशानी नहीं होगी।वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनिंदर सिंह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में हार्ट रोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह सुविधा समय की मांग थी। कई बार देरी के कारण मरीज की हालत बिगड़ जाती थी। अब स्थिति बदल जाएगी।वरिष्ठ पैथो-फिजिशियन डॉ मनोज सिंह ने बताया ईसीजी से पता चल जाता है कि मरीज को थक्का बन रहा है, हृदय की धड़कन असामान्य है या माइक्रो हार्ट अटैक के लक्षण हैं। इसके आधार पर तत्काल दवा शुरू कर पाई जाती है, जो जीवनरक्षक साबित होती है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में पंचायत कर्मियों का प्रदर्शन जारी



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। ऑनलाइन उपस्थिति और फील्ड इंस्पेक्शन सिस्टम लागू किए जाने के विरोध में पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर दूसरे दिन मंगलवार को सदर विकासखंड सहित जिले के सभी ब्लॉकों में पंचायत कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। सदर ब्लॉक में यह विरोध प्रदर्शन जिलाध्यक्ष अरुण सिंह, मनोज दुबे ब्लॉक अध्यक्ष पार्थराज की अगुवाई में हुआ। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार के दिशा-निर्देश पर जिलेभर में एक साथ कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद की।

कर्मचारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या और संसाधनों की कमी के कारण मोबाइल एप आधारित उपस्थिति प्रणाली व्यावहारिक नहीं है। उनका कहना है कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था परेशानी बढ़ाने वाली है और इससे कार्यों की गति प्रभावित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी लागू करना जमीनी वास्तविकता के विपरीत है। सदर ब्लॉक अध्यक्ष पार्थराज सिंह ने कहा कि यह व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र की कार्यप्रणाली के अनुरूप नहीं है। विरोध कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि नई प्रणाली से फील्ड कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा और प्रशासनिक कार्य प्रभावित होंगे। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने चरणबद्ध कार्यक्रम की घोषणा की 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य, 5 दिसंबर को सामूहिक विरोध प्रदर्शन,10 दिसंबर को धरना, 15 दिसंबर से सभी विभागीय कार्यों का बहिष्कार। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शासन स्तर से समाधान नहीं मिला तो आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विरोध सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि जमीनी हकीकत और विभागीय जटिलताओं को सामने लाने के लिए है। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रीति पाठक, स्वेता गुप्ता, चांदनी गुप्ता, संगीता राव, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, पंकज मौर्या, अरुण चैधरी, सुरेश कुमार, संजय सिंह, सुजीत कुमार, सुभम सहित बड़ी संख्या में पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## अटल उपवन सेवा ट्रस्ट कैथी में बैठक आयोजित



सोनभद्र। अटल उपवन सेवा ट्रस्ट कैथी, सोनभद्र द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को ट्रस्ट के सदस्यों के साथ आयोजित गोष्ठी में अध्यक्ष अजीत चौबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

श्री चौबे ने बताया कि 24 दिसंबर को होने वाले समारोह में प्रतिभा सम्मान के तहत स्थानीय कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम में कंबल वितरण, सामुदायिक सहभोज और स्वास्थ्य शिविर भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और वंचित वर्गों की सहायता करने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रस्ट के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे सभी कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हो सकें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अटल के आदर्शों को आगे बढ़ाने की शपथ ली। कार्यक्रम का समय और स्थान शीघ्र ही सार्वजनिक किया जाएगा। श्री चौबे ने बताया कि ट्रस्ट के इस पहल से सोनभद्र में सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक उत्सव का माहौल बनेगा। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव दिलीप चौबे ने किया। इस अवसर पर शीतला आचार्य, मुन्नू सिंह कपिल पाठक राजेश पटेल अनुपम तिवारी सुभाष पाठक प्रमोद सिंह कन्हैया दूबे नारद चौहान अवधेश चौबे असर्फी शनी प्रिंस राकेश चैबे आदि लोग मौजूद रहे।

## आयुर्वेद में ज्योतिष शास्त्र का महत्व पर हुई चर्चा



आजमगढ़। आरके आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सठियाँव, आजमगढ़ के सेमिनार हॉल में मिनिस्ट्री ऑफ आयुष के निर्देशानुसार चल रहे 15 दिवसीय ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में दयानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आजमगढ़ के पूर्व विभागाध्यक्ष (हिंदी) प्रोफेसर प्रभुनाथ सिंह मयंक ने आयुर्वेद में ज्योतिष शास्त्र का महत्व विषय पर गहन एवं रोचक व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. मयंक ने अपने व्याख्यान में पंचमहाभूत, 12 राशियों, सप्त धातुओं तथा ग्रह-नक्षत्रों के मानव जीवन और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद और ज्योतिष दोनों ही वेदों की शाखाएँ हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति से रोग निदान, औषधि चयन और चिकित्सा समय का निर्धारण करने की प्राचीन परंपरा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। संस्थान के चेयरमैन डॉ. प्रेम प्रकाश यादव ने प्रो. प्रभुनाथ सिंह मयंक का अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-सत्कार किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के प्राचार्य डॉ. केदारनाथ यादव ने किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी, डॉ. अमित प्रजापति, डॉ. नेहा यादव, डॉ. डीडी सिंह, डॉ. अवधेश यादव, डॉ. सौरभ यादव, डॉ. नमीसा जायसवाल सहित कॉलेज के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री रामबचन की याद में स्मृति द्वार बनाये जाने की घोषणा

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। जनसंघ काल में विधायक व मंत्री रहे स्वर्गीय रामबचन यादव की याद में विधान परिषद् सदस्य रामसूरत राजभर ने अपने निधि से एक स्मृति द्वार बनाये जाने की घोषणा की है। श्री राजभर ने यह घोषणा पूर्व मंत्री की दसवीं पुण्यतिथि के मौके पर की है, जिसकी लोगों ने सराहना की है।

एमएलसी रामसूरत राजभर ने कहा कि स्व. रामबचन यादव का जीवन जनसेवा, ईमानदारी और संघर्ष का प्रतीक रहा है। श्री राजभर ने भावुक होकर कहाकि रामबचन यादव ने जिस तरह से जनसंघ के दौर में संगठन और समाज को नई दिशा दी, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों और त्याग को अमर बनाए रखने के लिए यह स्मृति द्वार समर्पित किया जाएगा। इस स्मृति द्वार का शीघ्र ही निर्माण उनके पैतृक गांव मोहनपुर, निजामाबाद में होगा ताकि स्थानीय जनता और आगामी पीढ़ियाँ उनके योगदान को याद रख सकें। एमएलसी का आभार जताते हुए भाजपा लालगंज के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री डॉ. शैलेंद्र नाथ यादव ने कहाकि निश्चित ही यह स्मृति द्वार न केवल एक स्मारक के रूप में रहेगा बल्कि सच्चे जननायक की स्मृति शेष को अनंतकाल तक संरक्षित करने का प्रयास साबित होगा।

## चार के विरुद्ध मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ऊंटी गांव निवासी शिवहरि गुप्ता ने मंगलवार शाम को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो महिलाओं सहित चार के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार सुबह बांस काटने को लेकर हुए विवाद में गांव निवासी रामजी पांडेय, श्याम जी पांडेय व शीला पत्नी रामजी नम्रिता पत्नी श्याम जी गाली गलौज देने लगे मना करने पर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोरगुल मचाने पर चारों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि बांस काटने को लेकर हुए विवाद में मारपीट व धमकी देने वाले दो महिलाओं सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## विद्युत कैंप में 25 बिलों का निस्तारण



जौनपुर। बदलापुर के नेशनल हाईवे पर स्थित है विद्युत केंद्र द्वारा शासन के दिए गए निर्देश के क्रम में, मेगा विद्युत बिल समाधान कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शिविर लगाकर उपभोक्ताओं के बकाया बिल जमा करने के साथ साथ बकाया बिल, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संसोधन, आदि का सहयोग किया जा रहा हैं। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय बदलापुर द्वारा यह आयोजन लगातार जगह-जगह पर कैंप लगाकर उपभोक्ताओं के मदद में काम करते नजर आ रहे हैं। मेगा कैंप में जेई अनीश यादव द्वारा बताया गया कि कुल 25 लोगों का बिल निस्तारण किया गया है। कैंप में एसडीओ एस.के. सिंह, लाईनमैन अंसार, पंकज सिंह, बालकदास सहित लोग सम्मलित रहे।

## एचआईवी एड्स छुआछूत से फैलने वाली बीमारी नहीं : डॉ संजय

जिला संवाददाता(vol)



मीरजापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में विश्व एड्स दिवस उपलक्ष्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारी और गांव की आशा उपस्थित रही। गोष्ठी में वक्ताओं ने एचआईवी एड्स से बचाव एवं सावधानियों पर जानकारी दी।

डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि एचआईवी एड्स छुआछूत से फैलेने वाली बीमारी नहीं है, इस बीमारी से पीड़ित मरीजों को परिवार एवं समाज के सहयोग की आवश्यकता है। एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ सद्व्यवहार करें। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने कहा कि यह बीमारी एड्स से ग्रसित व्यक्ति को छूने बात करने, उसके कपड़े पहनने और उसके साथ खाना खाने से नहीं फैलती है। नई डिस्पोजेबल सीरिंज का प्रयोग करके एड्स से बचा जा सकता है। इस दौरान डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर मनिंदर सिंह, डॉक्टर योगेश दुबे, डॉक्टर मनोज सिंह, डॉक्टर रिचा सिंह, डॉक्टर एसपी सिंह, डॉक्टर अशोक यादव, शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, वीरेंद्र आजाद, नीरज सिंह, एलटी राजेश श्रीवास्तव, एलटी मुकेश सिंह, अवधेश द्विवेदी, सम्पत्ति राम, रामनारायण गुप्ता, सिद्धार्थ उपाध्याय, एसएन सरोज, सुजीत मिश्रा, सरिता देवी, स्नेहलता, फूलकुमारी, सविता, शिल्पी, इंद्रावती आदि लोग उपस्थित थे।

# मीरजापुर में भदोही, सोनभद्र के श्रमिकों का होगा सम्मेलन

जिला संवाददाता(vol)



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में श्रमिकों का बड़ा बैठक होने जा रहा है जिसमें श्रमिकों के विभिन्न मुद्दों पर गहनता से चर्चा परिचर्चा के साथ ही उनकी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। नगर के मुँहकुचवां तिराहे स्थित कॉन्हा श्याम मैरेज लॉन में भवन निर्माण श्रमिकों के सभा की बैठक 27 दिसम्बर 2025 को दिन के 11 बजे से दोपहर के 3 बजे तक आयोजित की गयी है। जिसमें मिजार्पुर (विंध्याचल) मंडल के तीनों जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र एवं भदोही के भवन निर्माण श्रमिक एवं अन्य असंगठित क्षेत्र के कामगार वर्कर शमिल होंगे।

उक्त जानकारी मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन (माकू) के उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए बताया कि 27 दिसम्बर 2025 को मिजार्पुर में आम सभा की बैठक बुलायी गयी है। आम सभा की इस बैठक में सभी प्रकार के निर्माण श्रमिक जिसमें भवन निर्माण कार्य करने वाले राजमिस्त्री, लेबर, गिट्टी, मिट्टी ढोने वाले मजदूर, पेन्टर, बिजली मिस्त्री, पलम्बर, टाईल्स, बढ़ई, लोहार, खिड़की-दरवाजा बेल्डिग वर्कर, पत्थर खनन, पत्थर गढ़ाई, क्रशर प्लांट मजदूर, ईंट-भट्ठा मजदूर, मनरेगा, सहित कुल श्रम विभाग में पंजीकृत होने वाले 40 प्रकार के श्रमिक सहित पीतल बर्तन मजदूर, कालिन बुनकर तथा ऐसे कामगार जिनको ईएसआई एवं पीएफ की सुविधा न मिल रही हो चाहे वह दुकानों-प्रतिष्ठानों या घरों में काम करने वाले मजदूर ही क्यों न हो बैठक में शामिल होकर अपनी-अपनी समस्या को रखते हुए श्रमिक हित में उत्तम विचार रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि, बैठक में ऐसे पात्र श्रमिकों के मुद्दे पर भी चर्चा होगी, जिनके आवेदन पर पात्रता के बावजूद भी बच्चे के जन्म का आर्थिक सहायता लाभ, तथा कन्या विवाह योजना एवं कामगार मृत्यु एवं दिव्यागंता योजना का लाभ नहीं मिल पाया है या अन्य अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के साथ सभा में अपनी बात रख सकतें हैं। इस श्रमिक बैठक में मंडल के तीनों जनपदों से ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों की भारी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए यूनियन से जुड़े हुए साथी विभिन्न इलाकों का भ्रमण और जनसंपर्क कर श्रमिकों को एकजुट कर उन्हें जागरूक करने में जुटे हुए हैं।

## भारी पड़ गई माफिया बनने की सनक, पुलिस ने पहुंचाया जेल



मीरजापुर। सोशल मीडिया के इस दौर में हाईलाइट होने की सनक युवाओं को अपराध की राह पर ले जा रही है। ऐसा ही एक मामला मीरजापुर जिले का सामने आया है जहां पुलिस ने वायरल हो रहें वीडियो का संज्ञान लेकर युवक को सलाखों के पीछे खड़ा कर दिया है। बताते चलें कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें एक युवक दूसरे युवक की पिटाई करते हुए नजर आ रहा है।

वीडियो में सुनाई दे रहा है कि पिटाई का यह वीडियो दूसरे युवक से बनवाया जा रहा है, ताकि लोगों में दहशत बने। बाद में पुलिस ने छानबीन की तो युवक की पिटाई करने वाला युवक थाना लालगंज क्षेत्र का निकला जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।ज्ञातव्य हो कि 1 दिसंबर 2025 को सोशल मीडिया पर थाना लालगंज क्षेत्र से सम्बन्धित एक मारपीट की घटना का वीडियो प्रसारित हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा वॉयरल वीडियो का त्वरित संज्ञान लेकर घटना की जांच कर युवक की यथाशीघ्र गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक लालगंज को निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना लालगंज पर वादी राधेश्याम दूबे पुत्र रामदत्त दूबे निवासी अकसौली थाना पड़री जनपद मीरजापुर की प्राप्त तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत किया गया। पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में सुरागरसी व अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में जितेन्द्र उर्फ मुन्ना त्रिपाठी पुत्र कृष्णदत्त निवासी गम्भीरापुर थाना लालगंज को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## साइबर सेल ने साढ़े छह लाख रुपये कराये वापस

आजमगढ़। बुजुर्ग ग्रामीण खाता धारक के बैंक खाता से 6 लाख 50 हजार रुपए निकल गए। खाता धारक बहुत दिनों बाद पहुंचा तो जीरो बैलेंस से होश उड़ गए। कभी कोई ऑनलाइन काम नहीं किया। साइबर सेल टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए साइबर ठगी की 6,50,000 की धनराशि पीड़ित के खाते में सुरक्षित वापस कराई। आवेदक पनुवासी विश्वकर्मा पुत्र कुबेर विश्वकर्मा, निवासी व्योहरा, पोस्ट-भेदौरा, थाना कप्तानगंज, द्वारा साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके खाते से कुल 6,50,000 की ठगी कर ली थी। साइबर सेल टीम द्वारा तेज, दक्ष व तकनीकी कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक (उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक) से लगातार समन्वय स्थापित किया गया तथा नोडल अधिकारियों व विशेषज्ञों से संपर्क कर धनराशि को रोकते हुए पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस जमा कराई गई, जो अब पीड़ित को प्राप्त हो चुकी है। लगातार प्रयास, तकनीकी दक्षता और समय पर की गई कार्रवाई के परिणाम स्वरूप पूरी राशि 6 लाख 50 हजार सुरक्षित वापस कराई गई। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## सड़क हादसे में बच्ची की मौत, माता पिता गंभीर

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। बरसठी थाना क्षेत्र में एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। इस हादसे में बच्ची के माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है यह घटना बरसठी थाना क्षेत्र के सरसड़ा पेट्रोल पंप के पास हुई। मछलीशहर थाना क्षेत्र के नंदलाल का पुरवा निवासी पंकज जायसवाल पुत्र द्वारिका प्रसाद जायसवाल अपनी पत्नी आरती जायसवाल और 6 वर्षीय बेटी अन्या जायसवाल के साथ मोटरसाइकिल सुरियावां स्थित अपने रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे थे। इसी दौरान निगोह बाजार की तरफ से आ रही एक काली सुरियावां बाजार निवासी विकास जायसवाल पुत्र संजय जायसवाल की तहरीर पर बरसठी पुलिस ने एक्सयूीव कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल माता-पिता और अन्य घायलों को भी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

## हैण्डपंप में करंट से युवक की मौत

जौनपुर। सिकरारा देवीगंज गांव में मंगलवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से 42 वर्षीय कमलेश कुमार गौतम का निधन हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब वह अपने घर पर हैंडपंप पर कपड़े धो रहे थे।बताते है कि कपड़े धोते समय अचानक टूल्लू पंप में बिजली का करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आकर कमलेश गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद कमलेश कुमार गौतम को मृत घोषित कर दिया। हैण्डपंप मेंबिजली का करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आकर कमलेश गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद कमलेश कुमार गौतम को मृत घोषित कर दिया। मृतक कमलेश कुमार गौतम की मां वर्ष 2005 में गांव की बीडीसी रह चुकी हैं। कमलेश घर पर रहकर खेती-किसानी का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी शीला देवी उर्फ रुक्मणी, पिता कुंज राम, छोटा भाई अखिलेश कुमार, और पांच बच्चे - कोमल, कशिश, कसक, देवांश और रैना शामिल हैं।

## कफ सिरप काण्ड में बर्खास्त सिपाही गिरफ्तार

जौनपुर। कफ सिरप सिंडिकेट मामले में बर्खास्त सिपाही अलोक सिंह को एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों की माने तो अलोक सिंह लखनऊ की कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में था तभी एसटीएफ ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। ज्ञात हो कि बहुचर्चित कफ सिरप तस्करी सिंडिकेट मामले में बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह को एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार आलोक सिंह पिछले कुछ दिनों से सरेंडर की फिराक में था और उसने लखनऊ की एक अदालत में आत्मसमर्पण की अर्जी भी दाखिल कर रखी थी। सोमवार को अदालत में को इस संबंध में अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन उससे पहले ही टीम ने उसे धर दबोचा।आलोक सिंह के खिलाफ अलग सबूत मिलने के बाद सोमवार को ही उसका नाम लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज एफआईआर में शामिल कर लिया गया था। एसटीएफ को जानकारी मिली कि आलोक सिंह विदेश भागने की फिराक में है। उसकी तलाश में एसटीएफ लगातार छापेमारी कर रही थी। आशंका जताई जा रही थी कि आलोक सिंह कहीं विदेश न भाग जाए। इसी आशंका के चलते एसटीएफ ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी करवाया था। आलोक अन्य आरोपियों के साथ पहले दुबई भी जा चुका था।अमित टाटा की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ की रडार पर कई लोग है। एसटीएफ सभी बिंदुओं पर अपनी जांच कर रही है।

## चौकीदार हत्याकांड में महिला सहित आठ गिरफ्तार

जौनपुर। केराकत कोतवाली पुलिस ने मोबाइल टावर के चौकीदार देवेश उर्फ रोहित यादव की हत्या की गुत्थी सुलझा ली। रोहित बाराबंकी जनपद में तैनात सिपाही दीपक यादव का बड़ा भाई था। पुलिस ने कुल 12 आरोपियों की पहचान कर ली है। जिनमें से आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि घटना की शुरूआत कटहरी गांव निवासी सुनीता की कक्षा 9 में पढ़ने वाली बेटी को मृतक पक्ष से एक लड़के द्वारा पर्ची पर मोबाइल नंबर लिखकर देने से हुई थी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। रविवार सुबह लड़की के भाई और उसके सह साथियों ने लड़के की पिटाई कर दी। मारपीट की जानकारी मिलने पर चौकीदार रोहित यादव अपने 5 से 6 साथियों के साथ बेलाव गांव में स्थित मोबाइल टावर पर पहुंचा। वहां दोनों पक्षों में विवाद और बढ़ गया। इसी बीच हिरासत में ली गई महिला सुनीता का बेटा अपने साथियों के साथ पांच बाइक पर सवार होकर मौके पर पहुंचा। कुल लगभग 10 से 12 लोगो ने रोहित यादव पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार इसी दौरान आरोपियों ने रोहित को पकड़ लिया और सुनीता के बेटे ने ईट से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई, वारदात की बाद सभी आरोपी फरार हो गए। गंभीर हालत में रोहित को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर कर टीम में गठित की। हिरासत में ली गई महिला से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने घटना का खुलासा किया और आरोपियों की पहचान कर ली। पुलिस ने कटहरी गांव निवासी सुनीता, सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिदीकपुर निवासी अमरदीप कुमार, नींबूगंज निवासी अरुण सोनकर, सिद्धपुर निवासी दानिश, अनिकेत निषाद, गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र की धमार्पुर निवासी आदर्श यादव, धमार्पुर ठकुर्ची निवासी गोलू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

## दो दिवसीय ऑल इंडिया एसएसकेएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप सपन्न

सोनभद्र। सैंट एमआर जयपुरिया कैंपस बाबतपुर वाराणसी में चल रहे दो दिवसीय ऑल इंडिया एसएसकेएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में शिवको रॉक थंडर द सोतोकान कराटे एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने जीता मेडल ग्राम पंचायत मारकुंडी जगनारायण पुत्र राकेश यादव निवासी ओबरी डबल गोल्ड मेडल आकाश पुत्र पप्पू निवासी कोनियवा गोल्ड व सिल्वर मेडल सनी पुत्र राकेश कनौजिया निवासी मारकुंडी सिल्वर मेडल सुचिता प्रजापति पुत्री पारसनाथ प्रजापति निवासी अवई गोल्ड व ब्रांच मेडल खुशबू यादव पुत्री सुरेश यादव निवासी मारकुंडी सिल्वर व ब्रांच मेडल ग्राम पंचायत सलखन रवि शंकर पुत्र स्व महेंद्र निवासी बरवाटोला सिल्वर मेडल प्रतीक्षा पुत्री रमेश कुमार निवासी चतरा गोल्ड व ब्रांच मेडल ईनके कोच सेंसई किशन राज ने बताया कि बच्चों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जमीन पर प्रैक्टिस करते हैं हाथ पैर में चोट लग जाती है फिर भी सभी खिलाड़ियों ने अपने-अपने इवेंट में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया और अपने गुरु व माता-पिता अपने जिले व स्टेट का नाम रोशन किया।



संक्षेप

## 5 दिसंबर को होगा सामूहिक विवाह 600 जोड़ें होंगे शामिल

**देवरिया ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आगामी 05 दिसम्बर 2025 (शुक्रवार) को केन्द्रीय विद्यालय/राजकीय आईटीआई परिसर, देवरिया में भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 600 जोड़ो का विवाह कराए जाने की योजना है उन्होंने बताया कि यह योजना समस्त वर्गों के लिए संचालित है। प्रत्येक जोड़े पर कुल ?1,00,000 (रुपए एक लाख) का व्यय प्रावधान है। इसमें से ?60,000 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे कन्या के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त ?25,000 की राशि गृहस्थी सामग्री, वस्त्र एवं आभूषण प्रदान करने में व्यय होगी, जबकि ?15,000 आयोजन संबंधी व्यय (भोजन, टेंट, वैवाहिक व्यवस्था आदि) हेतु निर्धारित है ।

# दो मासूमों की मौत पर परिवारजनों से डीएम मिले, गांव में मेडिकल कैम्प

### मवेशियों को आबादी से दूर रखने एवं साफ-सफाई बनाये रखने की डीएम ने की अपील

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पिपरा खुर्द के टोला गुलहरिया में बुखार से पीड़ित दो मासूम बच्चों की मृत्यु होने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य विकास अधिकारी

● आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 56 बच्चों की हुई जांच

विंदिता श्रीवास्तव तथा मुख्य चिकित्साधिकारी चंद्रप्रकाश ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और हालात का जायजा लिया।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 56 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 14 बच्चों के ब्लड सैंपल जांच हेतु मेडिकल कॉलेज भेजे गए हैं। प्रशासन ने लोगों से घबराने की जरूरत न होने की अपील की है। गुलहरिया टोला निवासी राजकुमार के 7 वर्षीय पुत्र सागर को बीते गुरुवार को बुखार आने पर परिजनों ने निजी अस्पताल में इलाज कराया, लेकिन राहत न मिलने पर उसे शुक्रवार को रामकोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल व बाद में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसे एम्स भेजा गया, जहां मृत्यु हो गई। वहीं रामानंद के 3 वर्षीय पुत्र अंश को शनिवार को बुखार आने पर रामकोला सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

अंश का 9 वर्षीय बड़ा भाई आर्यन भी बुखार से पीड़ित है, जिसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही आज जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को स्वच्छता समिति को सक्रिय करने, आशा बहुओं



को स्वास्थ्य किट उपलब्ध कराने तथा गांव में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि यह बीमारी छूत की नहीं है बल्कि जानवरों से फैलने वाली बीमारी हो सकती है।

उन्होंने अपील किया कि मवेशियों को आवासीय परिसर से दूर रखें, नियमित साफ-सफाई बनाए रखें और किसी को भी बुखार होने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं।सीएमओ ने बताया कि मृत बच्चों में से एक बच्ची खुशी के रक्त परीक्षण में लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी की पुष्टि हुई है। यह एक बैक्टीरियल संक्रमण है जो मुख्य रूप से लेप्टोस्पीरा नामक बैक्टीरिया से होता है। यह जूनोटिक बीमारी है, यानी यह जानवरों से इंसानों में फैलती है।

यह संक्रमित जानवरों (खासकर चूहे) के मूत्र से दूषित पानी या मिट्टी के संपर्क में आने से फैलती है। इसके लक्षण तेज बुखार (अचानक 102-104), बहुत तेज सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द (खासकर पिंडलियों और कमर में), आँखों का लाल होना (कंजक्टिवाइटिस), उल्टी, जी मिचलाना इत्यादि हैं जो आमतौर पर 5-14 दिन बाद दिखते हैं।

गंभीर मामलों में किडनी फेल्योर, लिवर खराब होना भी पाया जाता है। इसमें जल्दी डायग्नोसिस बहुत जरूरी है। मेडिकल टीम द्वारा बताया गया कि इस तरह के केसेस में एंटीबायोटिक्स (डोक्सीसाइक्लिन या एज़िथ्रोमाइसिन) दी जाती हैं।

## ओलेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए 4 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन

**देवरिया ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी आदेश (पत्र संख्याझ्र1843, दिनांक 1 दिसंबर 2025) के आधार पर ओझ्रलेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण हेतु संशोधित समय-सारणी जारी की गई है। इसके तहत इच्छुक आवेदकों के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 नवंबर 2025 से प्रारंभ होकर 4 दिसंबर 2025 तक किए जा सकेंगे।

योजना का लाभ वही शिक्षित एवं बेरोजगार अभ्यर्थी उठा सकेंगे, जो जनपद की किसी भी शैक्षिक संस्था में वर्तमान में अध्ययनरत न हों तथा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन न किए हों। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं सभी शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति दो प्रतियों में संलग्न कर कार्यालयझ्रजिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या 134, प्रथम तल, विकास भवन, देवरिया में जमा कराना अनिवार्य है। यह हार्ड कॉपी 4 दिसंबर 2025 सायं 5 बजे तक ही स्वीकार की जाएगी। प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था के माध्यम से भेजे गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जनपद के इच्छुक, शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर इस योजना का लाभ अवश्य उठाएँ।

## जनपद में 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं का बीज वितरित किया जायेगा

**कुशीनगर।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनका ने बताया कि जनपद कुशीनगर के किसानों के लिए रबी सीजन में राहत भरी खबर है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों पर गेहूं बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।इस योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 11810.80 कुंतल गेहूं बीज का वितरण किया जाएगा। यह वितरण 7 दिसंबर 2025 से सभी विकास खंडों पर प्रारंभ होगा। किसान अपना आधार कार्ड एवं खेती से संबंधित अभिलेख साथ लेकर संबंधित विकास खंड पर जाकर बीज प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विभाग ने सभी राजकीय बीज भंडार प्रभारियों और सहायक विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाया जाए। कृषि विभाग का कहना है कि समय पर बीज उपलब्ध होने से किसानों को रबी की बुवाई में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

## गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन नामावली का आलेख्य प्रकाशित

**देवरिया ।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जैनेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2025 के आधार पर गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण शुरू हो गया है उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन आज 02 दिसम्बर 2025 को जनपद के सभी विकास खण्ड कार्यालयों में स्थापित मतदेय स्थलों/पदाभिहित स्थलों पर कर दिया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 12 के अनुसार 02 से 16 दिसम्बर 2025 तक दावे और आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएँगी। नामावली का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली संबंधित मतदेय स्थलों, तहसील कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय देवरिया में निरीक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध है।

## नामावली निरीक्षण हेतु उपलब्ध, 16 दिसम्बर तक दावे-आपत्तियाँ

देवरिया ।जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, देवरिया ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के अनुसार तैयार की गई निर्वाचक नामावली उपलब्ध करा दी गई है।

नामावली की एक प्रति कार्यालय समय में उनके कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय तथा नामनिर्दिष्ट अधिकारी के कार्यालय में निरीक्षण हेतु रखी गई है। नामावली तैयार किए जाने की अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2025 है।

सभी दावे एवं आपत्तियाँ जिलाधिकारी के कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय, संबंधित तहसील के नामनिर्दिष्ट अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएँ, या नीचे दिए गए पते पर डाक द्वारा भेजी जाएँ ताकि वे निर्धारित तिथि तक प्राप्त हो सकें।

# गीता हमें त्याग सिखाती है: दिव्य सागर

**कसया, कुशीनगर।** नगर के महर्षि अरविन्द विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गीता जयन्ती अवसर पर मायावती के चित्र पर अतिथिगण ने पुष्पार्चन किया।

मुख्य अतिथि पूज्य सन्त दिव्य सागर ने कहा कि गीता हमें त्याग सिखाती है। जो भी चीज हमारे लिए भले ही प्रिय है किन्तु हानि पहुंचाने वाली है उसे त्याग दें।उन्होंने विद्यार्थियो से मोबाइल का उपयोग शिक्षा के लिए करें। उन्होंने वन्दना सत्र में 2 मिनट तेज गति से ताली बजाने के लिए कहा और लाभ बताए। अध्यक्षता विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुरेश प्रसाद गुप्त ने की। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। स्वागत भाषण प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र मिश्र एवं अतिथि परिचय और सफल संचालन वरिष्ठ आचार्य जनार्दन ने किया।

शाम श्रीराम जानकी मन्दिर मठ परिसर में गौतम फाउण्डेशन की ओर से भी गीता जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी। अतिथियों द्वारा योगेश्वर कृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन



से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। महन्त त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देवनारायण शरण का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता पूज्य सन्त दिव्य सागर जी ने कहा कि भगवत गीता जीवन का गीत है जिसे हर व्यक्ति को गाना पड़ता है।गीता केवल पढ़ना नही बल्कि इसे जीवन उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर गीता प्रदर्शनी, भगवान कृष्ण को 56 भोग, रंगोली व दीपोत्सव किया गया। अनुष्का गुप्ता, अदिति उपाध्याय, यथार्थ श्रीवास्तव, वन्दना मद्धेशिया ने भजन प्रस्तुत किया। गौतम फाउण्डेशन के प्रबन्धक राजू जायसवाल ने आभार और संचालन आचार्य जनार्दन ने किया। कस्तूर चन्द जायसवाल, सुरेश प्रसाद गुप्त, डाक्टर हरिओम मिश्र, त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव, अनमोल, सुभाष चंद्र दूबे शिवानन्दधर दूबे, आलोक, इन्द्र मिश्र, शान्ति श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## चूहा छछूंदर से होने वाली बीमारियों के दृष्टिगत सुझाव

**कुशीनगर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 मेनका ने जनपद के समस्त कृषक एवं जनमानस से अपील की है कि चूहा तथा छछूदर से फैलने वाली स्क्रब टायफस एवं लेप्टोस्पायरोसिस नामक जीवाणु जनित संक्रामक रोग होते है इस समय खेत की बुआई होने के कारण चूहे स्वभाविक रूप से घर की तरफ भागेंगे जिससे संक्रमण होने की सम्भावना है इसके रोकथाम हेतु सुझाव भी दिये गए हैं।उन्होंने बताया कि चूहेदानी का प्रयोग करके उसमे आकर्षक चारा जैसे- रोटी, बिस्किट, डबल रोटी आदि रखकर चूहों को फसाकर मारकर जमीन में गाड़ दें।जिंक फास्फाईड 80 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. को 1 ग्राम सरसों के तेल और 48 भाग भूने हुए चना, गेंहू या चावल में मिलाकर बिलों में डालें। एल्यूमीनियम फास्फाईड रसायन की 3-4 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में डालकर बन्द कर देने से उससे निकलने वाली फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है। ब्रोमोडियोलॉन 0.005 प्रतिशत के बने बिस्किट की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में डालकर बन्द कर देने से उसे खाकर चूहे मर जाते है। उपरोक्त रसायन में जहर पाये जाते है इसको बच्चों की पहुंच से दूर रखें। उन्होंने बताया कि जिंक फास्फाईड 80 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. जनपद की समस्त विकास खण्डों में स्थापित राजकीय कृषि रक्षा इकाई/बीज भण्डार पर मु0-7.00 रुपए (प्रति 10 ग्राम पैकेट) में उपलब्ध है जिसको क्रय कर सकते है।

## वैश्विक मंच पर भलुअनी के शिवम सिंह ने जीता कांस्य पदक, लोगों ने दी बधाई



**बरहज, देवरिया ।** विश्व स्तर पर आयोजित विश्व कौशल एशिया ताइपेई 2025 में रोबोट प्रणाली एकीकरण श्रेणी में शिवम सिंह पुत्र अशोक सिंह ने अपने कौशल, कठोर परिश्रम और अद्भुत समर्पण के बल पर भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है ।

नगर पंचायत भलुअनी निवासी शिवम सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह की यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का प्रतिफल है बल्कि उनके माता-पिता, गुरुजनों और पूरे नगर पंचायत क्षेत्र देवरिया जनपद सहित भारतवर्ष के लिए गौरव और प्रेरणा का अनूठा पल है।

निफा जिलाध्यक्ष एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने बधाई देते हुए कहा कि शिवम सिंह ने केवल एक पदक ही नहीं जीता है बल्कि करोड़ों भारतीयों के हृदय को जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है ।उन्होंने यह सिद्ध किया है कि यदि संकल्प दृढ़ और प्रयास निरंतर हो तो विश्व में कोई भी मंच असंभव नहीं होता ।शिवम की इस उपलब्धि पर पूर्व उप ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह गुड्डू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश कुमार, समाजसेवी भरत वर्मा, मनोज मद्धेशिया, दिनेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, शौर्य सिंह, अक्षय गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं सूरज मद्धेशिया ने बधाई दी है ।

# एएसपी ने परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तत्पश्चात निरीक्षण किया गया।

इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया। तत्पश्चात महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, मनोरंजन कक्ष, जिला मेस, स्टोर, आरटीसी मेस आदि का निरीक्षण किया गया ।

यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिया।

गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर सभासद भागत सिंह ने किया जागरूक

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 22 महंथ अवैद्यनाथ नगर स्थित संवलियन विद्यालय डुमरी में बने बूथ पर सभासद विजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने निरीक्षण किया और एसआईआर फॉर्म भरने के लक्ष्य को पूरा करने को लेकर जागरूक किया।

मंगलवार को वार्ड के सभासद श्री सिंह बुथ संख्या 267 पर पहुंचे और भरे जा रहे फॉर्म के बारे में जानकारी ली।

कहा कि निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर फॉर्म भरने का लक्ष्य समय से पूरा हो। इसके लिए सभी को सहयोग करना है। श्री सिंह ने कहा कि अपने- अपने घर के सदस्यों का फॉर्म भरना सुनिश्चित करें ताकि कोई मतदाता सूची से वंचित न रहे। बीएलओ द्वारिका कुशवाहा ने बताया कि एसआईआर फॉर्म 77.24 प्रतिशत भरा जा चुका है। जल्द ही लक्ष्य पूरा हो जायेगा।

## बिजली बिल राहत योजना को लेकर रैली निकालकर उपभोक्ताओं को किया जागरूक



**कुशीनगर।** बिजली बिल राहत योजना 2025 के प्रचार हेतु बिजली उपकेंद्र कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली एसडीओ श्याम जायसवाल के नेतृत्व में उपकेंद्र से शुरू होकर अस्पताल, ब्लॉक, कॉलेज और बघौचघाट रोड होते हुए फोरलेन तक पहुँची। रैली के दौरान व्यापारियों और उपभोक्ताओं को योजना के लाभ बताए गए। एसडीओ ने कहा कि इस बार की योजना खास है क्योंकि पहली बार सरचार्ज के साथ मूलधन में भी छूट, विशेष परिस्थितियों में आसान किश्तें, तथा विद्युत चोरी के मुकदमों में राहत का प्रावधान है। योजना 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक चलेगी। रैली में अवर अभियंता संदीप मिश्रा, सरताज अली, शब्बू आलम, अजीत कुमार, गिरिजेश सिंह, फिरोज अंसारी, मयंक सिंह, रामबहाल सिंह, अनील कुमार, श्रवण प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज, में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



रूपैडिहा बहराइच। प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज में कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य एवं आकर्षक आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रिंसिपल सुश्री सौम्या स्टैनली के सक्षम मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।प्रदर्शनी को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं स्नेहा सोनी, नूरी फातिमा, किरन मदेशिया, ज़िकरा फातिमा तथा मोहम्मद सैफ अंसारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय में सर्वप्रथम पहुँचे श्रीमती शालू सोनी आर्यन सोनी की अभिभावक द्वारा फीता काटकर किया गया।इस प्रदर्शनी में किंजल कश्यप, रुद्र कसौधन पंखुड़ी कसौधन आराध्या गुप्ता आतिफ अहमद, इशान सोनी,नव्या अग्रवाल,सुप्रिया पाठक, मोहम्मद यूसुफ अंसारी, आयुष जायसवाल, अग्रिमा दीक्षित, अलकैफ रायनी तथा कनक पटवा इत्यादि सहित कक्षा 1 से 5 के लगभग सभी विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई और उत्साहपूर्वक अपने मॉडल प्रस्तुत किए।बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक समझ का आकर्षक प्रदर्शन करते हुए जल चक्र, सौर मंडल, ज्वालामुखी, ट्रैफिक सिग्नल, विंडमिल, पर्यावरण संरक्षण, पौधों के भाग, चुंबक के गुण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मॉडल, फेफड़ों का मॉडल, किडनी का मॉडल, रंग परिवर्तन, रासायनिक अभिक्रिया, पदार्थ की अवस्थाएँ ,आदि जैसे प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए।

# हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बजाज पल्सर व चोरी का 5 हजार रुपए भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम के लिए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 729/2025 धारा 191(2), 191(3), 109(1), 352, 351(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त मनीष जायसवाल पुत्र स्व. मन्नु जायसवाल साकिन बरई टोला विवेकानन्द कालोनी निकट कैंडी सिटी स्कूल थाना कोतवाली को मंगलवार को धनौती खुर्द प्राथमिक विद्यालय के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बजाज पल्सर रजि0नं0-यूपी 52बी यू 1850 व अन्य मुकदमों से सम्बन्धित चोरी का 5,000 रुपया बरामद करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। मालूम हो 24जुलाई को थाना कोतवाली पर वादी अखिलेश कुशवाहा निवासी लंगड़ी देवरिया थाना कोतवाली जनपद देवरिया द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि वादी के भाई अमरेश कुशवाहा को 24जुलाई को सुबह पास के ही आरओ प्लान्ट पर मनीष जायसवाल व निर्भय चौरसिया के साथ अन्य दो-तीन व्यक्तियों द्वारा शराब पीने के लिए पानी मांगने की बात को लेकर विवाद करते हुए वादी के भाई को गोली मारकर घायल कर दिया गया।

जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त निर्भय चौरसिया पुत्र विकास चौरसिया निवासी बरईटोला थाना कोतवाली को पूर्व में ही थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। अभियुक्त मनीष जायसवाल उपरोक्त द्वारा पूर्व में कई चोरी की घटनाएं भी कारित की गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 299/2025 धारा 305, 331(4),317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0-425/2025 धारा 305,317(2),317(4) बीएनएस, मु0अ0सं0-449/2025 धारा 305,331(4),317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 423/2025 धारा 305,331(4),327(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 319/2025 धारा 305,331(4),317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अभिमित कुमार, उ.नि. अजय कुमार तिवारी, उ.नि. वरुण कुमार सिंह, उ.नि. शुभम कुमार पाठक, संतोष यादव और अवधेश कुमार शामिल हैं।

## बाइक से बिहार जा रही 20 पेटी अवैध देशी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। श्रीरामपुर पुलिस ने बाइक से तीन प्लास्टिक की बोरे में भरकर बिहार जा रही 20 पेटी अवैध देशी शराब ब्रान्ड बन्टी बब्ली ट्रेटा पैक समेत समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान आप्रेशन प्रहार के तहत थानाध्यक्ष श्रीरामपुर डॉ महेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा विगत रात्रि को संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बनकटा जगदीश पेट्रोल पंप के पास से एक दोपहिया मोटरसाईकिल बी आर 29 एबी 7050 से बिहार ले जायी जा रही तीन प्लास्टिक की बोरे में कुल 20 पेटी, प्रत्येक पेटी में 45 पाउच, प्रत्येक 200 एमएल कुल मात्रा 180 लीटर अवैध देशी शराब ब्रान्ड बन्टी बब्ली ट्रेटा पैक के साथ अभियुक्त निलेश सिंह उर्फ विधि सिंह पुत्र कन्हैया सिंह पिपरी थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। थाना श्रीरामपुर पर मु0अ0सं0- 220/2025 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की लायी जा रही है। बरामद शराब देशी शराब का मूल्य लगभग 50 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. राघवेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, हरिकेश गुप्ता और कैलाश पटेल शामिल हैं।

## युवक को पीटने के मामले में दो गिरफ्तार

**देवरिया।** युवक को कुछ लोगों द्वारा बेल्ट से पीटने के मामले में कोतवाली पुलिस ने कारवाई करते हैं 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से अवैध तमंचा बरामद बरामद किया है। इसी मामले में 2 बाल अपचारियों को भी हिरासत में लिया गया हैं।पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1124/2025 धारा 115(2), 351(2), 352, 324(4) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अभय यादव पुत्र सुग्रीव यादव साकिन गोबराई खास थाना कोतवाली और मुकेश पुत्र चन्द्रिका साकिन गोबराई खास थाना कोतवाली को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया तथा गिरफ्तार अभियुक्त अभय यादव उक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा बरामद करते हुए मु.अ.सं. 1127/2025 धारा 9(1)ए(1)/25(2) आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही घटना में संलिप्त अन्य 2 बाल अपचारियों साकिनान थानाक्षेत्र कोतवाली को पुलिस हिरासत में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने पडरौना और कुशीनगर विधानसभा के पदाधिकारीयों की अलग-अलग बैठकें कर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की और पदाधिकारीयों को निर्वाचन आयोग के बीएलओ को सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बचे दिन हम सभी के लिए चुनौतियों से भरा है। सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से एसआईआर में लगें। एक एक बूथ की गहन समीक्षा करें, सभी का फार्म भरवाएं, साथ ही रोज रिपोर्ट भेजें, जिससे एक भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और फर्जी व घुसपैठियों का नाम मतदाता सूची में जुटे नहीं। उन्होंने कहा कि मतदान गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के शेष दिवसों में कैसे सभी की संगठनात्मक भूमिका रहनी हैं इसके लिए हम सभी को मिल कर तय करना है, सभी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस अवसर पर धनञ्जय मणि त्रिपाठी, राजेश राव, आद्या प्रसाद पाण्डेय, किन्नरेश चौबे, अमरजीत कुशवाहा, डॉ टी एन राव, छेदी शर्मा, अविनाश कुमार पाण्डेय, विजय तिवारी, शैलेन्द्र राय, रूपम सिंह, रुद्रप्रकाश सिंह, प्रभुनाथ मिश्र, श्रीमती सुमन एवं सुनैना, सुनील पांडेय, बबलू प्रदीप दूबे, गोपेश्वर मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांगों की लड़ाई लड़ उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना मेरा धर्म: पाशा

**बिजनौर।** खुद दिव्यांग होने के बावजूद एमआर पाशा अपने जैसे कई दूसरों की जिंदगी में नया सवेरा करने में जुटे हुए हैं। दिव्यांगों को सहायक उपकरणों का वितरण और जीविका चलाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिला रहे है।

जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा नगर निवासी एमआर पाशा की मुहिम हजारों दिव्यांगों के ठिठके कदमों को उम्मीदों भरी नई रफ्तार दे रही है। एमआर पाशा जरूरतमंदों को सहायक उपकरणों के वितरण संग जीविका चलाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने चुके हैं।

एमआर पाशा बताते हैं कि बचपन से ही उन्होंने दिव्यांग होने के चलते बहुत सी चुनौतियों का सामना किया। बावजूद इसके कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया।

पढ़ाई के समय से ही उनके मन में दूसरे दिव्यांगों की मदद करने का जज्बा कायम था। वर्ष 2000 में उन्होंने संगठन बनाते हुए दिव्यांगों को एक प्लेटफार्म पर साथ जोड़ने की मुहिम शुरू की। अपनी आजीविका के लिए वह गांव में ही जूनियर हाई स्कूल चलाते हैं।

संक्षेप

## बेकाबू बोलरो पलटी, एक मौत व छह घायल

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके में देर रात सिधौली महमूदाबाद मार्ग पर टंडई नहर पुल के पास एक बोलेरो वाहन बेकाबू होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि वाहन में सवार 6 अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने किसी तरह घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 4 की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया है। बोलेरो गाड़ी लखनऊ के बक्सी तालाब से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रही थी। रात करीब 1 बजे जब वाहन टंडई नहर पुल के पास पहुंचा। तभी सड़क पर अचानक एक सांड आ गया। चालक ने सांड को बचाने के लिए गाड़ी मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा और तेज रफ्तार के चलते वाहन बेकाबू हो गया और पुल के किनारे स्थित गहरी खाई में पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। हादसे में बिहारीपुरवा मजरा खरवलिया निवासी 50 वर्षीय शिवबचन पुत्र जगन्नाथ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उनकी हालत बिगड़ गई और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वाहन में सवार अन्य घायलों में खरवलिया निवासी उमेश पुत्र राधेश्याम, खरवलिया निवासी 70 वर्षीय श्याम पुत्र मुल्लू, हरीश (35), रमेश (40) तथा वाहन चालक प्रदीप यादव पुत्र रामखेलावन शामिल हैं। सभी घायलों का उपचार लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है जबकि दो व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद रवाना कर दिया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क पर आवारा पशुओं की समस्या को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

## विद्यालय का हुआ कायाकल्प

सीतापुर। जनपद सीतापुर के विकासखंड सकरन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरैया बाजार माजरा पिपरा खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प किया गया है। इस पहल से स्कूल की सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। बच्चों को बैठने के लिए नई सेट बेंच उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, स्कूल की दीवारों पर रंगाई-पुताई के साथ प्रार्थनाएं और अन्य प्रेरक संदेश लिखे गए हैं। इससे बच्चों के बैठने, देखने और पढ़ने की व्यवस्थाएं बेहतर हुई हैं। इस दौरान छात्रों को महत्वपूर्ण किताबें, गणित किट और अन्य खिलौने भी वितरित किए गए। यह कायाकल्प प्रधानाध्यापक सुंदरलाल और नीरज वर्मा के प्रयासों से संभव हो पाया है।

## मेड़ के विवाद में चली लाठियां दो भाई घायल

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के रमुआपुर गांव में खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। रमुआपुर निवासी लेखपाल सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को उनके बेटों शिव मोहन और शिवम का खेत की मेड़ को लेकर शिव मोहन और गोविंद (दूसरे पक्ष के) से विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते शनिवार सुबह जब उनके बेटे खेत जा रहे थे, तब रास्ते में तीन आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज की और मना करने पर डंडे व लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस मारपीट में लेखपाल सिंह के बड़े बेटे शिव मोहन और शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायल भाइयों को इलाज और मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पिसावां थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने नवोदय विद्यालय खैराबाद में लगायी पाठशाला




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बच्चों की लैब आदि देखा।

इस दौरान 539 बच्चें उपस्थित पाये गये। साथ ही उन्होंने अध्यापकों की संख्या, भोजन, पानी, खेलकूद व्यवस्था, सीसीटीवी, मनोरंजन, योग, शौचालय, स्नानागार, बच्चों को प्रतिदिन दिये जाने वाले भोजन के मैन्यू की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि स्कूल की निरन्तर सही ढंग से साफ-सफाई कराते रहें, कहीं पर भी गंदगी न दिखायी दे। खेलकूद मैदान में गंदगी व अन्य समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये जिलाधिकारी ने उपप्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह पर अनुशासनिक कार्यवाही एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। किचन में गंदगी एवं भोजन की खराब गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये किचेन व्यवस्था प्रभारी मनीष शुक्ला पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ-साथ ठेकेदार पर 10 प्रतिशत की कटौती करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के सुधार हेतु 15 दिनों को समय दिया। जिलाधिकारी आर0ओ0 के पानी की गुणवत्ता को परखते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि आर0ओ0 प्रथम व द्वितीय तल पर जरूर लगाया जाये ताकि बच्चों को पानी की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। रात्रि के समय बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बच्चों के साथ पाठशाला लगाकर जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं को सुना एवं आश्वासन दिया कि 15 दिन के अन्दर सभी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मेरा सी0यू0जी0 नम्बर सभी कक्षा कक्ष के बाहर अंकित किया जाये, जिससे बच्चों को आवश्यक होने पर मुझसे सम्पर्क स्थापित कर सकें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि शौचालय व स्नानागार जो भी कमियां हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाये तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। बच्चों को 02 साल से यूनीफार्म न मिलने, बेडशीट आदि न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये शासन को रिपोर्ट जारी करने के लिये कहा। हिन्दी अध्यापक एस0के0 श्रीवास्तव के बेहतर शिक्षा के लिये जिलाधिकारी ने प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन रखे जायें।

## विश्व एड्स दिवस जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता गोष्ठी आयोजित किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व परिषद के ऑडिटर उमा शंकर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व संचालन जिला महासचिव विजय शुक्ला ने किया गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति ने कहा एड्स एक भयावह बीमारी है।

एड्स को केवल जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है जिला सलाहकार डॉ राजीव मिश्रा ने कहा एड्स असुरक्षित रक्त लेने से, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित मां से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में फैलता है। जिला उप सचिव डॉ विकास जैन ने कहा एड्स की पहचान संभावित लक्षणों के देखने के पश्चात ही हो पाती है गोष्ठी के अंत मे सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से एड्स जागरूकता रंगोली को मोमबत्ती से सजाया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, विनोद त्रिपाठी, विधि परामर्श केंद्र न्याय पीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, ऑडिटर उमा शंकर गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## परिवहन विभाग की कार्यवाही,दो एसी बसें सीज




सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा स्लीपर बसों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत महोली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पानीपत और दिल्ली की ओर जा रही दो स्लीपर बसों को परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर मौके पर ही सीज कर दिया गया।

एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल के दिनों में लगातार स्लीपर बसों द्वारा तय नियमों की अनदेखी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए इस अभियान की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि अब तक अभियान के दौरान करीब 11 बसों का चालान करते हुए आधा दर्जन स्लीपर बसों को नियम विरुद्ध संचालन पाए जाने पर सीज किया जा चुका है। परिवहन निगम द्वारा लगातार डग्गामार बसों के संचालन और मनमाने तरीके से सवारियों को बैठाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसी के आधार पर विभाग ने जांच की कार्यवाही तेज की। पकड़ी गई बसों में फुटकर सवारियों को बिना किसी निर्धारित टिकट और नियमों के विरुद्ध परिवहन किया जा रहा था। जो सुरक्षित यात्रा मानकों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसे ऑपरेटरों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था में अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। कार्रवाई के बाद परिवहन निगम की आय में भी वृद्धि होगी।

## मौरावां पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पिच क्यूरेटर शिव कुमार

हिलौली, उन्नाव। नगर पंचायत मौरावां में विश्व के जाने माने क्रिकेट पिच क्यूरेटर शिव कुमार मौरावां नगर पंचायत पहुंचें और मौरावां में क्रिकेट मैदान बनाने के लिए बेहतर स्थानों को देखा। जानकारी के अनुसार पिछले साल नगर पंचायत अध्यक्ष मौरावां कुँवर विवेक सेठ ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविंद श्रीवास्तव कमल से मौरावां में व खेल व क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 बीघा जमीन दान देने का वादा किया था। जिस क्रम में वर्तमान समय मे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन अरविंद श्रीवास्तव कमल के निर्देशन पर रविवार 30 नवंबर को मौरावां नगर पंचायत के मेला मैदान पर विश्व के जाने माने पिच क्यूरेटर शिव कुमार पहुंचें। जहां पर डीसीए उन्नाव के जॉइंट सेक्रेटरी राजेश चैधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष मौरावां प्रतिनिधि जमुना तिवारी ने एक बड़ी से माला पहनाकर शिव कुमार का भव्य स्वागत किया। जिसके बाद शिव कुमार ने कुँवर विवेक सेठ द्वारा बताये गए मैदानों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौरावां क्षेत्र के बच्चों को जल्द ही क्रिकेट पिच व मैदान उपलब्ध हो जाने की बात कही। उन्होंने कुँवर विवेक सेठ की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि आज के जमाने मे कोई भूमि का एक अंश भी देता वहाँ विवेक सेठ जी द्वारा इतना बड़ा दान किया जाना बहुत ही महान कार्य है।

## नही सुधर रही स्वास्थ सेवाएं जिम्मेदार अधिकारी उदासीन



उन्नाव। उमाशंकर दीक्षित संयुक्त जिलाचिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाएं बेपटरी हैं। जिम्मेदारों की मनमानी और लापरवाही से इलाज के लिए आने वाले जरुरतमंदों को सरकार की मंशा के अनुरूप निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया नहीं हो पा रही हैं। डॉक्टर समय से ओपीडी में भी नहीं बैठते हैं। और ओपीडी समय पूरा होने से पहले उठकर चले जाते हैं। शिकायतों के बावजूद मिलीभगत के चलते कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती है। अधिकांश मामलों जांच टीम गठित कर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। मंगलवार को नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार के कक्ष के बाहर लाइन में लगे मरीज इंतजार कर रहे थे लेकिन नेत्र चिकित्सक 11:30 बजे तक अपने कक्ष में नहीं पहुंचे चिकित्सक न मिलने से कई मरीज मायूस लौट गए। हर रोज इलाज के लिए मरीज सुबह घंटों डाक्टरों का आने का इंतजार करते हैं। वहीं दूसरे नेत्र चिकित्सक फैजल जुबैर ओटी में मरीजों कि आंखों का ऑपरेशन कर रहे थे।

### क्या बोले सीएमएस

मामले में जब सीएमएस डा0 राजीव गुप्ता से बात की गयी तो वह बौखलाहट भरे लहजे में बोले यहां लखनऊ से टीमें जांच करने आ रही है। हम पहले ही बहुत परेशान है। आप ही यहां से हटवा दीजिए।

## ग्राम पंचायत सचिवों का सकरन में विरोध, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन के ग्राम पंचायत सचिवों व अधिकारियों ने सोमवार को अतिरिक्त कार्यभार और बढ़ते दबाव के विरोध में विकासखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सचिवों ने शासन-प्रशासन के रवैये पर आपत्ति जताते हुए खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत यादव, शैलेन्द्र दीक्षित, उमाकांत, अनूप सिंह, कीर्ति वर्मा, पूजा शर्मा, विनय लोधी, प्रदीप चैधरी और अरुण वर्मा सहित कई सचिव मौजूद रहे।

## अधिवक्ता हितों की लड़ाई लड़ता रहूंगाः अजय




फतेहपुर। जनवरी 2026 में होने वाले उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य चुनाव के मद्देनजर फतेहपुर कचेहरी परिसर में पूर्व चेयरमैन व वर्तमान प्रत्याशी अजय यादव एडवोकेट का भव्य आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनके सुझावों एवं समस्याओं को समझा।अजय यादव ने सभी अधिवक्ताओं से मुखातिब होकर कहा कि अधिवक्ताओं के हित उसके लिए सर्वोपरि हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बार काउंसिल का सदस्य बनने पर सभी प्रकार की विधिक एवं व्यावसायिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का प्रयास करेंगे और अधिवक्ता समुदाय के लिए निरंतर खड़े रहेंगे।इस दौरान सुरेश यादव एडवोकेट, विनोद यादव एडवोकेट, इंद्रजीत यादव एडवोकेट, संदीप यादव, पुष्पेंद्र यादव, अवधेश यादव, परीक्षित यादव, मनोज यादव, बृजेंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, श्रीराम पटेल, रंजीत मौर्य, अंकित दीक्षित, रविंद्र यादव, नमिता यादव सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने अजय यादव के विचारों और प्रतिबद्धता की सराहना की।अजय यादव का कहना था कि उनका चुनाव जीतना फतेहपुर के अधिवक्ता समुदाय के लिए विकास और न्यायिक स्तर के सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के लिए बेहतर सुविधाएं, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया और न्यायपालिका के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना उनकी प्राथमिकताएं हैं।इस प्रकार अजय यादव का यह आगमन फतेहपुर के कानूनी पेशेवर वर्ग के बीच उत्साह और उमंग।

## एसआईआर की बढ़ी समय सीमा का करें सदुपयोगः भाजपा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष




जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। जहानाबाद विधानसभा के सभी देवमई, जहानाबाद, अमौली व खजुहा मंडल में हुई एसआईआर समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष की अगुवाई में बूथों पर सहयोग कर रहे कार्यकर्ता भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की गई, सभी बैठकों में जिलाध्यक्ष द्वारा मंडल पदाधिकारियों व शक्तिकेंद्र सह उपस्थित संयोजकों से अब तक की बूथों के पूर्ण व अपूर्ण कार्य प्रतिशत पर चर्चा की गई व कमजोर बूथों में मंडल पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा सभी बैठकों में संबोधित करते हुए कहा कि समय पूरा होने से पहले ही कार्य पूर्ण करें,जिलाध्यक्ष द्वारा स्वयं ही सभी मंडलों के कई बूथों पर जाकर काम कैसे और किस गति से आगे बढ़ रहा है परखा गया, अमौली मंडल के बूथ संख्या में बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकत्री सविता देवी से भी जानकारी ली गई, जहां बीएलओ ने बताया कि हमारे बूथ पर 695वोटर है सभी फार्म वितरित हो गयें हैं वहीं 665फार्म की वापसी भी हो गई है,कार्य की सफलता से प्रसन्न भाजपा जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ताली बजाकर बीएलओ का स्वागत किया गया, समीक्षा बैठक में रमाकांत त्रिपाठी,बैजनाथ वर्मा,मनोज मिश्रा मनु,रेखा मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह,लाल सिंह सूर्यवंशी, रामभक्त वर्मा,साहब सिंह, आशुतोष अग्निहोत्री, नितिन ओमर, संतोष गुप्ता,रोहन श्रीवास्तव, सुतीक्षण सिंह, जयन्ती वर्मा,मधुराज विश्वकर्मा,पवन मिश्रा, अरुण शुक्ला सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 51 हिस्ट्रीशीटरों ने ली अपराध न करने की शपथ

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। धर्म नगरी नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने थाना परिसर में एक विशेष बैठक कर शपथ का आयोजन किया। इस बैठक में थाना क्षेत्र के कुल 51 हिस्ट्रीशीटरों को बुलाया गया।

पुलिस प्रशासन के इस कदम का मकसद अपराध के रास्ते पर चल रहे लोगों को सुधार की ओर प्रेरित करना और उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर प्रदान करना रहा। थाना प्रभारी ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कानून का पालन करना ही उनके जीवन के लिए सुरक्षित और लाभदायक होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराध के मार्ग पर चलने वालों को अंततः भारी नुकसान उठाना पड़ता है और उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। इसलिए समय रहते सुधार की दिशा में कदम बढ़ाना ही समझदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस कानून लागू करने के साथ-साथ समाज सुधार की दिशा में भी कार्य करती है, लेकिन अगर किसी ने अपराध करना नहीं छोड़ा तो पुलिस सख्त कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगी। बैठक के दौरान सभी हिस्ट्रीशीटरों ने थाना प्रभारी के समक्ष भविष्य में किसी भी प्रकार का अपराध न करने की शपथ ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर ईमानदारी और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करेंगे। कई लोगों ने यह भी कहा कि वे अब अपने परिवार और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपराध की दुनिया से दूरी बनाए रखेंगे।

थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार की बैठकों का उद्देश्य केवल चेतावनी देना नहीं, बल्कि अपराधियों को सुधार की राह पर लाना है। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र के लोग अपराध छोड़कर शांतिपूर्ण जीवन अपनाते हैं, तो इससे समाज में अमन-शांति स्थापित होगी और पुलिस-जन सहयोग भी मजबूत होगा।

## नाबालिग से बलात्कार के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा

फतेहपुर ।उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में पॉक्सो कोर्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण न्यायिक फैसले की विस्तृत खबर प्रस्तुत है, जिसे समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया जा सकता है ।फतेहपुर में विशेष अभियान के तहत पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त राहुल कुमार शुक्ला को 10 वर्ष कैद व जुमार्ने की सजा सुनाईफतेहपुर। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार चलाए गए विशेष अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के कुशल निरीक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के नेतृत्व में सक्रिय पैरवी के कारण पुलिस ने गंभीर आपराधिक मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। जनपद फतेहपुर की स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी राहुल कुमार शुक्ला पुत्र जयनारायण शुक्ला, निवासी ब्राह्मण टोला, कस्बा व थाना खागा को धारा 376 भादवि (बलात्कार) के तहत दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है ।यह मामला थाना असोथर में 2022 में दर्ज एसटी संख्या1288/2022,मु0अ0सं0-158/2022 के तहत था। कोर्ट द्वारा अर्थदण्ड अदा न किये जाने पर एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भी भुगतना होगा ।इस निर्णायक कार्रवाई से फतेहपुर पुलिस की कार्यप्रणाली और न्याय व्यवस्था की साख दोनों मजबूत हुई है। स्थानीय जनता में न्याय के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना में वृद्धि हुई है, जो समाज में अपराध नियंत्रण हेतु एक सकारात्मक संदेश है ।पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ने कहा कि ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि अपराधियों को कानून के कटघरे में लाया जा सके और समाज को सुरक्षित रखा जा सके ।इस प्रकार फतेहपुर की प्रभावी पुलिस टीम ने न केवल अपराधियों को सख्त सजा दिलाई है, बल्कि पीड़ितों को न्याय भी सुनिश्चित किया है।

## समाजसेवी की सराहनीय पहलः आवारा पशुओं को पहना रहे रेडियम बेल्ट

सीतापुर। हाईवे सहित शहर की प्रमुख सड़कों पर निराश्रित गौवंशों से टकराकर लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए समाजसेवी ने एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। रात के समय सड़कों पर घूम रहे अथवा बैठ जाने वाले निराश्रित गौवंशों की वजह से अक्सर वाहन चालक हादसों का शिकार होते रहे हैं। ऐसे में अब गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाकर उनकी दृश्यता बढ़ाने की पहल की गई है। यह प्रयास समाजसेवी एवं गौसेवक अनूप खेतान द्वारा अपने निजी खर्चे से शुरू किया गया है, जिसकी लोग जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। समाजसेवी अनूप खेतान और सीओ सिटी विनायक भोसले ने शहर व हाईवे के किनारे घूम रहे सैकड़ों बेसहारा गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई है। इस बेल्ट की खासियत यह है कि रात के अंधेरे में दूर से ही वाहन चालकों को गौवंश दिखाई देने लगते हैं, जिससे हादसों की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। कोहरे के मौसम में यह बेल्ट और भी उपयोगी साबित होगी, क्योंकि कम दृश्यता की वजह से वाहन चालक अचानक सड़क पर बैठे जानवरों से टकरा जाते हैं। इस पहल की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी विनायक भोसले ने भी मौके पर पहुंचकर पहल की सराहना की। उन्होंने स्वयं भी समाजसेवी अनूप खेतान के साथ कई गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई और लोगों से इस तरह के प्रयासों को प्रोत्साहित करने की अपील की। सीओ ने कहा कि इससे न सिर्फ सड़क हादसों में कमी आएगी बल्कि सड़क पर भटक रहे एवं चोटिल हो रहे गौवंशों की जान भी सुरक्षित रहेगी। समाजसेवी अनूप खेतान ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अधिक से अधिक गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई जाएगी, ताकि शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके। उनकी इस पहल से राहगीरों, वाहन चालकों में खुशी का माहौल है। यह प्रयास सड़क सुरक्षा के साथ-साथ पशु संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के हरदोई उन्नाव सडक मार्ग पर हफीजाबाद गांव के पास प्राइवेट बस और बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे सी एच सी फतेहपुर चैरासी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना दही के गांव बत्ती खेड़ा ओरहर निवासी रामकुमार का लगभग 20 वर्षीय पुत्र सोनू अपनी नानी शांति निवासिनी गांव भिखारीपुर रूल्ल थाना बांगरमऊ गया था जहां से सोनू मंगलवार को बाइक से अपने घर जा रहा था अभी वह गांव हफीजाबाद के पास पहुंचा ही था कि सामने उन्नाव से बांगरमऊ की ओर जा रही प्राइवेट बस से टक्कर हो गई जिससे वह घायल हो गया। घायल को आनन फानन एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां डाक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। मृतक स्नातक का छात्र था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता बाहर रहकर काम करते हैं जिससे परिवार की जिम्मेदारी मृतक सोनू ही संभालता था। सोनू की मौत से नानी, माँ रीना व भाई बोनी सूरज सहित परिजन रो रोकर बेहाल रहे। एक्सीडेंट के बाद बस चालक भाग गया। एस ओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि बस चालक मौके से भाग गया है। बस कब्जे में ली गयी है। सी एच सी के मेमो पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पंचायत पुरवा में स्वच्छता मिशन की खुलेआम उड़ा रही धज्जियां



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन्नाव जिले के पुरवा नगर पंचायत स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक हो गई है। नगर पंचायत पुरवा की लापरवाही के कारण शहर की मुख्य सड़क कूड़े के ढेर में तब्दील हो गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, नगर पंचायत द्वारा कचरे के उचित निपटान की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे न केवल यातायात बल्कि आस-पास के व्यापारियों और निवासियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार समय पर सफाई कर्मचारियों की लापरवाही कचरे के ढेर से दुर्गंध और प्रदूषण यह समस्या केवल पुरवा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन्नाव जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई जगहों पर ऐसी ही समस्याएं सामने आ रही हैं। पुरवा के राहुल मोबाइल शॉप के मालिक भूपेंद्र कुमार से बात की गयी तो उन्होंने बताया की सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

## गांधी चर्चा कार्यक्रम में विचारकों ने रखे विचार



उन्नाव। सर्वोदय मंडल द्वारा अनवरत चलाई जा रही गांधी चर्चा के क्रम में मैचलेस सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गदन खेड़ा में छात्रों के बीच में गांधी जी से जुड़ी हुई भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। गांधी चर्चा का शुभारंभ करते हुए सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष नसीर अहमद ने कहा कि समाज का एक वर्ग अपने राजनीतिक लाभ हानि के लिए भले ही गांधी जी के बारे में जितना दुष्प्रचार कर ले लेकिन आज भी भारत की पहचान दुनिया में गांधी और बुद्ध से होती है उन्होंने कहा कि आप हिंसा को हिंसा के रास्ते से खत्म नहीं कर सकते क्योंकि यह एक अंतहीन लड़ाई होती है जो कहीं ना कहीं जाकर समाज को सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए शांति के रास्ते पर चलना ही पड़ता है। आज पूरी दुनिया युद्ध की विभीषिकाओं जुड़ी हुई है, ऐसे नाजुक वक्त में दुनिया के गांधी जी के विचारों की जरूरत है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था के मंत्री संजीव श्रीवास्तव, संयोजक रघुराज मगन, अनुराग साहू, दीपांशु गौतम, प्रिंस यादव, प्रणव मिश्रा, श्रेया कुमार, रंजीत कुमार, आयुष शर्मा सहित प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

संक्षेप

## रनिंग कर्मचारियों ने स्टेशन परिसर में दिया धरना

**बांदा।** रनिंग कर्मचारियों ने टीए के सापेक्ष माइलेज दर में 1 जनवरी 2024 से 25 प्रतिशत वृद्धि व माइलेज रेट के 70 प्रतिशत राशि कर मुक्त करने को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन किया। रनिंग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आर के यादव, सचिव अखिलेश गुप्ता, मोहित सैनी, अंजनी कुमार, वेद प्रकाश ने बताया कि गाड़ी संचालन में व्यवधान उत्पन्न किए बिना लाबियों के पास धरना दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि इस दौरान यात्रियों को भी कोई असुविधा नहीं होगी। बताया कि उन्होंने क्रू नियंत्रक झांसी को पत्र भेजा है। धरने में लोको पायलट अंजनी कुमार, रविशंकर, केके सिंह, एसएन कुशवाहा, सुरेश, बरातीलाल, राकेश, मुरलीधर, दिलीप कुमार, कपिल पाल मौजूद रहे।

## अभय पांडेय राष्ट्रीय मंच पर चमके, हुआ स्वागत

अयोध्या। ग्राम मलिकपुर, डाभासेमर निवासी अभय पांडेय पुत्र विनय पांडेय ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या का नाम रोशन किया है। हरियाणा में 27 से 30 नवंबर तक आयोजित 35वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम में चयन होने के बाद अभय ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल टीम को मजबूती प्रदान की, बल्कि प्रदेश के साथ-साथ अयोध्या जनपद का भी गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से लौटने पर मंगलवार को अभय पांडे का अयोध्या पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह के सहादतगंज स्थित आवास पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अभय को फूल-माला पहनाने के साथ मिठाई खिलाई गई और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया।

स्वागत समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि अभय ने अपने दमदार खेल से प्रदेश की उम्मीदों को नई ऊँचाई दी है। गांव से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना आसान नहीं होता, लेकिन अभय ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा और अनुशासन हो तो बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन ऐसे खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन देता रहेगा। अयोध्या के खिलाड़ी लगातार विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है।

# फर्जी प्रपत्र बनाकर जमानत लेने वाले तीन गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**बांदा।** थाना तिन्दवारी पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत फर्जी जमानतदारों पर कार्यवाही करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस0 के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गयी है। बताते चलें कि बीते 12 नवंबर को थाना तिन्दवारी में कार्यरत उपनिरीक्षक शिवकरन सिंह ने फर्जी जमानत लेने के बारे में आरोपी बलवीर व 20 नवंबर को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के रहने वाले राम सिंह ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर कुछ अज्ञात लोगों ने कूटरचित तरीके से एनडीपीएस के आरोपी की न्यायालय में जमानत ली है। जिसे लेकर थाना तिन्दवारी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, अभिसूचना संकलन, अभिलेखो के सत्यापन व मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी हरिशंकर को मवई तिराहा कोतवाली देहात के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से कूटरचित आधार कार्ड व अन्य फर्जी परिपत्र मिले। पुलिस ने कड़ाई से पूंछताछ की तो बताया कि फर्जी परिपत्र साथी हेमन्त बनाता है। उसकी निशादेही पर हेमन्त को संकट मोचन मंदिर थाना कोतवाली नगर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से फर्जी दस्तावेज व अन्य सामान बरामद हुआ है। इसके बाद तेरहीमाफी मोड़ थाना तिन्दवारी के पास एक व्यक्ति दिखा जिसे गिरफ्तार आरोपियों ने पहचान कर बताया कि यह बलवीर है जो उनके साथ फर्जी दस्तावेज का प्रयोग कर घटना को अंजाम देता है। गिरफ्तार आरोपी के पास भी फर्जी परिपत्र प्राप्त हुए। पूंछताछ में उन्होने बताया कि वह शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व रामबाबू के साथ मिलकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड, फर्जी फोटो व अन्य फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर कारागार में निरुद्ध आरोपियों की जमानत लेते हैं साथ ही उन्होने थाना तिन्दवारी, थाना पैलानी, थाना बबेरु, थाना जीआरपी बांदा, थाना कोतवाली नगर व अन्य थानों के साथ-साथ जनपद चित्रकूट के आरोपियों की भी कूटरचित तरीके से जमानत ली है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में दीपेन्द्र सिंह थाना प्रभारी तिन्दवारी, उप निरीक्षक अंजनी कुमार पाण्डेय, दिनेश सिंह, राम आधार रावत, हेड कांस्टेबल रामचन्द्र यादव, कांस्टेबल सुमन्त सिंह, महेन्द्र कुमार व अमन मौजूद रहे।

## विश्व दिव्यांग दिवस, उपकरण वितरण कार्यक्रम

बांदा। नरैनी व जिले के सभी ब्लाकों में 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नरैनी ब्लाक परिसर में किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होगा। कहा कि 8 को महुआ, 12 को बड़ोखरखुर्द, 16 को तिंदवारी, 19 को जसपुरा, 23 को बिसंडा, 27 को कमासिन, 30 को बबेरू में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# जेवरात व नकदी लेकर मायके पक्ष के साथ भागी महिला

**ललितपुर।** न्यायालय के आदेश पर एक मामला महरौनी कोतवाली में दर्ज हुआ है। इस मामले में करीब दस माह पहले हुयी शादी की एक ऐसी कहानी दर्ज करायी गयी है, जिसमें नई नवेली दुल्हन ने अपने मायके पक्ष से मिलकर ससुरालियों पर मुकद्दमा दर्ज कराने की धमकी देते हुये कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने की शर्त रखी। करीब चार माह बाद महिला अपने मायके आ गयी। ससुरालियों ने जेवरात और नकदी लेकर गयी बहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने एक ना सुनी। मजबूरन पीड़ित पक्ष को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

मामला है महरौनी के ग्राम कुआघोषी का, यहां रहने वाले रामस्वरूप पुत्र श्रीराम कौशिक ने एसीजेएम न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता के जरिए एक वाद दायर किया है। बताया कि उसके पुत्र अंशुल कौशिक की शादी 6 फरवरी 2025 को म.प्र. के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना पलेरा क्षेत्र के बीआरसी ऑफिस के पीछे रहने वाले मुन्नालाल की पुत्री प्रतीक्षा के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुयी थी। शादी के दूसरे दिन से बहू प्रतीक्षा का स्वभाव गुस्से का था। पन्द्रह दिन बाद प्रतीक्षा अपने मायके चली गयी। 24 मार्च 2025 को प्रतीक्षा को लेने वह लोग पलेरा पहुंचे, जहां से उसी दिन प्रतीक्षा को लेकर लौट आये। 3 जून को फिर से मुन्नालाल, केशव, शिवम, राजेन्द्र आदि प्रतीक्षा को लेने आ गये और 5 जून को स्वतरू प्रतीक्षा को कुआघोषी में छोड़ गये। पहली जुलाई 2025 को वह अपने पुत्र व परिवार के साथ गांव में था। रात करीब 10 बजे नयी कार से मुन्नालाल तिवारी, केशव, शिवम व राजेन्द्र गंगेले आये और घर में घुसकर प्रतीक्षा को आवाज देकर घर चलने की बात कही। प्रतीक्षा ने मायके वालों की आवाज सुनकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व 70 हजार रुपये नकद उठाये और जाने लगी। विरोध करने पर मायके पक्ष के लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा होते हुये विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर उसने अपने साथ पुत्र, शिवशंकर, रामस्वरूप ने समझाया तो उक्त लोगों ने कहा कि प्रतीक्षा की दूसरी शादी करेंगे और तुम लोगों पर 3 लाख रुपये का मुकद्दमा करेंगे। मामले में जब पीड़ित पक्ष थाने में शिकायत दर्ज कराने गये तो उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी। अब न्यायालय के आदेश पर महरौनी पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों पर बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2), 316 (2), 351 (3), 352 व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खाद न मिलने से किसानों ने लगाया जाम



**बांदा।** तहसील पैलानी के सिंधन कला गांव की बी-पैक्स सोसाइटी में सचिव रामभवन यादव की लापरवाही से किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। सुबह से ही किसानों ने समिति के बाहर लाइन लगा ली थी लेकिन जब दोपहर तक खाद नहीं मिली तो किसानों ने सड़क पर जाम लगा दिया जिससे दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की कतार लग गई। सीओ सदर राजवीर सिंह, तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह, नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश व थाना प्रभारी पैलानी राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होने सचिव राम भवन यादव को फटकार लगाते हुए तत्काल यूरिया वितरण के निर्देश दिए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम को खोल दिया। किसान विजयपाल सिंह चैहान, नंदू सेंगर, महेंद्र सिंह गौर, उमेश सिंह चंदेल, पूर्व प्रधान शिवदर्शन सिंह चंदेल, गोलू मिश्रा, रमेश कुमार, रामबाबू ने बताया कि एक दिन पहले उन लोगों को टोकन दे दिया गया था लेकिन दोपहर तक खाद नहीं मिली। एक दिन पहले मंत्री रामकेश निषाद के हस्तक्षेप से किसानों को शाम पांच बजे कूपन बांटा लेकिन सचिव ने यूरिया का वितरण नहीं किया। विजय पाल सिंह, महेंद्र सिंह, रोहित, रामबाबू, देवीदयाल, रमेश कुमार व अन्य किसानों ने सचिव को निलंबित करने की मांग की है।

## महिला आयोग की अध्यक्ष छह को आयेंगी

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डा.बबीता सिंह चैहान 06 दिसम्बर 2025 को सुबह 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। सुबह 11.30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।

## डीएम ने धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण



**बांदा।** कस्बा नरैनी में विपणन शाखा के राजकीय धान क्रय केन्द्र, प्रथम व द्वितीय का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अब तक राजकीय धान क्रय केन्द्र नरैनी प्रथम में 175.20 कुंतल व द्वितीय में 124 कुंतल की खरीद की गयी है। डीएम जे0 रीभा को केन्द्र में बोरों की पर्याप्त उपलब्धता मिली। उन्होने निर्देश दिये कि किसानों को समय पर निर्धारित मूल्य का भुगतान किया जाये तथा लक्ष्य के अनुरूप समय से धान खरीद सुनिश्चित की जाये। उन्होंने धान खरीद कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश संबंधित क्रय केंद्र प्रभारियों को दिए। उन्होंने विक्रय कर रहे, धान खरीद के किसानों से बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान केंद्र प्रभारी व किसान मौजूद रहे।

# सीडीओ ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



**बांदा।** ब्लॉक महुआ की ग्राम पंचायत प्रेमपुर में सीडीओ की अध्यक्षता में चैपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधान, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत सप्लाई सही रखने एक ट्रांसफार्मर रखवाये जाने की जरूरत है।

एचटी लाइन के तार जर्जर हो चुके हैं और वह खेतों से निकले हैं जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। प्रधान ने बताया कि देवरार रोड से विद्युत तारों को लाया जा सकता है। कहा कि अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड ग्रामीण से सर्वे कराकर समस्या का निराकरण कराया जाए। बताया कि गांव के 112 लाभार्थियों को पेंशन मिल रही है, मनरेगा योजना के तहत ग्राम में 612 जॉब कार्डधारक हैं। तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक ने कहा कि मजदूरों द्वारा मनरेगा में कार्य से कम मजदूरी पर अरुचि जतायी जाती है।

इस पर सीडीओ ने कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सीडीओ ने परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हे आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका उपस्थित नहीं मिलीं। जिस पर उन्होने सीडीपीओ को कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने मंदिर के पास कचरा व तालाब की जलकुंभी साफ कराये जाने की मांग की। सीडीओ ने सचिव को सफाई कराने के निर्देश दिए।

# गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शहर के गंदे पानी को रोकने की कार्रवाई करें: डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति, मानव गुलदार संघर्ष निवारीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि गुलदार के हमलों में घायल लोगों को जांच के आधार पर मुआवजा भी दिलाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों में यह जांच कराना सुनिश्चित करें कि कोई भी नाला या सीवर का गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित न हो रहा हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी को स्वच्छ रखने के लिए उनमें शहर के गंदे पानी को जाने से रोकने की कार्रवाई प्रमुखता से करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करें तथा गंगा घाट पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और जर्जर शौचालय की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पर्यावरण समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुमार्ना लगाने तथा चालानों में बढोतरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश कि शेष रह गए अस्पतालों में शत प्रतिशत बारकोड लगाना सुनिश्चित करें और बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सत्र में होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए बड़े स्थलों का चयन करते हुए उनकी सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

उन्होंने निर्देश दिए कि पौधों का शत प्रतिशत रूप से जियो टैग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बाद में मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण संबंधी बैठक की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ब्लॉक अफजलगढ़ के मच्छमार औरपशुओं को खुले में डालने की शिकायत पर पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त ग्रामों के प्रधानों से वार्ता कर मृतक पशुओं को सही प्रकार से डिस्पोज कराना एवं मृतक पशुओं के डिस्पोज के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की जहां-जहां गुलदार की घटनाएं हो रही है वहां पर गुलदार से बचाव के लिए जागरूकता कैंप लगाना सुनिश्चित करें। ग्राम वासियों को प्रेरित करें कि गन्ने की बुवाई करतेवक्त थोड़ी जगह अवश्य छोड़ें जिससे कि गुलदार को छुपने के लिए स्थान ना मिले।

उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गुलदार प्रभावि अति संवेदनशील क्षेत्रों में टीमों का गठन कर टीम के सदस्यों को गुलदार से बचाव से संबंधित निरंतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि गुलदार हमले से घायल लोगों को जांच के आधार पर मुआवजा भी दिलाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## डीएम व एसपी ने किया छात्राओं का सम्मान



**महोबा।** यातायात माह के समापन अवसर पर पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने सभी सम्मानित छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने ट्रैफिक नियमों की जानकारी विस्तार से दी और बताया कि हेलमेट, सीट बेल्ट तथा गति सीमा का पालन दुर्घटनाओं को रोकने में अत्यंत प्रभावी है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि ने मंगलवार को ललितपुर जनपद के वार्षिक निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन्स का भ्रमण करते हुये विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण, पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का निरीक्षण तथा थाना कोतवाली व तालबेहट का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वार्षिक निरीक्षण के तहत पुलिस लाइन्स में परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। इसके उपरान्त परेड में उपस्थित पुलिस कर्मियों, यू0पी0-112, फायर सर्विस, डॉग स्कवायॅड की टीम, रिक्रूट आरक्षियों से किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थितियों से निपटने हेतु दंगा नियन्त्रण उपकरणों के साथ बलवा मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया व उपकरणों की दक्षता व रखरखाव के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन के क्वाटर गार्द को चेक कर गार्द होशियार करने की कवायद करवाई गयी साथ ही क्वार्टर गार्द में आपातकालीन नम्बरों की सूची में सभी आपातकालीन नम्बरों, स्थानीय थाना प्रभारियों, फायर सर्विस विभाग आदि सभी के नम्बरों को सूची में अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन्स के भ्रमण के दौरान जनपदीय कण्ट्रोल रूम, रेडियो शाखा, यू0पी0-112 का निरीक्षण कर आपस में समन्वय स्थापित करने तथा किसी भी घटनाध्दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर आकस्मिक स्थिति में कम से कम समय में अधिक से अधिक रिस्पांस देने के साथ ही सम्बन्धित थाना प्रभारी को भी अवगत कराने के निर्देश दिये गये है। परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध वाहनों का रखरखाव, दक्षता आदि को चेक किया गया, वाहनों की तकनीकी कमियों को यथाशीघ्र दूर करने एवं सभी वाहनों को अपडेट रखने तथा फत्ट टीम में उच्च कोटि के वाहनों को प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। शस्त्रागार का निरीक्षण कर आर्म्स एण्ड एम्युनेशन का रखरखाव, साफ-सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जी0पी0 स्टोर में उपलब्ध सामाग्री की समीक्षा कर उच्च गुणवत्ता के हैलमेट, डण्डा, बाडी प्रोटेक्टर, लाउड हेलर, टार्च आदि उपकरण सभी पुलिस थानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। पुलिस मैस का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को उच्च गुणवत्ता का भोजन देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। विभिन्न पत्रावलियों, गार्द रजिस्टरों का अवलोकन कर प्रतिसार निरीक्षक को यथाशीघ्र निस्तारित करने तथा पुलिस कर्मियों की डियूटी क्रमवार लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें रिक्रूट आरक्षियों हेतु पुलिस लाइन में बने नवीन क्लास रूम का उद्घाटन किया गया।दौरान द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।पुलिस कार्यालय ललितपुर के निरीक्षण के क्रम में प्रधान लिपिक शाखा, वाचक कार्यालय, रिकार्ड शाखा, पासपोर्ट शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ, आंकिक, रिट सेल, डीसीआरबी सहित सभी शाखाओं का विस्तृत निरीक्षण कर पत्रावलियों व अभिलेखों के रखरखाव व उनकी प्रविष्टियों को चेक किया गया तथा लम्बित पत्रावलियों व अभिलेखों के अविलम्ब निस्तारण हेतु आदेशित किया गया।

इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील कुमार, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त शाखा प्रभारी तथा पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

- **फायर सेफ्टी, यातायात नियन्त्रण, मॉब कन्ट्रोल सहित सभी मॉक ड्रिल्स का कराया गया अभ्यास**
- **फील्ड यूनिट टीम को फिंगर प्रिन्ट व साक्ष्य संकलन की कार्यवाही का कराया अभ्यास**
- **प्रशिक्षु आरक्षियों के लिए नवीन क्लास रूम का किया उद्घाटन**

## पुलिस महानिरीक्षक ने अपराध समीक्षा गोष्ठी कर दिये अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि द्वारा पुलिस लाइन्स ललितपुर में जनपद के पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें विभिन्न संगीन अपराधों, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों, महिलाओ एवं बालिकाओ सम्बन्धी अपराध, लंबित विवेचनाओ के निस्तारण, साइबर अपराध, माल मुकदमाती का निस्तारण, पुरस्कार घोषित, टॉप-10 अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही आदि की विस्तृत समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। शातिर, अभ्यस्त व हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध अधिक प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट, जिलाबदर कराते हुये हिस्ट्रीशीट खोलें। सक्रिय गैंग का पंजीकरण करने और पुरस्कार घोषित, गैंगस्टर में वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। अपराधियों का सत्यापन कराने, गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित की गई चल-अचल संपत्ति का चिन्हीकरण कर जब्तीकरण की कार्यवाही करें। गम्भीर अपराध हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी आदि घटनाओं की समीक्षा करते हुये शेष सभी घटनाओं के शीघ्र अनावरण करने तथा संलिप्त अपराधियों को पुरस्कार घोषित कराते हुये शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के थानों में लंबित विवेचनाऐं, महिला सम्बन्धी अपराध, पॉक्सो एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के अभियोगों की विवेचनाओं की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये। अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री, अवैध मादक पदार्थ तस्करी गौबध तस्करी, आदि में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध पतारसी सुरागरसी कराते हुये प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह सहित सभी सर्किलों के अधिकारी, थानाध्यक्ष एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# कुरआन-ए हिफ्ज करने पर अरहम को नौशाद अंसारी ने शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित



जिला संवाददाता

**नगीना, बिजनौर।** मदरसा कासमियां अरबिया में एक मासूम ने कुरआन का मुक्कमल हिफ्ज कर अपने परिवार का सर फख्र से ऊंचा कर दिया। उलेमाओ ने बच्चें को दुआओ से नवाजा। इस मौके पर अपने खिताब में उन्होंने कहा कि इंसान की जिंदगी में कुरआन बड़ा महत्व रखता है। सभी वालिद वाल्देन को चाहिए की दुनियावी तालीम के साथ अपने बच्चों को दीनी तालीम भी दे।

नगर के प्रसिद्ध मदरसा कासमियां अरबिया में मंगलवार को आयोजित दीनी कार्यक्रम में नगर के मुहल्ला कलालान निवासी हकीम अकदस के नौ वर्षीय बेटे मुहम्मद अरहम ने कुरआन पाक का हिफ्ज मुकम्मल कर हाफिज ए कुरान की डिग्री हासिल कर अपने परिवार व मसरसे के उस्ताद का नाम रौशन किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार नौशाद अंसारी के हाथों मुहम्मद अरहम को शॉल उढ़ाकर सम्मानित भी कराया गया। मुफ्ती उवैस अकरम व बच्चें के उस्ताद कारी शाहआलम को भी नौशाद अंसारी ने सम्मानित किया। मदरसे के प्रबंधक मुफ्ती उवैस अकरम, प्रधानाचार्य मौलाना बिलाल अहमद, मुफ्ती अलीहसन, फुरकान अली, हकीम अजमल आदि के साथ उलेमाओं ने अरहम के हाफिज होने पर खुशी का इजहार कर फूल मालाओं से उसे लाद दिया। स्योहारा से तशरीफ लाए मुफ्ती अलीहसन व मुफ्ती उवैस अकरम ने आवाम से खिताब करते हुए कहा कि परिवार में अगर एक भी बच्चा हाफिज ए कुरआन हो जाएं तो वह कई पीढ़ियों को बख्शवा देता है। मुस्लिम समाज को चाहिए की वह अपने बच्चों को हाफिज जरूर बनाएं, जिससे वह लोगों को दीन के बारे में जानकारी दे और सही रास्ते पर चलने और आखिरत में उंचा मुकाम हासिल करने के लिए आपकी रहनुमाई करें। मुफ्ती उवैस अकरम ने देश में अमन-चैन, देश की खुशहाली, आपसी सौहार्द व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। मुफ्ती उवैस अकरम की सदारत व मुफ्ती अलीहसन की निजामत में आयोजित दीनी कार्यक्रम में मुफ्ती अबरार अहमद, मुफ्ती आसिफ, मुफ्ती कमर, मौलाना कमरुद्दीन, मुफ्ती अलीहसन, फुरकान अली, कफील अहमद, हकीम अजमल, मुफ्ती सादिक, हकीम अकदस, शेख फराज, फुरकान अली आदि की मौजूद रहे।

## भीषण सड़क हादसे में 03 लोगों की मौत, सीएम योगी ने जताया दुख

**बिजनौर।** नेशनल हाईवे धामपुर-काशीपुर रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले एक बाइक और फिर एक पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है। मंगलवार की सुबह लगभग 06 बजे शेरकोट मे मुबारकपुर कुंडा के पास हुई सडक दुर्घटना में मृतकों की पहचान लखीमपुर खीरी के बिछवी गांव निवासी बाइक सवार रंजीत पुत्र रामशंकर और लाला पुत्र भैया लाल के रूप में हुई है, जबकि तीसरा मृतक पिकअप चालक फिरोज (पुत्र मोहम्मद उमर) जो उत्तराखण्ड के जसपुर की नई बस्ती का निवासी बताया जा रहा है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर बाइक और पिकअप को लगभग 30 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान हाईवे की रेलिंग भी टूट गई। पिकअप वाहन हाईवे पर पलट गया, जबकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर एएसपी (पूर्वी) धामपुर ए0के श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और पुलिस को जरुरी दिशा निर्देश दिए। हादसे की वजह हाईवे के वन-वे होने के कारण आमने-सामने की टक्कर बताई जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस सडक हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## पुण्यस्मृति में जरूरतमंदों को हुआ भोजन वितरण

ललितपुर। पुण्यस्मृति पर समाजसेवी बाबूलाल जैन साइकिल द्वारा किए गए सेवा कार्यों का स्मरण किया गया। प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल ने अन्नपूर्णा भोजनशाला में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि परिजनों की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन वितरण का कार्य अनुकरणीय है। उन्होने जिला अस्पताल परिसर में बाबूलाल जैन साइकिल की 31 पुण्य स्मृति में आयोजित भोजन वितरण कार्यक्रम का उन्होने भोजन परोस कर शुभारम्भ किया। विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने कहा कि सेवा के कार्य करने से मन में आत्मिक शान्ति का अनुभव होता है और पुष्य स्मृति में ऐसे आयोजनों द्वारा ही सच्ची श्रद्धान्जलि है। उन्होंने अन्नपूर्णा भोजनाला में किए जा रहे सेवा कार्यों को अनुकरणीय बताया। इस दौरान भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चैबे, हरीराम निरंजन, बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अक्षय अलया, पार्षद जितेन्द्र राठौर, विलास पटैरिया, दीपक राठौर, आशीष गोस्वामी, अभिषेक सोनी, सुनील जैन आदि रहे। संचालन अजय जैन साइकिल द्वारा किया गया। मध्यान्ह में ज्वाला बाबू शिक्षा मंदिर दैलवारा में वरिष्ठ पत्रकार मनोज जैन के मुख्यातिथ्य में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें मेंधावी छाओं को सम्मानित किया। जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में रामेश्वर पटैरिया, सुनील मालवीय, रवीन्द्र जैन मुनमुन, वीरेन्द्र जैन, प्रियेश जैन, मनीष जैन, सरोज श्रीवास्तव, शोभा जैन, मिनी जैन आदि मौजूद रहे।

# अमरीकी टैरिफ बेअसर

अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और इसलिए यह जरूरी है कि भारत जैसी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं अमरीका के साथ अधिक से अधिक कारोबार, निवेश और तकनीकी दक्षता हासिल कर उसका लाभ उठायें। इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता है कि अमरीका और उसकी नीतियां भारत के लिए पूरी तरह से अप्रासांगिक हो गयी हैं लेकिन फिर भी जिस तरह से भारत की अर्थव्यवस्था अमरीकी प्रतिबंधों के बावजूद आठ प्रतिशत या उससे अधिक विकास दर्ज करने में सफल रही हैं, उससे यह बात साबित हो गयी है कि भारत अपनी विकास यात्रा को जारी रखने और विकसित बनने की राह पर है और इसे कोई देश प्रतिबंधों के जरिए रोक नहीं सकता है। भारत की प्रगति से अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप जरूर हैरान होंगे। भारत की जिस अर्थव्यवस्था को उन्होंने मृत करार दिया था और 27 अगस्त को 50 फीसदी टैरिफ थोपा था, दोनों ही गलत और बेअसर साबित हुए। अमरीका भारत को रूस से भी तोड़ नहीं सका। यह अमरीका को भारत की जबरदस्त चुनौती है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की गति जापान, जर्मनी, फ्रांस सरीखे विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की गति से भी तेज साबित हुई है। वित्त वर्ष




2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की आर्थिक विकास दर 8.2 फीसदी रही है। 2023-24 में भी विकास दर 9 फीसदी से अधिक रही थी और वित्त वर्ष का समापन 8.4 फीसदी के साथ हुआ था। भारत की वास्तविक जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये है। जबकि एक साल पहले यह 44.94 लाख करोड़ रुपये थी। भारत की नॉमिनल जीडीपी 85.25 लाख करोड़ रुपये है। नॉमिनल जीडीपी के मायने हैं कि एक ही भौगोलिक सीमा के भीतर, एक अर्थव्यवस्था में, एक निश्चित अवधि में, उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल बाजार मूल्य कितना है। उसमें मुद्रास्फीति को समायोजित नहीं किया जाता। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का आकलन है चूंकि पहले 6 माह की बढ़ोत्तरी दर 8 फीसदी से अधिक रही है, नतीजतन अब भारत की कुल अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर के पार होगी और चालू वित्त वर्ष की अंतिम आर्थिक विकास दर करीब 7.5 फीसदी हो सकती है। बजट संसद में पेश करने से पहले जो आर्थिक समीक्षा सदन में रखी गई थी, उसमें 2025-26 की विकास दर का अनुमान 6.3-6.8 फीसदी लगाया गया था। अर्थव्यवस्था में यह बढ़ोत्तरी भारत के सतत् आर्थिक विकास को प्रतिबिंबित करती है। चूंकि त्योहारी मौसम की मांग और खरीद के आंकड़े अभी सामने आने हैं। अक्टूबर - दिसंबर की तीसरी तिमाही की बढ़ोत्तरी दर और भी अच्छी हो सकती है। जीएसटी की दरों में जो कमी की गई, उनसे आम आदमी ने भी खरीददारी बढ़ाई है। त्योहारी मौसम में तो बंपर खरीददारी होती रही है। भारत में निजी खपत का जीडीपी में योगदान 55-57 फीसदी तक रहा है। यदि विकास दर 8 फीसदी से अधिक है, तो जाहिर है कि निजी खपत बढ़ रही है। लोगों में क्रय-शक्ति है। वे मांग कर रहे हैं और वस्तुओं, सेवाओं का उपभोग कर रहे हैं, लिहाजा बाजार में चमक है और उत्पादन बढ़ रहा है। दूसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में 9.1 फीसदी, सेवा में 9.2 फीसदी, निर्माण में 7.4 फीसदी (कुछ कम हुआ), कृषि में 3.5 फीसदी, नॉमिनल जीडीपी में 8.7 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार सेवाओं के क्षेत्र में 7.4 फीसदी, बिजली में 4.4 फीसदी, फाइनेंशियल, रियल एस्टेट, पेशेवर सेवाओं में बढ़ोतरी 10 फीसदी से ज्यादा हुई है। इन क्षेत्रों का जीडीपी में करीब 25 फीसदी योगदान होता है। दरअसल भारतीय कंपनियों ने टैरिफ लगने से पहले ही उत्पादन और निर्यात को बढ़ा दिया था, नतीजतन टैरिफ का जीडीपी और अर्थव्यवस्था पर कोई नकारात्मक असर नहीं दिखा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक के स्तर पर मुद्रास्फीति इस तिमाही के दौरान कम ही रही। इसी तरह ऊंची विकास दर और निचले स्तर पर महंगाई की दर से स्पष्ट है कि देश की अर्थव्यवस्था जीवंत है और तेज विकास कर रही है।

---

**विचार**

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

# एक देश, एक वेतन कानून क्यों नहीं बनता



मनोहर मनोज

**विमर्श**

> सरकार देश में इस बात को सुनिश्चित करे की एक समान कार्य -एक समान वेतन, एक समान योग्यता- एक समान वेतन, एक सेवा काल- एक समान पेंशन समाज में स्थापित हो जिससे देश में श्रम जनित असमानता की खाई और चौड़ी होने से रोका जा सके।

भारत सरकार ने अपने पहले से बनाये चार श्रम कानून कानूनों को अधिसूचित करने का जो फैसला किया है, उससे देश में श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को लेकर सालों से दबे सवाल उभर आये हैं। ये सभी सवाल इस बिना पर और प्रासंगिक हो गये हैं, क्योंकि अगले महीने यानी जनवरी 2026 से आठवें वेतन आयोग की अनुशंसा लागू की जाएगी। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि जब एक देश-एक कर, एक देश-एक चुनाव, एक देश-एक विधान की बात की जा रही है तो देश की सभी आबादी के व्यापक हितों को लेकर एक समान दृष्टि, एक समान उपाय, एक समान अवसर और एक समान परिवेश को लेकर सरकार अपना एक व्यापक दृष्टिकोण और कार्य योजना क्यों नहीं प्रदर्शित कर रही हैं? देश में कार्यशील आबादी जो कुल आबादी का करीब अधिकतम 60 फीसदी यानी 100 करोड़ की आबादी है, जिसमें अनेकानेक वर्ग समाहित हैं, इनके साथ पहले तो असमान रोजगार अवसर की स्थितियां आती हैं, फिर इनकी अलग अलग मजदूरी, अलग अलग कार्य परिस्थितियां और फिर सामाजिक सुरक्षा की अलग अलग स्थितियां संलग्न होती हैं। भारत में श्रमिक महासमुदाय की ये अलग अलग दुनिया हमें देश में संगठित बनाम असंगठित श्रम शक्ति यानी 90 फीसदी बनाम 10 फीसदी की तस्वीर दिखाती है। दूसरी तस्वीर दिखती है सरकारी बनाम गैरसरकारी श्रम शक्ति की जिनकी परिस्थितियां एक दूसरे से बिलकुल अलहदा है। तीसरी तस्वीर है व्हाइट कालर बनाम ब्लू कॉलर श्रम शक्ति। चैथी है स्थायी रोजगार प्राप्त और निविदा आधारित अस्थायी श्रम शक्ति की। पांचवीं, आरक्षण प्राप्त रोजगार क्षेत्र और आरक्षण मुक्त क्षेत्र की।

कुल मिलाकर देश में सभी श्रम कानूनों से सुसज्जित श्रम शक्ति बनाम किसी भी कानूनी सुरक्षा से विरक्त श्रमिक वर्ग के बीच की ये जो बड़ी विभाजन रेखा है वह एक भारत और श्रेष्ठ भारत की तस्वीर को धुंधली कर रही होती है। ये सवाल तब और चिंताजनक हो जाता है, जब हमारी अर्थव्यवस्था जो घोषित और व्यावहारिक दोनों तौरपर सरकारी क्षेत्र और निजी क्षेत्र के दो स्तम्भों पर चल रही है। उस व्यवस्था में जहां निजी और सरकारी क्षेत्र का



आपसी सहयोग है, आपसी प्रतियोगिता भी होती है और सबसे ऊपर एक नियामक प्राधिकरण के अधीन सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के लिए एक लेवल प्लेइंग फील्ड के जरिये एक वैधानिक नियम अनुपालन और एक बराबर सरकारी प्रोत्साहन की भी बात की जाती है। ऐसे में सवाल उत्पन्न होता है कि हर दस साल में वेतन आयोग गठित कर सरकार देश में केवल 55 लाख सरकारी कर्मचारियों और करीब 75 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन को लेकर उन्हें विशेष ट्रीटमेन्ट क्यों प्रदान कर रही है? यदि ये आबादी हकदार है तो क्या देश के और कामगार, मजदूर या कर्मचारी इस प्रावधान के पात्र नहीं है? राज्यों की बात करे तो उनकी आर्थिक हैसियत केंद्र जैसी मजबूत नहीं है लेकिन उन पर भी अपने कर्मचारियों के लिए केंद्रीय वेतनमान देने का दबाव पड़ता है। कई बार केंद्रीय वेतनमान देने में राज्यों की अर्थव्यवस्था चरमरा गयी है। कई बार ये भी देखा गया की केंद्र सरकार के व्यावसायिक उपक्रमों में लाभदायिक स्थिति वेतन आयोग की अनुशंसाएं लागू होने के उपरांत घाटे में तब्दील हो गई।

इसी के साथ दूसरा सवाल ये है की निजी उपक्रमो में श्रम कल्याण के तमाम प्रावधानों को उनकी अपनी मनमानी पर क्यों छोड़ दिया जाता है। गौरतलब है बड़े निजी क्षेत्र में निचले यानी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन सरकार की तुलना में कम होता है जबकि प्रथम या ऊँची श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन सरकार की तुलना में ज्यादा होता है। सरकार में कार्यरत स्थायी कर्मचारी जहा शत प्रतिशत संगठित श्रम शक्ति के दायरे में आते हैं वही निजी क्षेत्र में चंद संस्थानों की श्रम शक्ति ही संगठित क्षेत्र के दायरे में है। अभी स्थिति ये है केवल दस प्रतिशत निजी यानी बड़े कॉर्पोरेट समूहों को छोड़ दें तो अधिकतर जगह श्रम कानूनों के अनुपालन की स्थिति नहीं है। निजी क्षेत्र की उत्पादकता और लाभ प्रदता उनकी तरफ से कामगारों के लिए दिए जाने वाले लाभ की मात्रा को प्रभावित करती है। पर विडंबना ये है की इसकी कोई पारदर्शी व्यवस्था हमें नहीं दिखाई पड़ती।

आज सवाल ये है की इस नए आर्थिक युग में जब निजी और सरकारी क्षेत्र के लिए एक समान लेवल प्लेइंग की बात की जाती है तो उस दौर में यह विभेद क्यों? क्यों नहीं सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र की तरह कर्मचारियों की उत्पादकता और लागत संवेदन शीलता पर तवज्जो देता है और निजी क्षेत्र सरकारी क्षेत्र की तरह श्रम कल्याण और कार्य परिस्थितियों का अनुपालन करते हैं? यदि श्रम बाजार की मांग और पूर्ति के कारक को माने तो भी एक कृत्रिम विभेद की स्थिति दिखाई पड़ती है। केंद्र सरकार ने एक नीतिगत निर्णय लेकर 2004 के बाद ज्वाइन करने वाले कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पेंशन को सरकारी कोष से देना बंद कर दिया और उसे कर्मचारी-सरकार योगदान अंश पर आधारित कर दिया गया। पर अब कई राज्य सरकारें इसे राजनीतिक वोट बैंक समझकर अपनी आर्थिक स्थिति के प्रतिकूल जाकर उनके पेंशन की पुरानी सुविधा जो आधे वेतन के बराबर है, उसे आजीवन प्रदान करने का वादा कर रही हैं। बावजूद इसके की इन राज्य सरकारों के करोड़ों नागरिक न्यूनतम वाजिब पेंशन की रकम से महरूम हैं। देश में अभी ऐसे कई सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारी हैं जो एक लाख माहवारी पेंशन पाते है जबकि देश के अधिसंख्य लोगों को कोई पेंशन नहीं मिलता। इस मामले में सरकार में भी जो स्थिति पनपी है, वह घोर चिंताजनक है। पिछले कई दशकों से सरकारी महकमे में जो पक्की नौकरी और उससे जुड़े विभिन्न श्रम कानूनों का कवच चला आता आया, उससे सरकार में अनुत्पादक कार्य माहौल, बढ़ता वित्तीय बोझ और श्रम बाजार की बेहद असंतुलित परिस्थितियां उत्पन्न हुईं। इसका कोई स्थायी नीतिगत हल न निकालकर सभी सरकारें चाहे केंद्र में हो या राज्यों में हो या किसी भी दल की सरकार हो सबने इस पर चुप्पी साधे रखी और उन्होंने सरकारी नियुक्ति ही कम कर दी। आज स्थिति ये है भारत में प्रति हजार आबादी पर सरकारी नौकरी की संख्या महज 17 है जबकि चीन में 55 और पूंजीवादी देश अमेरिका में 77 है। चंद राजपत्रित श्रेणी की नौकरी को छोड़कर अधिकतर सरकारें स्वीकृत या जरूरी श्रम शक्ति को भी बिना नए कर्मचारी की नियुक्ति के जैसे तैसे चला रही हैं या फिर उनकी निविदा पर नियुक्ति की जा रही है। इसके नतीजतन देश में सभी प्रकार की सरकारों की उत्पादकता इससे प्रभावित हो रही है। आज स्थिति ये है की केंद्र सरकार में करीब 10 लाख और राज्य सरकारों में करीब 1 करोड़ स्वीकृत पद खाली पड़े हैं। उस देश में जहां शैक्षिक बेरोजगारों की संख्या 6 से 8 करोड़ हो वहां ऐसी ऐसी स्थिति बिलकुल हैरतनाक लगती है। आज केंद्र और राज्य सरकार के हर महकमे में स्थायी और कोंट्रेकचुएल कामगारों की एक सामानांतर कार्य व्यवस्था चल रही है। स्थिति ये है की सरकार इस पर एक स्पष्ट नीतिगत स्थिति नहीं बना पायी है।

एक सर्वोत्तम कार्य परिस्थितियों के अनुरूप यदि एक देशव्यापी कोंट्रेकचुअल नियुक्ति नीति अपनायी जाये और वह सभी सरकारें चाहे केंद्र, राज्य और स्थानीय शासन की हो या फिर निजी, संगठित और असंगठित क्षेत्र की हो तो देश में निश्चित रूप से एक उत्पादक, न्यायशील और समतामूलक श्रम रोजगार और सामाजिक कल्याण का एक व्यापक इकोसिस्टम निर्मित हो जाता।

**सोशल मीडिया**

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। इस सत्र के हंगामेदार होने की संभवना है। लेकिन हमारी पार्टी चाहती है कि देश के जरूरी मुद्दे पर संसद में चर्चा हो। मायावती.



बिहार विधान सभा चुनाव को समझने के लिए सिर्फ चुनावों के परिणाम ही नहीं, उसके पीछे की सामाजिक राजनीतिक परतों को पढ़ना समझना जरूरी भी है। योगेन्द्र यादव.



भगवान श्रीकृष्ण की गीता का ज्ञान–योग, कर्म व ध्यान का संतुलन बनाकर मानव जीवन को सही दिशा देने और हर एक परिस्थिति के लिए सशक्त बनाने वाला पवित्र ग्रंथ है। अमित शाह.



# मनुष्य पूर्ण नहीं होता

**अंतर्दृष्टि**

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# देखो... सड़कें चौड़ी हो गयीं

**व्यंग्यलोक**

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।



पूरन सरमा

# क्या सच में धरती पर आते रहते हैं एलियन



**रहस्य/रोमांच**

धीरज बसाक

स्कॉटलैंड के स्टर्लिंग शहर में इस साल की शुरूआत में यह बहस बहुत तेज हो गई कि एक दो नहीं यहां हजारों की तादाद में एलियन आते हैं। शहर के दो चार दस लोग नहीं बल्कि सैकड़ों लोगों ने दावा किया कि उन्होंने अपनी जिंदगी में कम से कम 4 से 5 बार किसी दूसरे ग्रह से आने वाले लोगों से मिले हैं, उनसे हाथ मिलाया है। कुछ लोगों को उनके रहस्यमयी एयरक्रॉफ्ट की बारीक डिजाइन तक याद हैं। कुछ लोगों का कहना था कि एलियन ने उन्हें गले से लगाया, किस किया। शहर के एक दो नहीं छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस तरह के दावे किये और कहा कि यह सिलसिला पिछले 20 सालों से चल रहा है।

कुछ साल पहले अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने उन खबरों का खंडन किया था कि उसके पास दूसरे ग्रह से आने वाले एलियंस की कुछ सीक्रेट फाइलें हैं और यह भी कि उसने कुछ एलियंस को बंधक बना रखा है। लेकिन पेंटागन कुछ भी कहे अमरीका में कोई यह मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि एलियंस नहीं होते। कुछ ही दिनों पहले एक अमरीकी ने दावा किया है कि एक दो नहीं बल्कि 20 साल तक कुछ एलियंस ने उसकी आंखों में इंजेक्शन लगाकार उसे बेहोश कर देते थे और फिर उस पर शोध करते थे। टोनी रोड्रिगुएस नामक इस शख्स के मुताबिक जब वह 10 साल का था, तब यह सिलसिला शुरू हुआ और उसकी 30 साल की उम्र तक यह सिलसिला चलता रहा। उसके मुताबिक छिपकलियों जैसी शक्ल वाले एलियंस उसका अकसर अपहरण कर लेते थे। दिसंबर 2018 में पुणे के एक शख्स ने पीएमओ को लेटर लिखकर दावा किया उसने अपने घर की खिड़की के बाहर एक एलियन को देखा है, जो धरती की महत्वपूर्ण जानकारियां अपने ग्रह भेज रहा था। इस शख्स ने कहा कि उसकी बात पर यकीन किया जाए और इसकी गहराई से पड़ताल हो कि यह कौन था? पीएमओ से महाराष्ट्र सरकार को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए कहा गया तो महाराष्ट्र सरकार ने पुणे के सिंघगढ़ रोड पुलिस थाने से इस मामले में जांच करने के लिए कहा। इस जांच के बाद इस थाने के एक अधिकारी के मुताबिक जिस व्यक्ति ने पीएमओ को लेटर लिखा था, वह मानसिक बीमारी से पीड़ित था और अपना संतुलन खो बैठा था। लेकिन उस शख्स ने इस बात से इंकार किया कि वह मानसिक रूप से परेशान है। उसके मुताबिक अपने बंगले के बाहर उसने पेड़ों में रोशनी देखी और जब वो उसके नजदीक गया तो पता चला वह एक एलियन है। पिछले करीब 100 सालों से भले धरती के बाहर का कोई इंसान आज तक हमें सबूत के तौर पर न मिला हो, लेकिन दूसरे ग्रह के लोगों की धरती में आने की पिछले सौ सालों में दस लाख से ज्यादा कहानियां सामने आ चुकी हैं। हर कहानी हकीकत के इतनी नजदीक लगती है कि एकबारगी उस पर अविश्वास करना मुश्किल हो जाता है। इसकी वजह यह है कि एलियन जिन लोगों को मिले हैं, उन सबकी कहानियां एक जैसी नहीं हैं। ये कहानियां इतनी विविध और सहजता के इतने करीब हैं कि सोचा ही नहीं जा सकता कि ये काल्पनिक होंगी। लगता है वाकई कोई बहुत बड़ी आंख मिचैली चल रही है, जिसमें एलियन रह रहकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं और साइंस बार बार इन्हें खारिज करता है, क्योंकि ये साइंस की पकड़ में नहीं आते। दुनिया में एलियंस को लेकर ये कहानियां इसलिए भी ध्यान खींचती हैं, क्योंकि ये सारी कहानियां न तो मानसिक रूप से बीमार लोग सुनाते हैं, न ही ये बहुत चालाक और रहस्यमयी व तेजतर्रार लोग होते हैं।

एलियंस से जुड़ी अपनी कहानियां सुनाने वाले ये लोग इतने आम और रोजमर्रा की दुनिया में सबसे कम बातें बनाने वाले सहज लोग होते हैं। इसलिए अंतिम रूप से हम इस निष्कर्ष पर पहुंच ही नहीं पाते कि सही क्या है? अमरीका से लेकर हिंदुस्तान तक के अगर बहुत ही आम लोग, बहुत गंभीरता से एलियनों से जुड़े अपनी मुलाकातों की कहानियां और अनुभव सुनाते हैं तो लगता है कुछ न कुछ कहीं न कहीं तो कोई ऐसी सच्चाई है, जिसे अभी हम यानी विज्ञान की आंखें देख और पकड़ नहीं पा रहीं। एलियंस की कहानी आधी हकीकत और आधा फसाना बनकर रह गई है। जिसमें कभी लगता है कि जल्द ही वह दिन आयेगा जब यह आधी हकीकत पूरा फसाना बनेगा, तो कभी लगता है कि हम अंततः इस कहानी को कहानी मानकर भुला देंगे।

**आपकी बात**

## शिक्षा में जरूरी है सुधार

शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे बेहतरीन माध्यम है लेकिन अगर शिक्षा देने का तौर-तरीका ठीक नहीं होता है, तो इससे संपूर्ण देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। इसलिए अदालती टिप्पणियों, सरकारी बयानबाजी और प्रशासनिक कार्रवाई की सिफारिशों से मामला सुलझने वाला नहीं है। देश में विशेषकर जेईई, नीट और अन्य बड़ी प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े कोचिंग को हतोत्साहित करने, कोचिंग की जरूरत खत्म करने जैसी बयानबाजियां दशकों से चल रही हैं। इस बीच कोचिंग उद्योग अब कारपोरेट आकार ले चुका है और सरकार को इसमें मोटा टैक्स भी मिलता है। क्योंकि इन संगठित आकार के कोचिंग उद्योग पर सरकार 18 प्रतिशत की दर से भारी भरकम जीएसटी भी लगाती है। इस तरह कोई छात्र कोचिंग करके अपनी शिक्षा निखारने में मदद पाता है या नहीं यह सब उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है और सीधे सीधे सरकार और कोचिंग संस्थाएं मुनाफा काटती हैं। मुनाफे के इस खेल में जब सरकार भी शामिल हो गयी है, तो गैर जरूरी बयान बाजी का कोई तुक नहीं। ऐसा लगता है कि कोचिंग के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी करने के अलावा सरकार के पास कोई ठोस विकल्प नहीं है। दरअसल कोचिंग कोई गलत चीज नहीं है। अगर छात्र स्कूल की शिक्षा से अपने पाठ्य विषय की अच्छी से तैयारी नहीं कर पा रहा है, तो उसे कोचिंग के जरिए मदद लेनी चाहिए इसमें कोई हर्ज नहीं है। यहां समस्या यह है कि स्कूल की पढ़ाई को ठेंगा दिखा कर सिर्फ कोचिंग के सहारे परीक्षा और प्रतियोगिता को पास करने का जुगाड़ किया जाने लगा है। यहीं से डमी स्कूल का कान्सेप्ट उभरा है।

**शिव प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

## कानून का राज

कानून व्यवस्था और आम आदमी को सुरक्षा का अहसास करना एक जटिल चुनौती बनती जा रही है। पूरे देश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल दर साल हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था कभी भी सरकारों के एजेंडे में नहीं रही। राजनीतिक दल लंबे चौड़े वायदे करते हैं लेकिन अगर वे कानून का राज ही कायम कर दें तो उनको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। पुलिस भी अब अपने उद्देश्यों में भटक गयी हैं। पुलिस ने अपराध रोकने के लिए जिस रणनीति पर काम किया वह पूरी तरह फ्लॉप तो हुई ही है, उससे सरकार की काफी किरकिरी भी हुई है। पुलिस बड़े अपराधियों को चिन्हित करके एनकाउंटर अभियान चलाती रहती है और इसकी आड़ में थाने और चौकी के छुटभैये वसूली अभियान चलाते हैं। पुलिस का सूचना तंत्र लगातार कमजोर होता रहा। अपराधों पर उसकी पकड़ पूरी तरह ढीली पड़ गयी है और पूरा का पूरा पुलिस महकमा प्रतिक्रियावादी ढर्रे पर चलते हुए अपराध होने पर लकीर पीटने तक सिमट गया है। प्रदेश में कोतवाली, थाना और चौकियों का संजाल है। अगर पुलिस तंत्र मुस्तैद रहे तो उसके पास सारी सूचना मौजूद होनी चाहिए और अपराध होने से पहले वांछितों की गिरफ्तारी, बेदखली या बांड आदि भराकर घटना को रोका जा सकता है। लेकिन पुलिस ने अपना जो खौफनाक चेहरा गढ़ा है उसमें अब शांतिप्रिय लोग पुलिस से मतलब नहीं रखते। सिर्फ दलाल, अपराधी किस्म के लोग पुलिस के आगे पीछे-घूमते हैं। पुलिस से लोगों के दूर रहने के कारण सामाजिक तनाव, दुश्मनी व आपसी विवाद को लेकर वास्तविक सूचनाएं उसके पास नहीं होती हैं। जब सूचनाएं नहीं होंगी तो घटनाएं रोकना भी मुश्किल है। यही कारण है कि ताबड़तोड़ हत्या, दुराचार, डकैती के साथ बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प, बिलिंग सेंटर अपराधियों के निशाने पर हैं। पुलिस में लगातार भर्तियां हो रही हैं लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। देश के कुल अपराधों में 10 फीसद अकेले यूपी से होते हैं। इसलिए कानून के राज का अहसास होना भी जरूरी है।

**विवेक श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

### 'मेरा गांव मेरा विद्यालय' कार्यक्रम आयोजित

**तिलोई, अमेठी।** विकास क्षेत्र के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना में मंगलवार को 'मेरा गाँव मेरा विद्यालय' सामुदायिक सहभागिता हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने एक पोस्टर गैलरी बनाई जिसमें बच्चों द्वारा बनाई गई कला कृतियों पोस्टरों का अभिभावकों और उपस्थित लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसकी जमकर लोगों ने सराहना की। पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना के प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने कार्यक्रम में आये हुए अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में विद्यालय, माता पिता,समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय एवं बच्चों के विकास के लिये जरूरी है कि सभी जुड़कर सहयोग करें। तभी शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कारिक परिणाम आ सकते है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत कर उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक भारत शरण, दीना नाथ,नूतन मिश्रा, अमरीश कुमार,विपिन सरोज,राम प्रताप,चंचल शिक्षकगण व शिक्षा मित्र आदि उपस्थित रहे।

### सफलता से परिवरीजन खुश

**अमेठी।** बीती रात घोषित हुए पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद मुख्यालय गौरीगंज विधानसभा निवासी डॉ. शिव मोहन पाण्डेय (पूर्व प्राचार्य, इन्दिरा गांधी महाविद्यालय, गौरीगंज) की सुपौत्री तथा पी.ई.एस. अधिकारी अखिलेश पाण्डेय की भांजी अनन्या मिश्रा ने शानदार सफलता प्राप्त की है। अनन्या मिश्रा, डॉ. रमापति मिश्रा एवं डॉ. प्रज्ञा मिश्रा ,प्रोफेसर, मनूचा गर्ल्स पीजी कॉलेज, अयोध्या, की सुपुत्री हैं। पीसीएस प्रीलिम्स क्वालीफाई कर उन्होंने न केवल अपने घर-परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि जिले और समाज की उम्मीदों पर भी पूरी तरह खरी उतरी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, संबंधियों सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### एसआईआर की अवधि 11 दिसम्बर निर्धारित

**रायबरेली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्प्रति चल रहे अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम की तिथियों को संशोधित कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि आयोग द्वारा घोषित संशोधन तिथियों के अनुसार 11 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। मतदेय स्थलों का संभाजन भी 11 दिसम्बर तक किया जाएगा। 12 दिसंबर से 15 दिसम्बर, तक कंट्रोल टेबल का अद्यतनीकरण एवं आलेख्य नामावली की तैयारी की जाएगी। 16 दिसम्बर को निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन होगा। 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 16 दिसम्बर 2025 से 07 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे और आपत्तियों का निस्तारण ईआरओ द्वारा किया जाएगा। 10 फरवरी, 2026 को आयोग से अंतिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त करना है। प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 को किया जाएगा।

# सदर में 15 गरीब मरीजों को मिली 15.30 लाख की आर्थिक सहायता

## सीएम राहत कोष से अदिति सिंह के अनुमोदन पर मरीजों को मिला धन



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार के संकल्प हर जरूरतमंद की समय पर मदद को एक बार फिर साकार होते देखा गया। सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने नवंबर माह में गंभीर एवं असाध्य बीमारियों से जूझ रहे 15 गरीब एवं असहाय लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल ?15,30,000 (पंद्रह लाख तीस हजार रुपये) की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।

यह सहायता कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट, हृदय रोग, थैलेसीमिया जैसी जानलेवा बीमारियों से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए तत्काल प्रदान की गई। प्रत्येक लाभार्थी को उनकी बीमारी की गंभीरता एवं इलाज के खर्च के अनुसार 50,000 से 2,00,000 तक की धनराशि दी गई। विधायक अदिति सिंह ने सहायता राशि के चेक लाभार्थियों एवं उनके परिजनों को खुद सौंपे और कहामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार संवेदनशील शासन का सबसे बड़ा उदाहरण बन रही है। कोई भी गरीब इलाज के अभाव में दम नहीं तोड़ेगा, यह हमारा संकल्प है। डबल इंजन सरकार का यही मतलब है। केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार होने से हर योजना का लाभ जमीन पर तुरंत पहुंच रहा है। इस अवसर पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी एवं विधायक अदिति सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि बिना किसी सिफारिश के, महज आवेदन के कुछ ही दिनों में इतनी बड़ी राशि उनके खाते में पहुंच गई। यह पहल एक बार फिर साबित करती है कि उत्तर प्रदेश में हसंवेदना, संकल्प और त्वरित सहायताह अब केवल नारा नहीं, हकीकत बन चुकी है।

### विधायक खेल प्रतियोगिता 4 व 5को

**रायबरेली।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की तरफ से विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 4 व 5 दिसम्बर को किया जायेगा इसके लिए जिला युवा कल्याण विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए पूरे मनोयोग से लगा हुआ है। इसे सांसद खेल स्पर्धा की तर्ज पर शुरू किया गया विधायक खेल स्पर्धा भी ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जनपद की सभी विधानसभाओं में इसे युवा कल्याण विभाग की ओर से संपन्न कराया जा रहा है, 4 व 5 दिसंबर को सदर विधानसभा के अंतर्गत पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजन होगा।

## 31 दिसम्बर तक चलेगा टीका उत्सव

**रायबरेली।** शून्य से पांच साल तक के बच्चों का टीकाकरण करने के उद्देश्य से 03 से टीका उत्सव शुरू हो रहा है जो कि 31 दिसम्बर तक चलेगा। इसका उद्घाटन जिला महिला अस्पताल में किया जायेगा इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुयी।

● नियमित टीकाकरण 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है : सीएमओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि टीकाकरण न केवल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है बल्कि या प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है और कुपोषण से रोकथाम होती है। इस अभियान में नियमित टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों पर विशेष जोर रहेगा। इसके साथ ही जिन बच्चों का टीकाकरण तो हो चुका है लेकिन यूविन पर पंजीकरण नहीं है उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। अभियान के दौरान कोई विशेष सत्र आयोजित नहीं किये जायेंगे। टीकाकरण से एक दिन पहले आशा कार्यकर्ता लाभार्थियों को व्यक्तिगत तौर पर आमंत्रित करेंगी। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यूविन पोर्टल पर पंजीकरण के साथ ही बच्चे का टीकाकरण हो। ड्यू लिस्ट में जो भी बच्चे चिन्हित हैं उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर माइक्रोप्लान के अनुसार किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी विभागों से सहयोग की अपील की।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अरुण कुमार बताया कि टीकाकरण घर के समीप और निःशुल्क लग रहे हैं। जब भी सत्र लगे तो बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएँ। शहरी क्षेत्रों में सप्ताह के सातों दिन टीका लगता है। जब भी टीकाकरण के लिए आयें तो माँ या पिता की आईडी, पहचान पत्र और मोबाईल नम्बर अवश्य लेकर आयें जिससे कि बच्चे का यूविन पोर्टल पर पंजीकरण हो जाये और उसका टीकाकरण हो सके। टीके पूरी तरह सुरक्षित हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना ने बताया कि 12 जानलेवा बीमारियों हैं। टीबी, पोलियो, काली खांसी, गलघोंटू, इन्फ्लूएंजा, टिटनेस, खसरा, डायरिया, निमोनिया, हेपेटाइटिस बी, रूबेला और जापानी इंसेफेलाइटिस। गर्भवती को टिटनेस व व्यस्क डिप्थीरिया (टीडी) के टीके लगाये जाते। इस मौके पर रवेश श्रीवास्तव प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, राहुल सिंह बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुरेन्द्र कुमार प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिमा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अंजलि सिंह डा. सी. लाल विश्व स्वास्थ्य संगठन, श्रेया श्रीवास्तव जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली




**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज, सुलतानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस पर नगर में भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति सही जानकारी प्रसारित करना, भ्रांतियों को दूर करना तथा युवाओं को जिम्मेदार और स्वास्थ्य-सचेत नागरिक के रूप में प्रेरित करना रहा। रैली में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक सहभागी बने। उन्होंनेकृ जानकारी ही सुरक्षा है, एड्स जागरूक बनें- स्वस्थ जीवन चुनें, सुरक्षित रहें, सुरक्षित रखें जैसे प्रभावी संदेशों से आमजन को जागरूक किया। नगरवासियों ने भी रैली में रुचि लेते हुए प्रसारित संदेशों को सराहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विभा सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सही जानकारी और सजगता ही एड्स से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जागरूकता को घर-घर तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाएँ। डॉ. वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जानकारी ही भ्रांतियों को दूर कर सकती है। समय पर जांच और रोकथाम की आदत विकसित कर हम संक्रमण को काफी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश सिंह ने युवाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सामाजिक अभियान की सफलता युवाओं की जागरूकता और उनकी सकारात्मक सोच पर निर्भर करती है। एनएसएस स्वयंसेवकों का प्रयास समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। रैली सफलतापूर्वक संपन्न हुई। एनएसएस इकाई ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का संकल्प दोहराया।

## सख्त निगरानी में अवध विवि की मुख्य परीक्षा शुरू

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार से डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा सख्त निगरानी के बीच शुरू हो गई। दो पालियों में आयोजित बीए/बीएससी/बीकॉम/एमए/एमएससी के तृतीय सेमेस्टर व पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचल दस्ते परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। गनपत सहाय पीजी कॉलेज, सुलतानपुर में परीक्षा केंद्राध्यक्ष व प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह के निर्देशन में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचल दल का गठन किया गया है। परीक्षार्थियों को प्रवेश से पहले मुख्य गेट पर सघन तलाशी के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में भेजा जा रहा है। केंद्र पर शांतिपूर्ण, सुरक्षित और अनुशासित माहौल बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत रखा गया। परीक्षा संचालन में प्रो. मोहम्मद शाहिद, प्रो. राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रो. शक्ति सिंह, प्रो. नीलम त्रिपाठी, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. सूर्य प्रकाश मिश्र, डॉ. अजय कुमार मिश्र, डॉ. आशीष द्विवेदी, डॉ. संध्या श्रीवास्तव और डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, दिनेश दूबे, अंशू श्रीवास्तव, यमुना प्रसाद, अजय प्रताप सिंह और अरुण मिश्र सहित अन्य कर्मचारियों ने भी परीक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जिला भाजपा कार्यालय में एसआईआर की समीक्षा बैठक को लेकर भ्रम

**गौरीगंज,अमेठी।** आज जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी रहे। जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया तथा स्वागत भाषण के दौरान जनपद की वर्तमान स्थिति एवं रक्कअभियान में कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि पात्र मतदाता का नाम कटने न पाए और अपात्र का नाम जुड़ने न पाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में मतदाता सूची में अनेक प्रकार की विकृतियां देखने को मिलती थीं—एक व्यक्ति का कई स्थानों पर नाम होना, विलोपित या विस्थापित व्यक्तियों के नामों का यथावत बने रहना आदि। इस कारण मतदाता सूची प्रभावित होती थी तथा मतदान प्रतिशत पर भी प्रभाव पड़ता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाता है, किंतु विपक्ष इस अभियान को लेकर जनता में अनावश्यक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा किभाजपा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करती है। उन्होंने विपक्ष पर विदेश-प्रभावित विचारधाराओं से देश को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग दें और सभी पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ने में पूर्ण सहायता करें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को भी मतदाता सूची को शुद्ध और सटीक कराने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में प्रमुख रूप से राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, राजेश अग्रहरी (जिपं अध्यक्ष), डॉ. आर्य वर्मा, प्रवासी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, भाजपा पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र, किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी प्रसाद तिवारी, विषुव मिश्रा (जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा), कृष्ण कुमार सिंह (ब्लॉक प्रमुख तिलोई), उमेश सिंह (ब्लॉक प्रमुख), राकेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश विक्रम, दीपक सिंह, राजेश विक्रम सिंह, भागीरथी मौर्य, केशव सिंह, जिला महामंत्री गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सदाशिव पांडे, प्रभात शुक्ला, अतुल सिंह, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैसवारा क्षेत्र में बीएमपीएस का विशिष्ट गौरव



**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा 2025 के शानदार समापन अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि रमेश चंद्र (आई.जी.) आर.पी.एफ., एम.सी.एफ.ने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि बैसवारा क्षेत्र में बीएमपीएस का विशिष्ट गौरव है। छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर से ही खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ।स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है,खेल शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं,खेल में हार-जीत का कोई मतलब नहीं ।उन्होंने जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामना देने के साथ-साथ हारने वाले खिलाड़ियों को भी उत्साहित करते हुए कहा कि हारने वाला ही जीतने का प्रयास करता है इसलिए कभी हार से घबराना नहीं चाहिए। बालिकाओं को भी खेल के प्रति उत्साहित करते हुए कोतवाल ने उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

दूसरे दिन जूनियर और सीनियर स्तर तक बालक-बालिकाओं के 100मीटर, 200मीटर, 400 मी, 600मी, 800मी, 1000मी की रेस, 200मी बालक रिले रेस में भी जबरदस्त स्पर्धा देखने को मिली। बालक-बालिका लॉन्ग जंप,डिस्कस थ्रो, भाला फेंक,गोला फेंक में अपनी टीम को विजय दिलाने के लिए खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रति स्पर्धा दिखाई। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

ओवर ऑल टीम स्पर्धा में विक्रम शिला प्रथम, नालंदा द्वितीय, वल्लभी टीम तीसरे और तक्षशिला चैथे स्थान पर रही। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुनील सिंह, प्रबंधक शांतनु सिंह, प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने आए हुए मुख्य अतिथि रमेश चंद्र को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीआरओ यश बहादुर यादव, ओम शिव यादव, बीएन यादव, अनुराधा पांडे, प्रीति श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, मृत्युंजय सिंह, श्रवण तिवारी, शिरीष तिवारी,प्रशांत दुबे, विष्णु सिंह,प्रदीप सिंह,दिव्या,सृष्टि, सुधीर सिंह,विनोद चौधरी,सीमा सिंह, ममता सिंह, विभा,सुनहरा, संगीत सिंह, सरिता सिंह, आस्था सिंह, शालू त्रिवेदी, अविनाश साहू, शिवम शुक्ला, संतलाल सहित सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## अधिवक्ता परिषद अवध अमेठी इकाई का गठन

**अमेठी।**अधिवक्ता परिषद अवध अमेठी इकाई के गठन के लिए श्रीमती मीनाक्षी सिंह परिहार अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ व अजय कुमार त्रिपाठी अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ की उपस्थिति में संपन्न हुआ।कार्यक्रम श्रीमती मीनाक्षी सिंह परिहार बतौर मुख्य अतिथि तथा अजय कुमार त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि की देखरेख में अधिवक्ता परिषद अवध अमेठी इकाई के अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट राजेश कुमार सिंह तथा महामंत्री पद के लिए शशिलेष कुमार शुक्ला एडवोकेट का चयन हुआ कोषाध्यक्ष पद के लिए अनुपम कुमार सिंह उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार सिंह राजेंद्र प्रसाद शुक्ला व सुशील कुमार भारती का चयन हुआ। तथा मंत्री पद के लिए राकेश कुमार शुक्ला अवधेश सिंह अभिषेक सिंह अशोक यादव व शशिकांत तिवारी चयनित हुए। उक्त कार्यक्रम अधिवक्ता भवन मुख्यालय गौरीगंज के सभागार में संपन्न हुआ।

# दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर ।** मंगलवार को समेकित शिक्षा अभियान के तहत तहसील जयसिंहपुर में दिव्यांग बच्चों की क्षमता व प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक, खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का सफल आयोजन बीआरसी जयसिंहपुर में किया गया। कार्यक्रम में मोतिगरपुर व जयसिंहपुर के बच्चो ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के चुनिंदा दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजन से पूर्व शिक्षकों की टीम द्वारा प्रतिभागियों का पंजीकरण एवं खेलवार वर्गीकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। सूची के अनुसार विभिन्न शारीरिक, मानसिक एवं बहुविकलांग श्रेणियों में बच्चों को उनके स्तर के अनुसार स्पधाओं में सम्मिलित किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं दिव्यांग बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच देती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास का संचार करती हैं। अधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी भी दी। आयोजन स्थल पर पहुंचे दिव्यांग छात्र छात्राओं ने व्हीलचेयर रेस, स्लो साइकलिंग, 50 मीटर दौड़, हल्का संगीत, नृत्य तथा सामान्य ज्ञान पर आधारित शैक्षिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए हर गतिविधि में सहयोग किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, एआरपी सफदर मेंहदी, एआरपी रामजीत मौर्य, प्रधानाध्यापक सत्यबिजय सिंह, राजेंद्र कुमार, प्रमोद सिंह यादव (व्यायाम शिक्षक), स्पेशल एजुकेटर मनीष कुमार दुबे, रंजीत कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता अनीता की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली।** बीते 24 नवंबर को थुलवासा चैकी क्षेत्र के पूरे गुमान का पुरवा मजरे ओनई जंगल में हुई विवाहिता अनीता की मौत के मामले में मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने कस्बे के बाहर चंदापुर तिराहे के पास से मुख्य आरोपी मृतका के पति को नियमानुसार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण में अमेठी जनपद के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के राजापुर हलीम निवासी मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 28 नवंबर को पति नारेंद्र यादव समेत चार के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया था। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतका अनीता के पति नारेंद्र यादव को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## समय से पहले अनुपस्थित रहने पर होगी कठोर कार्रवाई : सीएचसी अधीक्षक

**रायबरेली।** हरचंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टरों के समय से पहले अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया है। सीएचसी अधीक्षक ने इस पर संज्ञान लेते हुए डॉक्टरों को नोटिस जारी की है। अधीक्षक ने ओपीडी में तैनात सभी डॉक्टरों को चेतावनी दी है। इसमें कहा गया है कि यदि कोई भी डॉक्टर निर्धारित समय से पहले अनुपस्थित पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव गौतम ने बताया कि डॉक्टरों की मनमानी के कारण वे अक्सर समय से पहले केंद्र से चले जाते थे। उन्होंने पुष्टि की कि सभी संबंधित डॉक्टरों को नोटिस दे दी गई है और भविष्य में ऐसी किसी भी अनुपस्थिति पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का समापन



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शाहपुर लपटा खेल मैदान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का मंगलवार को भाजपा नेता अंकित मिश्र ने समापन किया। अंतिम दिन विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ मुकाबले खेले और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। लम्बी कूद बालिका वर्ग जूनियर में सेजल पाल, सब जूनियर में शायमा ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बालक वर्ग सब जूनियर में सत्यम, जूनियर में चन्द्रशेखर और सीनियर वर्ग में सोम धुरिया विजेता बने। गोला फेंक जूनियर बालिका वर्ग में काजल प्रथम, सेजल पाल द्वितीय व प्रतिज्ञा तृतीय स्थान पर रहीं। सब जूनियर बालिका में रानी मोदनवाल प्रथम, शायमा प्रवीन द्वितीय, आर्या यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालक वर्ग के सब जूनियर में अभिषेक यादव, अंश वर्मा द्वितीय, निखिल ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रियंका मौर्या, आर.बी. पाण्डेय, प्रधान जयप्रकाश यादव, एस एन पब्लिक स्कूल के अध्यापक चंद्रपाल मिश्र, अंकुर मिश्र, पीआरडी सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय में आयोजित हुआ सहज योग का विशेष और प्रेरणादायी कार्यक्रम

**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बाबू राम उजागिर सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मेवपुर बरचैली में शुक्रवार को श्री माताजी की कृपा से सहज योग का विशेष और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्रों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने भीतर जागृत होने वाली आंतरिक ऊर्जा, शांति तथा आनंद का अद्भुत अनुभव किया। सहज योग परिवार के सदस्यों ने प्रतिभागियों को कुंडलिनी जागरण की सरल और वैज्ञानिक पद्धति कराई, जिसके माध्यम से साधकों को आत्मा से जुड़ने और मानसिक स्पष्टता प्राप्त करने का मार्ग बताया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि सहज योग से मनुष्य में सृजनशीलता, निर्भयता, क्षमा, संतोष और सामूहिकता जैसे गुण स्वाभाविक रूप से विकसित होते हैं। अनेक छात्रों ने अपने हाथों की हथेलियों और सिर के शीर्ष पर शीतल ऊर्जा प्रवाह का अनुभव करते हुए स्वयं को अधिक संयमित और शांत महसूस किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सहज योग टीम का आभार जताते हुए इसे एक अत्यंत लाभकारी आयोजन बताया। कार्यक्रम में श्रुति सिंह, अनुराग त्रिपाठी, उमाशंकर, राहुल यादव, संतोष सक्सेना, आकाश सिंह समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। सहज योग परिवार सुलतानपुर से डॉ. अनामिका सिंह, डॉ. अमित सिंह, सोनी श्रीवास्तव, दिनकर श्रीवास्तव, दिनेश कसौधन और संतोष पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन सहज योग अभ्यास करने का संकल्प लिया।

# डॉ. संजीव को मिला प्रेजिडेंट एप्रीसिएशन अवॉर्ड

**रायबरेली।** बरेली में आयोजित आईएमए यू पी स्टेट की 90वीं वार्षिक सम्मेलन इस वर्ष कई मायनों में खास रहा। न सिर्फ इसलिए कि इसमें प्रदेशभर के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया, बल्कि इसलिए भी कि मंच पर एक ऐसी उपलब्धि दर्ज हुई, जिसने रायबरेली जिले का नाम पूरे प्रदेश में गर्व से ऊँचा कर दिया। यह उपलब्धि आईएमए रायबरेली के समर्पित और सक्रिय चिकित्सक डॉ. संजीव जायसवाल को मिला प्रतिष्ठित ह्यप्रेजिडेंट एप्रीसिएशन अवॉर्ड फॉर बेस्ट लोकल ब्रांच प्रेसीडेंट सम्मेलन स्थल, आईएमए फार्म्स, दोहरा रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज का वातावरण उस समय तालियों की गूंज से भर गया जब वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंच पर डॉ. जायसवाल को सम्मानित किया। आईएमए यूपी स्टेट के अध्यक्ष डॉ. पीके. अग्रवाल, डॉ. अशिष कुमार




अग्रवाल, . वनी पुरी रावत, आयोजन अध्यक्ष डॉ. रविश अग्रवाल और आयोजन सचिव डॉ. विमल कुमार भारद्वाज की मौजूदगी ने समारोह को और भी गरिमामयी बना दिया।

डॉ. संजीव जायसवाल को यह सम्मान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके निरंतर समर्पण, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा की भावना का परिणाम है। रायबरेली में उनके नेतृत्व के दौरान कई सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम और चिकित्सकों के लिए प्रशिक्षण सत्र। इन कार्यक्रमों ने न सिर्फ चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि आईएमए संगठन को भी नई दिशा दी। सम्मेलन में भाग लेने आए चिकित्सकों ने डॉ. जायसवाल की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी तरह के नेतृत्वकर्ता न सिर्फ संगठन को आगे बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता की नई लहर भी पैदा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। डिजिटल हेल्थ, आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, महामारी प्रबंधन और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे युवा चिकित्सकों को बेहतर सीखने का अवसर मिला। रायबरेली में डॉक्टर समुदाय और आम जनमानस में भी इस खबर से खुशी की लहर है। लोग इसे जिले के लिए सम्मानजनक उपलब्धि मान रहे हैं। आईएमए के सदस्यों ने भी कहा कि यह पुरस्कार उनके पूरे संगठन के लिए प्रेरणादायक है और इससे आगामी दिनों में शाखा और अधिक सक्रिय रूप से कार्य करेगी। अंत में कहा जा सकता है कि डॉ. संजीव जायसवाल का यह सम्मान सिर्फ एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि उस भावना का प्रतीक है कि जब समर्पण और सेवा साथ हों, तो सफलता स्वयं सम्मानित करने चली आती है।

## कस्तूरबा गांधी की छात्राओं ने धरना प्रदर्शन कर किया रोड जाम

**अमेठी।** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, शुकुल बाजार की छात्राओं ने मंगलवार को विद्यालय की दो शिक्षिकाओं पर गंभीर उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए थाने के सामने सड़क जाम कर दिया। छात्राएँ और उनके परिजन आरोपी शिक्षिकाओं पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग पर घंटों अड़े रहे। इससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा ।मंगलवार को दोपहर में विद्यालय की लगभग पचास छात्राएँ अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचीं और शिक्षिकाओं पर मानसिक, जातिगत व शारीरिक उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगीं। परिजन राहुल बौद्ध की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि शिक्षिका नीतू श्रीवास्तव बच्चियों के साथ जाति सूचक टिप्पणियाँ करती हैं और नाम काट देने की धमकी देती हैं। छात्राओं का आरोप है कि शिक्षिकाएँ न केवल उन्हें प्रताड़ित करती हैं, बल्कि अन्य छात्राओं और अपनी बेटियों से गाली-गलौज और मारपीट करवाने तक के लिए उकसाती हैं। इससे बच्चियाँ भय और तनाव का माहौल झेलने को मजबूर हैं। सूचना पर खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला, थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा और विक्रमादित्य तिवारी मौके पर पहुंचे और छात्राओं व परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी शिक्षिकाओं पर कार्रवाई की मांग पर अड़े परिजन और छात्राएँ पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। बाद में पुलिस ने जाम हटवाकर स्थिति सामान्य कराई। इस मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिकाएँ अर्चना बौद्ध और नीतू श्रीवास्तव के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है, जिसके चलते विद्यालय का माहौल खराब हो रहा था। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के उपरांत दोनों शिक्षिकाओं का स्थानांतरण (एक का तिलोई और दूसरी का बहादुरपुर) कर दिया गया है। किंतु दोनों शिक्षिकाएं जाना नहीं चाहती हैं और अपने-अपने समर्थक बच्चों के माध्यम से यह धरना प्रदर्शन करवा रही है।

संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव कटोरा बुर्ज के समीप ट्रैक पार करते समय ट्रेन से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। युवकों के शव देखकर ग्रामीण हैरत में पड़ गए। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शव को एकत्रित कर कब्जे में ले लिया। उसके बाद पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन दोनों युवकों के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया। सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे कटोरा बुर्ज गांव के पास दो युवक ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए। जब ट्रेन के चालक ने दो युवकों को ट्रेन की चपेट में आते देखा तो घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव बुरी तरह से हुए क्षत विक्षित शवों को एकत्रित किया। घटना को देखकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस को युवकों के शव की तलाशी में एक कानपुर स्टेशन के साइकिल स्टैंड की एक पर्ची मिली है। जिसके आधार पर पुलिस ने शवो के परिजनों के लिए कानपुर में संपर्क किया है। देर शाम तक युवकों के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि एक मृतक की जेब से कानपुर के रेलवे स्टेशन के साइकिल स्टैंड की एक पर्ची के अलावा कुछ भी नहीं मिला है। उनके शव की शिनाख्त के लिए जरूरी कार्यवाही की जा रही है।

## सुपारी किलर मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**मथुरा।** एसओजी टीम और थाना बलदेव पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 25000 रुपए का इनामी भाड़े पर हत्या करने वाला शार्प शूटर पवन उर्फ यशवीर गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पवन के पैर में गोली लगी। गोली लगते ही वो गिर पड़ा। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने एक बुजुर्ग की गोली मार कर नृशंस हत्या कर दी थी, उसके खिलाफ थाना बलदेव में मुकदमा पंजीकृत है।

गौरतलब हो कि तीस जुलाई को विनोद कुमार के साथ मिलकर विनोद के पिता श्री रघुवीर सिंह को उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह अपने दूसरे पुत्र उदयवीर की बीमारी का पता लेने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में विनोद कुमार पुत्र रघुवीर सिंह एवं प्रीति पुत्री विनोद कुमार (पिता-पुत्री) पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके थे। परंतु शूटर पवन उर्फ यशवीर उर्फ बंदर पुत्र पूरन सिंह निवासी बटपुरा थाना सहपाऊ जिला हाथरस फरार चल रहा था जिस पर एसएसपी मथुरा द्वारा 25000 रुपए का ईनाम घोषित किया जा चुका था। मथुरा में एसओजी और थाना बलदेव पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन नम्बर 140 पर बने अंडरपास के पास संयुक्त कार्रवाई कर 25 हजार रुपये का इनामी शातिर लुटेरा और सुपारी किलर पवन उर्फ यशवीर उर्फ बंदर को मुठभेड़ में घायल हालत में गिरफ्तार किया। आरोपी ने 30 जुलाई 2025 को विनोद कुमार के साथ मिलकर उसके पिता रघुवीर सिंह की गोली मारकर हत्या की थी। मामले में विनोद कुमार और उसकी बेटी प्रीति पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे। फरार चल रहे पवन के पास से बॉलरों पिकअप और भारी मात्रा में असलाह-कारतूस बरामद हुए।

# संस्कृति विवि व गीता शोध संस्थान के मध्य हुआ महत्वपूर्ण एमओयू



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय और गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ। संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार मनीष मिश्रा और गीता शोध संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना ने इस समझौता पत्र (एमओयू) को अपने हस्ताक्षर कर अंतिम रूप दिया।

इस समझौते के अनुसार गीता शोध संस्थान की ओर से ब्रज संस्कृति, रासलीला तथा गीता के पठन-पाठन पर संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप भविष्य में रासलीला के मंचन एवं नाट्य प्रस्तुतियों हेतु संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। गीता पर होने वाले शोध कार्य, शोध प्रबंध (थीसिस) तथा अकादमिक परियोजनाएँ दोनों संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जाएँगी। दोनों संस्थानों के बीच शिक्षण- प्रशिक्षण, शिक्षकों का आदान-प्रदान तथा अकादमिक विशेषज्ञता का परस्पर सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। ब्रज की संस्कृति, कला एवं पारंपरिक विधाओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु दोनों संस्थान मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का गीता शोध संस्थान में शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। वे यहाँ आयोजित गोष्ठियों, व्याख्यानों एवं अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसी प्रकार संस्कृति विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्वान भी गीता शोध संस्थान वृंदावन में गतिविधियों में सहभागिता करेंगे।

इस समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और गीता शोध संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना ने कहा कि यह समझौता ब्रज की संस्कृति, कला और परंपराओं के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समझौते के दौरान संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी, ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चन्द्र शर्मा जी, संस्थान के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार और गीता प्रचारक महेश चंद्र शर्मा, ब्रज कला केंद्र के विष्णु गोयल भी उपस्थित रहे।

## सीबीसीआईडी की पुडुचेरी में बड़ी कार्रवाई तोड़ दी दवा माफिया की कमर

**आगरा।** सीबीसीआईडी और पुडुचेरी औषधि विभाग ने संयुक्त छापेमारी में नकली दवा बनाने की बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। मौके से करीब 30 करोड़ रुपये की दवाएं और हाई-टेक मशीनें बरामद की गई हैं। सीबीसीआईडी ने पुडुचेरी में नकली दवा बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। वहां करीब 30 करोड़ की दवाएं और मशीनें जब्त की हैं। फैक्टरी में 20 से अधिक नामी कंपनियों के नाम से नकली दवाएं बनाई जा रही थीं। दो दवा माफिया भी गिरफ्त में आए हैं। वहां से ही नकली दवाओं की आगरा में तस्करी हो रही थी। फैक्टरी को सील करते हुए जांच के लिए 20 नमूने लिए गए हैं। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि सीबीसीआईडी और पुडुचेरी औषधि विभाग की टीम ने पुडुचेरी में नकली दवा बनाने की फैक्टरी पर छापा मारा। गोदाम दवाओं से भरा हुआ था। जांच करने पर 20 से अधिक नामी कंपनियों के नाम की एंटीबायोटिक, एलर्जी, हृदय रोग, मधुमेह रोग, उच्च रक्तचाप समेत अन्य मर्ज की दवाएं मिली हैं। फैक्टरी में मौके पर दवा माफिया एके राणा और मणिपन्नम पकड़े गए हैं। वहां से आगरा में हे मां मेडिको, बंसल मेडिकल एजेंसी, एमएसवी मेडी पॉइंट, ताज मेडिको और राधे मेडिकल एजेंसी को दवाएं बेची जा रही थीं। इन फर्मों की आगरा में सीज की गईं 71 करोड़ रुपये की दवाओं का वहां मिलीं नकली दवाओं से मिलान हुआ है। इसमें बैच नंबर समेत अन्य सामान है। जब्त दवाओं की कीमत 5 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि सीबीसीआईडी की जांच में पता चला है कि पुडुचेरी से आगरा में नकली दवाएं बेची जाती थीं। यहां से ही दवाओं को प्रदेश के अन्य शहरों और दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा था। इसकी जांच करने के लिए लखनऊ स्तर से टीम बनेगी, जो पुडुचेरी में भी जांच करने के लिए जाएगी। वहां से दवाओं के बैच नंबर, निमार्ता और क्यूआर कोड समेत अन्य की रिपोर्ट बनाकर लाएगी। सहायक आयुक्त ने बताया कि पुडुचेरी में नकली दवा बनाने वाली फैक्टरी में बेहद आधुनिक मशीन मिली है। इसकी कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें नामी कंपनियों का होलोग्राम, दवाओं की पैकिंग और पैकेट की डिजाइन तैयार होती थी। इन पर क्यूआर कोड भी लगा देते थे, जिससे नकली-असली की पहचान करना आसान नहीं था। इसके अलावा पांच करोड़ की अन्य मशीनें व सामान मिला है। सहायक आयुक्त ने बताया कि तीन सितंबर को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन की टीम ने पुडुचेरी में ही नकली दवा की दो फैक्टरी पकड़ी थी।

# भाजपाइयों ने बूथ शक्ति केंद्र की बैठक की



**टूंडला।** पचोखरा मण्डल के पमारी शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम नगला पुन्नू में शक्ति केंद्र के संयोजक बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रवासी व बी एल ओ की उपस्थिति में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में लगे प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित की बैठक में बतौर मुख्य वक्ता नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक की विधिवत शुरूआत सर्वप्रथम नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का माला पटका पहनाकर स्वागत कर किया गया। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए 4 नवंबर से चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के सभी विषयों की बिन्दुबार चर्चा करते हुए कहा कि सभी को एसआईआर के अंतिम 3 दिनों में अपने बूथ के बी एल ओ से संपर्क कर यदि अभी भी किसी ने अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा किया है तो अपने बूथ के बी एल ओ से संपर्क कर फॉर्म भरवाना है। एक भी वोटर छूटना नहीं चाहिए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह बघेल आकाश शर्मा मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह मण्डल अध्यक्ष महावीर सिंह बघेल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन मण्डल महामंत्री ब्रजवीर सिंह, विकास बघेल, रवि कुशवाहा ग्राम प्रधान रेखा देवी महेंद्र सिंह जाटव रंजना देवी, राम भरोसी शिशुपाल बघेल ममता बघेल, संजय शर्मा विजय रामसेवक मोहित व अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 12 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद किया

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा 12 वर्षीय बच्चा को तत्काल प्रभाव से सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एटा द्वारा थाना पचोखरा के सीयूजी पर सम्पर्क कर एक 12वर्षीय बच्चा जो सोमवार को 2 बजे घर से चले जाने के संबंध में बच्चे की खोजबीन व चैकिंग मे सम्बन्ध मे अवगत कराया, थानाध्यक्ष पचोखरा अमित तोमर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के आदेशानुसार चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत एक टीम गठित कर बच्चे की खोजबीन की, गठित टीम द्वारा गुमशुदा बच्चे को थाना पचोखरा के ग्राम नगला दल में सकुशल बरामद किया गया। उक्त बच्चा अपने घर से 02 लाख 08 हजार रुपए व एक साइकिल लेकर पारवारिक कलह के चलते घर से निकल आया था। जिसे सकुशल बरामद किया गया। गुमशुदा के पिता तेजवीर सिंह को दूरभाष सम्पर्क कर गुमशुदा बच्चे व उससे प्राप्त 02 लाख 08 हजार रुपए को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा थाना पचोखरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए थाना पचोखरा पुलिस की प्रशंसा की।

## कानून के रडार से बाहर 725 अपराधी, आगरा में पुलिस ने शुरू किया हाई-इंटेंसिटी सर्च ऑपरेशन

**आगरा।** ज़िले में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा कर्मठ सत्यापन अभियान शुरू किया है। जेल से रिहा हुए अपराधियों से लेकर सक्रिय अपराधियों तक, हर एक का डोज़ियर तैयार किया जा रहा है, ताकि पुलिस नेटवर्क मजबूत हो और किसी भी अपराधिक वारदात को समय रहते रोका जा सके। जिलेभर में चिह्नित किए गए कुल 29,660 अपराधियों में से 26,691 का सत्यापन पूरा हो चुका है, जबकि 16,057 का पुनः सत्यापन प्रगति पर है। सबसे बड़ी चिंता का विषय हैं 2,244 अपराधी, जिनका अब तक एक बार भी सत्यापन नहीं हो पाया है। इन आंकड़ों में सबसे गंभीर स्थिति उन 725 अपराधियों की है, जो पुलिस डेटाबेस से गायब हो गए हैं। थाना पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस लीड नहीं मिल सकी है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अपराधी भविष्य में बड़े अपराधों को अंजाम दे सकते हैं, इसलिए इनकी तलाश शीर्ष प्राथमिकता है। एसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि सभी थानों को सख़्त निर्देश दिए गए हैं कि जेल से छूटे अपराधियों, सक्रिय अपराधियों का सत्यापन शीघ्रता से पूरा किया जाए। सिटी सर्किल में अब तक 6000 से अधिक अपराधियों की पहचान पूरी हो चुकी है और नए डोज़ियर लगातार तैयार किए जा रहे हैं। हर अपराधी की पूरी क्राइम प्रोफाइल दर्ज की जा रही है, जिसमें अपराधी का पूरा नाम व पता, मोबाइल नंबर, आपराधिक इतिहास, जेल में प्रवेश व रिहाई की तिथि, सभी मुकदमों की वर्तमान स्थिति, परिवार व रिश्तेदारों की जानकारी शामिल है। पुलिस का मानना है कि इस डिजिटल डोज़ियर सिस्टम से अपराधियों की गतिविधियों की निगरानी आसान होगी। साथ ही पुराने मामलों के खुलासे में भी मदद मिलेगी। पिछले वर्षों में कई सर्च अभियान चलाए गए, लेकिन ये 725 अपराधी लगातार पुलिस की पकड़ से दूर हैं। अधिकारियों का मानना है कि ये अपराधी कभी भी किसी बड़ी वारदात का कारण बन सकते हैं। इसी कारण पुलिस टीमों को इन्हें ट्रैक करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

# वृंदावन में एमवीडीए के जेसीबी ने आठ अवैध निर्माणों को किया जमीदोज




**मथुरा।** वृंदावन नगर के खादर क्षेत्र में सौभरिवन के पास मंगलवार को मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की टीम ने आठ अवैध निमार्णों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान की कार्यवाही की अंजाम दिया।

प्राधिकरण सचिव आशीष कुमार सिंह के अनुसार बालचंद चरण दास हरी बाबा, जितेन्द्र तिवारी, रामनाथ पवन गौतम चंदन सिंह श्री वैद्यनाथ महाराज द्वारा बिना अवैध रूप से किए गए निर्माण को जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया है। उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह का कहना है कि वृंदावन में जोरदार तरीके से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही निरंतर चलेगी। लोगों से अनुरोध है वह अपनी गाढ़ी कमाई से खादर में जमीन क्रय न करें।

## 171 बीएलओ सम्मानित

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान -2026 के संबंध में तहसील महावन के सभागार में बैठक हुई सम्पन्न। बैठक में एडीएम न्यायिक सुरेंद्र कुमार, एसडीएम महावन कंचन, तहसीलदार महावन, महावन क्षेत्र के समस्त बीएलओ, सुपरवाइजर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने तहसील महावन के सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 171 बीएलओ को सम्मानित किया। उक्त सभी 171 बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने अन्य बीएलओ को प्रेरित भी किया कि बिना तनाव के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण करे। उन्होंने कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ से अनुरोध किया कि आप सभी अपने साथी बीएलओ का सहयोग करे, जिससे उनका कार्य भी शीघ्र पूर्ण हो जाए। उन्होंने कहा कि आप सभी को एक टीम भावना के साथ कार्य करना चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं दृढ़ता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं से गणना प्रपत्र शीघ्र एकत्रित करते हुए डिजिटाइजेशन कराना सुनिश्चित करें।

## उपजिलाधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर सहयोग की अपील की

**टूंडला।** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी ए ई ओ के आर द्वारा मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर बी एल ओ सुपरवाइजर नगर पालिका सभासद गण के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी ने सभी बी एल ओ सुपरवाइजरों व नगर क्षेत्र के पालिका सभासद गणों को विशेष मतदाता प्रगाड पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की इस दौरान एसडीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य कराया जा रहा है। जिसमे आप सभी लोग बी एल ओ का सहयोग करें जिससे ससमय यह महत्वपूर्ण कार्य सकुशल सम्पन्न हो सके।

## मूकबधिर वाहन चालकों के लिए विशेष जागरूकता रैली आयोजित की



**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में मंगलवार को जैन मंदिर चौराहा फिरोजाबाद पर मूकबधिर वाहन चालकों के लिए विशेष जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात प्रभारी यातायात मय टीम तथा मूकबधिर प्रशिक्षक पूजा गुप्ता एवं अमित गुप्ता उपस्थित रहे। रैली के दौरान मूकबधिर वाहन चालकों को विशेष चिन्ह स्टीकर वितरित किए गए तथा इंटरप्रेटर की सहायता से उन्हें यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षकों द्वारा आवश्यक जानकारियाँ साझा की गईं और उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वरीयता के आधार पर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर यातायात एवं क्षेत्राधिकारी यातायात ने आमजन से अपील की कि मूकबधिर चालकों का सम्मान करें, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात में सहयोग दें।

# एफआईआर दर्ज करने के विरोध में शिक्षक-कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षक कर्मचारियों के पदाधिकारी पर एफ.आई.आर. दर्ज करने के विरोध में जनपद के शिक्षक कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसे लेकर शिक्षक कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मंगलवार को विकास भवन प्रांगण में एफ.आई.आर. वापस लो की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

शिक्षक कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति संयोजक प्रेम प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि, 25 नवंबर 2025 को अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु की अध्यक्षता में जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली और टेट की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया गया, किंतु सरकार के तानाशाही रवैया के चलते केंद्रीय तीन चार पदाधिकारी पर अधिक भीड़ इकट्ठी करने का बहाना कर एफ. आई. आर. दर्ज कराई गई और विकास भवन प्रांगण में एफ. आई. आर. वापस लो की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से जगबीर सिंह अनिल कुमार संजय कुमार, जितेंद्र कुमार मुलायम सिंह राकेश प्रताप सिंह राजेश यादव सर्वेश यादव सोनू वर्मा, हरेंद्र कुमार टिंकू रजनीश चंद्रपाल प्रदीप कुमार गौतम डी. पी.सिंह इंद्रपाल सिंह, महेंद्र सिंह सुखबीर सिंह रामपाल योगेश व अन्य उपस्थित रहे।

## झारखंड पुलिस की अभिरक्षा से साथी संग भागी महिला आगरा में गिरफ्तार

**आगरा।** जीआरपी ने कैंट स्टेशन पर चेकिंग के दौरान दो शातिर दबोच लिए। दोनों ही झारखंड पुलिस की अभिरक्षा से भाग निकले थे। झारखंड पुलिस की अभिरक्षा से फरार हुए दो आरोपी सोमवार को कैंट स्टेशन पर एक ट्रेन में चेकिंग के दौरान पकड़ लिए गए। सीओ जीआरपी राजेश दीक्षित ने बताया कि झारखंड पुलिस ने सूचना दी थी कि उनकी अभिरक्षा से दो आरोपी सुरेश उर्फ एंड्र्यू जेम्स और एक महिला फरार हो गए हैं। वह एक ट्रेन में सवार हैं। सूचना पर जीआरपी ने तलाश शुरू की। ट्रेन के आगरा कैंट पहुंचने पर आरोपियों को पकड़ लिया गया। उनकी तलाश में झारखंड पुलिस भी लगी थी। दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ले गई। आरोपी सुरेश के खिलाफ झारखंड के जिला धनबाद के थाना चंद्रपुरा में पुलिस अभिरक्षा से फरार होने और जमशेदपुर के थाना परसुडीह में आपराधिक विश्वासघात, गैर कानूनी कार्य और अपहरण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज है। सुरेश उर्फ एंड्र्यू जेम्स चर्च स्टेट सिटी, 6 क्रोस आसवत नगर, तरिनाप्रा मेन रोड नियर अरेबिक कॉलेज, थाना बनवासी, बंगलूरू का रहने वाला है। दोनों को थाना परसुडीह पुलिस के सुपुर्द किया गया। वहीं ट्रेन से गांजे की तस्करी करने वाले दो तस्करों को सोमवार को जीआरपी आगरा कैंट ने गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 7.5 किलो गांजा बरामद हुआ। इंस्पेक्टर के मुताबिक, प्लेटफार्म नंबर 3 से ट्रेन से उतरे दो संदिग्ध युवकों को दबोच लिया। ट्रेन दक्षिण भारत की ओर से आई थी। दोनों के पास से एक बैग में रखा 7.50 किलो तस्करी का गांजा मिला। आरोपियों ने अपने नाम निर्जुन कुमार व मनीष कुमार निवासी पटना (बिहार) बताए। सोमवार दोपहर बाद दोनों को रेलवे मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश कर किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन कर अभिभूत हुऐ पूज्य शंकराचार्य



**मथुरा।** दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदा पीठ के उत्तराधिकारी जगद्गुरु शंकराचार्य श्री विधुशेखर भारती जी महाराज बीती सायं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन एवं दो दिवसीय प्रवास के लिए पधारे। जन्मस्थान आगमन पर पूज्य शंकराचार्य जी का रजत मंगल कलश, पुष्प गुच्छ एवं मंगल आरती के साथ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा एवं सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी ने श्रद्धा एवं भाव से स्वागत किया तदोपरान्त परम पूज्य शंकराचार्य जी ने भागवत भवन में विराजमान श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार की श्रंगार आरती के दर्शन किये। इस अवसर पर पीठ की परंपराओं के अनुसार पूज्य शंकराचार्य जी का पादुका पूजन संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने विधिविधान से संपन्न किया। पादुका पूजन के उपरान्त परम पूज्य शंकराचार्य जी महाराज द्वारा भगवान चन्द्रमौलीश्वर का पूजन, अभिषेक किया। नाना प्रकार की पूजन सामग्री, भोग एवं विशिष्ट मंत्रों के द्वारा भगवान चन्द्रमौलीश्वर की पूजा एक अलग ही आनन्द प्राप्ति की अनुभूति करा रही थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पवित्र लीलामंच पर स्थापित विशाल रजत मण्डप में विराजमान भगवान श्रीगणेश आदि देवता एवं भगवान श्री चन्द्रमौलीश्वर के दर्शन एक अलौकिक अनुभूति करा रहे थे। भगवान चन्द्रमौलीश्वर के साथ भगवती शारदा की विशाल स्वर्ण प्रतिमा एवं अन्य विग्रह श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पधारे भक्तों को अभिभूत कर रहे थे।

## सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित



**फिरोजाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.राम बदन राम की अध्यक्षता में सघन पल्स पोलियो एस०एन०आई०डी० अभियान के अन्तर्गत जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायती राज अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय विभागाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने हेतु सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया, और सभी विभागवार पल्स पोलियों अभियान में कार्य दायित्वों पर विशेष चर्चा की गयी ताकि अभियान सफल बनाया जा सकें। सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत 462951 0-5 वर्ष के बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा, इस अभियान के तहत 1170 स्थायी बूथ घर-घर टीमों की संख्या 847 ट्रांजिट टीमों की संख्या 87 एवं मोबाइल टीम 27 के द्वारा अभियान द्वारा कार्य कराया जायेगा।

# गीता के श्लोकों से गुंजायमान हुआ श्रीधाम वृंदावन

- प्राणी मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है श्रीमद्भगवद्गीता

**मथुरा।** श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के उपलक्ष्य में श्रीधाम वृन्दावन स्थित केशव धाम द्वारा संचालित केशव वेद विद्यालय एवं सोहम् आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद्भगवद्गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन चिंतामणि कुंज के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ आदित्या नन्द जी महाराज की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर ललिता आश्रम परिक्रमा मार्ग में श्रीमद्भगवद्गीता जी का पूजन कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें केशव वेद विद्यालय, सोहम् आश्रम के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्वक भारी संख्या में उपस्थित रही शोभायात्रा में श्रीमद्भगवद्गीता का विद्यार्थियों द्वारा सस्वर पाठ किया जा रहा था। स्थान स्थान पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा, स्वागत एवं गीता जी का पूजन व




आरती स्थानीय लोगों द्वारा भक्तिभाव के साथ किया गया।

शोभायात्रा का समापन सोहम् आश्रम में धर्मसभा के साथ किया गया जिसमें कार्यक्रम संयोजक आचार्य डॉ रामविलास चतुर्वेदी, मुख्य वक्ता आचार्य चतुर्नारायण शास्त्री, स्वामी हरीसानन्द जी महाराज, रंग लक्ष्मी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ स्वामी अनिला नन्द जी महाराज, सोहम् आश्रम के संत श्री गौरवानन्द जी महाराज, संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, ने श्रीमद्भगवद्गीता के सार पर प्रकाश डालते हुए कहा श्रीमद्भगवद्गीता प्राणी मात्र के कल्याण का मर्ग प्रशस्त करती है जिसमें सभी धर्मग्रंथों का सार बताया गया है। केशव वेद विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीन्द्र शर्मा, सचिव गंगाधर अरोड़ा, रामदास चतुर्वेदी शास्त्री, हरस्वरुप यादव , आचार्य सुधाकर द्विवेदी, आचार्य विपुल मिश्रा, ऋषि कान्त शर्मा, ज्ञान पांडेय, गुलशन चतुर्वेदी द्वारा पधारे हुए सभी अतिथियों का शाल दुपट्टा स्मृतिचिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। धर्मसभा का संचालन करते हुए संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मथुरा के अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने श्रीमद्भगवद्गीता जी के पठन-पाठन और युवाओं में आकर्षण पैदा किए जाने पर जोर दिया उन्होंने कहा वर्तमान में विश्व के अनेक देशों में गीता ज्ञान को लेकर अध्ययन व शोधकार्य किए जा रहे हैं। श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान व विज्ञान का अद्भुत धर्मग्रंथ है। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्मसभा में गीता जी का वैदिक विधिविधान से पूजन आरती व भक्ति भाव के साथ पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम के अन्त में रवीन्द्र शर्मा ने एवं गंगाधर अरोड़ा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। हरस्वरुप यादव ने कल्याण मंत्र से धर्म सभा का समापन किया।

संक्षेप

## भारत का चीनी उत्पादन 43 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ ने मंगलवार को कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 के पहले दो महीनों में भारत का चीनी उत्पादन 43 प्रतिशत बढ़कर 41.1 लाख टन हो गया, जिसकी वजह महाराष्ट्र से अच्छा उत्पादन होना है। एक साल पहले इसी समय में उत्पादन 28.8 लाख टन था। विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। खेत स्तर की जानकारियों से पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में प्रमुख राज्यों में गन्ने की पैदावार बेहतर हुई है और चीनी की प्राप्ति का दर बेहतर हुई है, क्योंकि देश भर में गन्ने की पेराई में तेजी आई है। इस साल चालू फैक्ट्रियों की संख्या पिछले साल की इसी अवधि के 376 से बढ़कर 428 हो गई। देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में नवंबर तक उत्पादन 14 लाख टन तक पहुंच गया, जो एक साल पहले 12.8 लाख टन था। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में उत्पादन पिछले साल इसी समय के 4.6 लाख टन से बढ़कर 16.9 लाख टन हो गया। तीसरे सबसे बड़े राज्य कर्नाटक में उत्पादन 8,12,000 टन से घटकर 7,74,000 टन रह गया, जबकि किसानों के विरोध के कारण शुरुआती रुकावटों के बाद पेराई काम में तेज़ी आई।

## सैमसंग ने दोस्त सेल्स प्रोग्राम का दायरा बढ़ाया

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने प्रमुख सैमसंग डिजिटल एंड ऑफलाइन स्किल्स ट्रेनिंग (दोस्त) सेल्स प्रोग्राम का बड़े पैमाने पर विस्तार करने की घोषणा की है। इसके तहत कम सेवा प्राप्त समुदायों से 9,400 युवाओं को फ्रंटलाइन रिटेल भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। यह पहल सैमसंग की कुशल, भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने और भारत के समावेशी आर्थिक विकास के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। 2021 में अपनी शुरूआत के बाद से, दोस्त सेल्स प्रोग्राम ने भारत के तेजी से विस्तारित संगठित रिटेल क्षेत्र के लिए एक मजबूत प्रतिभा पाइपलाइन तैयार की है। इस वर्ष शुरू हुए दोस्त सेल्स 4.0 के साथ, सैमसंग भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) और टेलीकॉम सेक्टर स्किल्स काउंसिल (टीएसएससी) के साथ साझेदारी में अपने स्किलिंग मिशन पर दोगुनी मेहनत कर रहा है।

## रे -बैन मेटा (जेन 2) भारत में लॉन्च

नयी दिल्ली। रे-बैन मेटा (जेन 2) एआई ग्लासेस आज से भारत में उपलब्ध होंगे। अब आप इन ग्लासेस से तेजी से वीडियो कैप्चर कर सकते हैं, इसकी बैटरी लाइफ काफी बेहतर है, इसमें आधुनिक मेटा एआई अनुभव और नए-नए स्टाइल मिलेंगे जो रोजमर्रा की उपयोगिता के साथ आइकॉनिक डिजाइन में पेश किये गये हैं। पहली पीढ़ी के रे-बैन मेटा ग्लासेस की सफलता पर आधारित, रे-बैन मेटा (जेन 2) 3के अल्ट्रा एचडी वीडियो कैप्चर, अल्ट्रावाइड एचडीआर और उन्नत मेटा एआई अनुभव प्रदान करता है। 8 घंटे तक की बैटरी लाइफ के साथ, 20 मिनट में 50% फास्ट चार्जिंग और चार्जिंग केस से अतिरिक्त 48 घंटे की पावर, रे-बैन मेटा (जेन 2) को पूरे दिन साथ निभाने के लिए डिजाइन किया गया है। हाइपरलैप्स और स्लो मोशन जैसे नए कैप्चर मोड सॉफ्टवेयर अपडेट्स के माध्यम से बाद में रोल आउट होंगे, जो स्टोरीटेलिंग को और अधिक रचनात्मक और शानदार बनाएंगे।

## पैनासोनिक के ब्रांड अंबेसडर बने धोनी

नई दिल्ली। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने एमएस धोनी को भारत में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो के नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया है। धोनी निरंतरता, संयम और उच्च क्षमता वाले प्रदर्शन का उदाहरण देते हैं, ऐसे गुण जो अगली पीढ़ी के कूलिंग समाधानों की



कप्तानी करने की पैनासोनिक की विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं। दो कूल कैप्टन का साथ मिलकर पैनासोनिक के ट्रस्ट के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगा। यानी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, सिद्ध रिलायबिलिटी, अल्ट्रा-कुशल प्रदर्शन, सुपीरियर कूलिंग और ट्रस्टेड गुणवत्ता। यह साझेदारी पैनासोनिक को भारत में शीर्ष एयर कंडीशनर ब्रांड बनने और करोड़ों भारतीय परिवारों के साथ कनेक्शन को मजबूत करने के अपने विजन को तेज कर रही है।

# सेंसेक्स में 504 अंकों की गिरावट




मुंबई। प्रमुख बैंकों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार तीसरे दिन नुकसान में रहे। सेंसेक्स में करीब 504 अंक जबकि निफ्टी में 144 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन के खराब आंकड़ों और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर जाने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक यानी 0.59 प्रतिशत टूटकर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 588.9 अंक गिरकर 85,053 के स्तर तक आ गया था। यह लगातार तीसरा सत्र है जब सेंसेक्स में गिरावट दर्ज हुई। सोमवार को यह कारोबार के दौरान 86,159.02 अंक के अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद गिरकर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 143.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत फिसलकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और लार्सन एंड टूब्रो में सर्वाधिक गिरावट रही। इसके विपरीत, एशियन पेंट्स, मारुति सुज़ुकी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को।,171.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,558.93 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीदारी की। एफआईआई की बिकवाली ने एक बार फिर तेजी पकड़ ली है। पिछले तीन सत्रों में एफआईआई ने करीब 6,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। बाजार के ऊंचे मूल्यांकन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा में देरी से निवेशकों के बीच घबराहट देखी जा रही है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भी परेशानी बढ़ रही है। रुपये ने कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90 रुपये का मनोवैज्ञानिक स्तर भी पहली बार छू लिया। अंत में रुपया 89.99 प्रति डॉलर के अपने सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। छोटी कंपनियों का सूचकांक बीएसई स्मालकैप 0.49 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.14 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,563 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि।,586 शेयरों में तेजी रही।

# रुपया 42 पैसे टूटकर 89.95 प्रति डॉलर के सार्वकालिक निम्न स्तर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 42 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 89.95 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 90 के स्तर पर पहुंच गया था।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मुख्य रूप से सटोरियों के अपना सौदा पूरा करने के लिए लगातार लिवाली और आयातकों की मांग बनी रहने से रुपया नीचे आया। इसके साथ विदेशी पूंजी की निकासी और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता जैसे कई दबावों के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर बनी हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.00 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। रुपया मंगलवार को कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले 89.95 (अस्थायी) के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 42 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को 89.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। 90 का स्तर एक प्रमुख मनोवैज्ञानिक स्तर है। यदि रुपया इससे ऊपर जाता है, तो बाजार तेजी से 91.00 या उससे भी अधिक के उच्च प्रवृत्ति वाले चरण में स्थानांतरित हो सकता है। यही कारण है कि केंद्रीय बैंक को 90 से नीचे सक्रिय रहना चाहिए...। इस स्तर पर केंद्रीय बैंक के लिए यह आवश्यक है कि वह सट्टेबाजों को एकतरफा रुख के साथ बहुत अधिक सहज होने से रोके क्योंकि इससे अमेरिकी डॉलर-रुपये में अस्थिरता में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.41 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 503.63 अंक की गिरावट के साथ 85,138.27 अंक पर जबकि निफ्टी 143.55 अंक फिसलकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.03 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## पेंशन फंड को वैकल्पिक निवेश कोष में लगाया जायेगा

नयी दिल्ली। पेंशन फंड विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन एस रमण ने मंगलवार को कहा कि नियामक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एक फंड का फंड बनाएगा। इसके जरिए पेंशन फंड का धन चुनिंदा वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में लगाया जा सकेगा।

सेबी द्वारा रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) को इक्विटी श्रेणी में रखने के बाद पीएफआरडीए ने सभी वैकल्पिक निवेश साधनों को इक्विटी और बॉन्ड में वर्गीकृत कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में हमने वैकल्पिक परिसंपत्तियों को अधिक स्पष्ट रूप से वर्गीकृत करने, संचालन व्यवस्था को मजबूत करने और एक केंद्रीकृत तथा पारदर्शी एनपीएस फंड का फंड मंच बनाने पर काम किया है, जो कड़े और विश्वसनीय मानकों के साथ एआईएफ का चयन कर सके। उन्होंने कहा कि इससे छोटे-बड़े सभी पेंशन फंडों को सतर्कता के साथ पूंजी लगाने का भरोसा मिलेगा। भारत में पूंजी निर्माण का अगला चरण मजबूत घरेलू पूंजी के आधार पर खड़ा होना चाहिए। पेंशन परिसंपत्तियां स्वभाव से दीर्घकालिक और स्थिर होती हैं। पीएफआरडीए का प्रयास यही है कि इन कोषों के लिए ऐसा ढांचा बनाया जाए, जिससे वे भारत के निजी बाजार की वृद्धि में सार्थक भागीदारी निभा सकें।

## सोना 1670 रुपये टूटा, चांदी 4360 रुपये तेज



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर कारोबार के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत।,670 रुपये टूटकर।,31,530 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत।,33,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। हालांकि, चांदी में लगातार छठे दिन तेजी बनी रही और यह 4,360 रुपये बढ़कर।,81,360 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। पिछले सत्र में कीमतें कई सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद कारोबारियों की मुनाफावसूली से मंगलवार को सोने में गिरावट आई। इसके साथ इस सप्ताह के आखिर में आने वाले अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के आने से पहले व्यापारियों के सतर्क रुख ने भी गिरावट में योगदान दिया। सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी में लगातार छठे सत्र में तेजी रही और यह 4,360 रुपये बढ़कर।,81,360 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। सोमवार को यह।,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। घरेलू सर्राफा की कीमतों को कमजोर भारतीय रुपये से समर्थन मिल रहा है। रुपया व्यापार समझौते की अनिश्चितता के कारण डॉलर के मुकाबले 89.95 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 45.17 डॉलर यानी 1.07 प्रतिशत टूटकर 4,187 डॉलर प्रति औंस रहा, जबकि चांदी 1.77 प्रतिशत घटकर 56.97 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग को अधिकार देने की सिफारिश

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने मंगलवार को वैधानिक अधिकार के साथ एक मजबूत, स्वतंत्र राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (एनएससी) की जरूरत पर जोर दिया।

वित्त पर संसद की स्थायी समिति ने कहा कि ऐसा करने से सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। समिति ने सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संबंधित एनएससी के कार्य-निष्पादन की समीक्षा पर अपनी 27वीं रिपोर्ट मंगलवार को संसद में पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि आधिकारिक और निजी आंकड़ों में विसंगतियों के कारण एकसमान मानकों के अभाव में जनता का भरोसा कम हो रहा है। समिति ने सिफारिश की है कि एनएससी को नोडल एजेंसी के रूप में सशक्त बनाया जाए ताकि वह पद्धतियां निर्धारित कर सके, डेटा प्रक्रियाओं में समन्वय स्थापित कर सके और एक स्थायी तकनीकी समिति के जरिये निजी एजेंसियों तथा विशेषज्ञों को शामिल कर सके। एनएससी को वैधानिक अधिकारों के साथ एक मजबूत, स्वतंत्र राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग बनाने और उसे सांख्यिकी का नोडल राष्ट्रीय निकाय बनाने की जरूरत है ताकि सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता बनी रहे। समिति ने राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली में कृत्रिम मेधा (एआई) को एकीकृत करने, डेटा की दक्षता, सटीकता और समयबद्धता बढ़ाने तथा कार्यबल की क्षमता निर्माण पर जोर दिया।

# मजबूत डेटा गोपनीयता के उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता



नयी दिल्ली। राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने मंगलवार को कहा कि देशों को मजबूत डेटा गोपनीयता प्रणाली सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की जरूरत है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत साझा की गई जानकारी का प्रभावी ढंग से उपयोग भी सुनिश्चित करना होगा।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर न्यायालयों को डिजिटल अर्थव्यवस्था कराधान और क्रिप्टो एसेट रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क सहित नई चुनौतियों के अनुकूल बनाना होगा। इसके लिए प्रौद्योगिकी नवाचार एवं समन्वित कार्रवाई दोनों की आवश्यकता होगी। सचिव ने यहां 18वीं ग्लोबल फोरम प्लेनरी बैठक में कहा कि भविष्य की ओर देखते हुए... हमें लाभकारी स्वामित्व पारदर्शिता को और गहरा करना जारी रखना होगा। मजबूत डेटा गोपनीयता प्रणाली के साथ साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत साझा की गई जानकारी का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष में वैश्विक मंच ने वैश्विक कर परिदृश्य में बैंकिंग गोपनीयता एवं सीमित सहयोग से लेकर पारदर्शिता तथा सूचना आदान-प्रदान तक बदलाव लाने में मदद की है। वैश्विक मंच का काम निरंतर बढ़ रहा है और भारत इसके अगले चरण में रचनात्मक योगदान देने के लिए तैयार है जहां पारदर्शिता से न केवल प्रवर्तन को बल्कि बेहतर अनुपालन, निवेशक विश्वास एवं सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत के संदर्भ में राजस्व सचिव ने कहा कि देश 2017 से सूचना मानकों के स्वचालित आदान-प्रदान को सफलतापूर्वक लागू कर रहा है जिससे जोखिमों का पता लगाने की उसकी क्षमता बढ़ी है। साथ ही स्वैच्छिक प्रकटीकरण को प्रोत्साहन मिला है और अनुपालन में सुधार हुआ है। श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा सुरक्षित आईटी प्रणालियों, डेटा विश्लेषण एवं समन्वित प्रवर्तन तंत्रों में निवेश ने अंतरराष्ट्रीय ढांचे के तहत साझा की गई जानकारी का जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित किया है। कर उद्देश्यों के लिए पारदर्शिता एवं सूचना के आदान-प्रदान पर वैश्विक मंच एक बहुपक्षीय ढांचा है जिसमें 170 क्षेत्र शामिल हैं। यह पारदर्शिता एवं सूचना के आदान-प्रदान पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन की निगरानी एवं समीक्षा करता है।

# अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत का रूसी तेल आयात एक तिहाई घटा



नयी दिल्ली। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत का रूसी तेल आयात लगभग एक तिहाई घट गया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि दिसंबर में यह और कम होगा, क्योंकि रिफाइनरी कंपनियां प्रतिबंधों से बचने के लिए वैकल्पिक स्रोतों का रुख कर रही हैं। डेटा विश्लेषण कंपनी केप्लर के अनुसार नवंबर में रूस से भारत का कच्चा तेल आयात औसतन 18 लाख बैरल प्रतिदिन रहा और कुल कच्चे तेल आयात में इसकी हिस्सेदारी 35 प्रतिशत से अधिक थी।

इससे पहले अक्टूबर में यह आंकड़ा 15-16 लाख बैरल प्रतिदिन था। माना जा रहा है कि नवंबर का आयात पांच महीनों में सबसे अधिक था, क्योंकि प्रतिबंध लागू होने की समयसीमा 21 नवंबर से पहले आयात बढ़ाया गया। केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, 21 नवंबर से पहले आयात 19-20 लाख बैरल प्रतिदिन के करीब था, क्योंकि खरीदार समयसीमा से पहले माल ला रहे थे। इसके बाद मात्रा कम हो गई। ऐसा लगता है कि रिफाइनरियों ने प्रतिबंध लागू होने से पहले कच्चे तेल का स्टॉक कर लिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद आयात घटकर लगभग 12.7 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो मासिक आधार पर 5.7 लाख बैरल प्रतिदिन की कमी दर्शाता है। रितोलिया ने अनुमान जताया कि मौजूदा लदान और जहाज गतिविधियों के आधार पर दिसंबर में भारत आने वाला रूसी तेल लगभग 10 लाख बैरल प्रतिदिन रहेगा। केप्लर ने इससे पहले अनुमान जताया था कि रूसी तेल का आयात आठ लाख बैरल प्रतिदिन तक कम हो सकता है और फिर स्थिर हो जाएगा।

## पेज एक का शेष

### काशी-तमिल

का दर्शन कराया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत के भविष्य में निवेश के समान है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काशी तमिल संगमम भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुका है। भगवान विश्वनाथ, माता विशालाक्षी, माता अन्नपूर्णा, माता मीनाक्षी, रामनाथस्वामी, गंगा और कावेरी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वणक्कम काशी और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ सभी अतिथियों का तमिल भाषा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम की पवित्र भूमि से पधारे सभी आगंतुकों का उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेशवासियों की ओर से अभिनंदन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में काशी तमिल संगमम का यह चौथा संस्करण एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सुदृढ़ और जीवंत कर रहा है। उन्होंने कहा कि काशी और तमिल परंपरा के प्राचीन संबंधों के केंद्र में भगवान शिव हैं। इस संबंध-सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्र पीठ स्थापित कर आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह प्रवास काशी की शिवभक्ति, प्रयागराज का संगम और अयोध्या में धर्मध्वजा आरोहण के उपरांत प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन का अद्वितीय आध्यात्मिक सौभाग्य प्रदान करेगा। यह आयोजन उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक, शैक्षिक, आर्थिक और आध्यात्मिक साझेदारी को सशक्त करते हुए भारत के उज्ज्वल भविष्य के नए द्वार खोल रहा है। इस वर्ष की थीम ह्यतमिल सीखेंह्न प्रेरक है, जो ज्ञान, संस्कृति और भाषा के माध्यम से एक भारत-श्रेष्ठ भारत को और सुदृढ़ करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष तेनकासी (तमिलनाडु) से प्रारंभ हुई कार रैली को आयोजन का प्रमुख आकर्षण बताया। उन्होंने कहा कि दो हजार किलोमीटर की यह यात्रा काशी की पवित्र भूमि से गहरे संबंधों का स्मरण कराती है। पांड्य राजवंश के महान शासक आदिवीर पराक्रम पांडियन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह यात्रा उत्तर की दिशा में उनके प्राचीन मार्ग की पुनर्स्मृति है। शिव मंदिर और तेनकासी की कथा तमिल और भारतीय सांस्कृतिक इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में चल रहा यह अभियान ज्ञान, साधना, सांस्कृतिक एकता और साझा भारतीय सभ्यता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह आयोजन तीर्थ परंपरा, भावनात्मक एकता और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा आधुनिक संबंधों को प्रगाढ़ करता है। उन्होंने संस्कृत श्लोक 'अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवंतिका पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः' का उल्लेख करते हुए भारत के सात पवित्र नगरों की महिमा बताई।

### एसआईआर और

रणनीति तय करेंगे। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में सोमवार और मंगलवार को गतिरोध की स्थिति बनी रही। विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस मुद्दे पर सदन में हंगामा किया। सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई।

### अयोध्या में

टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय का दायरा और बड़ा कर दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना हेतु भूमि आवंटन के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितंबर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी। ऐसे में अब इस भूमि के अतिरिक्त 27.102 एकड़ और मिलाकर कुल 52.102 एकड़ भूमि का निःशुल्क हस्तांतरण आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से पर्यटन विभाग के पक्ष में किया जाएगा, ताकि परियोजना का दायरा और बड़ा किया जा सके। वर्ल्ड-क्लास मंदिर संग्रहालय तैयार होने के बाद अयोध्या को न सिर्फ एक नया सांस्कृतिक पहचान चिन्ह मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होंगे। साथ ही, बढ़ते पर्यटन से सरकार को राजस्व में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी भी होगी। बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और अब ध्वजारोहण समारोह के बाद अयोध्या में पर्यटकों का प्रवाह कई गुना बढ़ चुका है अब रोजाना लगभग 2 से 4 लाख पर्यटक अयोध्याधाम पहुंच रहे हैं। युवा पीढ़ी, विदेशी सैलानियों और भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले आगंतुकों को ध्यान में रखते हुए अयोध्या में सांस्कृतिक आकर्षणों को बढाने की दिशा में यह संग्रहालय महत्वपूर्ण होगा।

### यूपी में नये

स्तर पर काम लगभग पूरा किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा, अब हमारे पास ढाई करोड़ से ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं। स्थानीय समितियों के चुनाव पूरे हो चुके हैं। विभिन्न 98 जिलों में से हमने पहले ही 84 जिला अध्यक्ष घोषित कर दिए हैं। हमारा संगठन नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कफ सिरप मामला

में पहले की आ गया था लेकिन उस पर दबाव के चलते सख्ती नहीं की गई। पिछले साल फरवरी में जब करोड़ों की इस कफ सिरप की शीशियां बरामद हुईं, तब दर्ज एफआईआर में इसका नाम नहीं लाया गया। एसटीएफ अब बर्खास्त सिपाही, और अमित टाटा की आपराधिक साठगांठ की जांच करने में जुट गई है। इन सबने फर्जी तरीके से बनाई कम्पनियों के नाम पर लाखों का लेन-देन किया। इसके लिए इन लोगों ने फर्जी ई-बिल बनवाए थे। इनके इस खेल का मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल और उसके साझीदार दुबई से पूरे नेटवर्क की कमान संभाल रहा था। जब इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई तो जांच में आलोक का नाम आया लेकिन एसटीएफ तक उस पर हाथ नहीं डाल सकी। छह दिन पहले एसटीएफ ने जब अमित सिंह उर्फ अमित टाटा को पकड़ा तो सारा खेल खुलने लगा। इससे पहले पुलिस की विवेचना में आलोक सिंह और अमित की कम्पनियों का बाकायदा जीएसटी नम्बर सहित पूरा ब्योरा दर्ज किया गया था। पर, कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा था। यहां तक वाराणसी और सोनभद्र पुलिस भी अमित, आलोक और गिरोह के अन्य सदस्यों तक हाथ नहीं डाल पाई।

### रोकी गयी

पुनर्निर्धारित करते हुए 20 दिसंबर कर दी है। महाराष्ट्र में 246 स्थानीय निकायों के चुनाव के लिए मतदान मंगलवार को संपन्न हो गया, जबकि बाकी 24 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए वोट 20 दिसंबर को डाले जाएंगे। एसईसी ने कहा कि उसने सभी जिलाधिकारियों को 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे मतगणना प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने बताया कि मतदान में लगभग तीन हफ्ते की देरी के मद्देनजर उसने मतगणना की तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के रखरखाव और सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। एसईसी ने कहा कि ईवीएम को 24 घंटे सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों की तैनाती वाले एक सुरक्षित गोदाम में रखा जाना चाहिए। उसने कहा कि गोदाम में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा अलार्म सिस्टम सहित अन्य सुरक्षा उपकरण होने चाहिए।

### सरदार पटेल

जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित किया। मुख्यमंत्री धामी ने समस्त उत्तराखंड की ओर से भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि संवाद, दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्भीक नेतृत्व का परिचय देते हुए सरदार पटेल ने 562 रियासतों को भारतीय संघ में शामिल कर आधुनिक भारत की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय, उनके प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मंत्र ने राष्ट्र की एकता और गौरव को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। धामी ने बताया कि सरदार@150 यूनिटी मार्च के तहत उत्तराखंड के सभी जिलों में एकता यात्राओं का आयोजन किया गया। उन्होंने स्वयं चार स्थानों पर इन यात्राओं में सहभागिता की। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति, योग, स्वास्थ्य जागरूकता और स्वदेशी हस्तशिल्प के प्रसार से जोड़ा गया। सहकारिता मेलों ने स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि एकता यात्रा के दौरान ग्राम सभाओं में जनसंवाद आयोजित कर जनता की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही कई गांवों में सरदार उपवन विकसित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की प्रेरणा और प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक अधिकार सुनिश्चित करने के लिए राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित सरदार@150 यूनिटी मार्च ने सरदार पटेल के एकता और समरसता के संदेश को पूरे देश में पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाते हुए राष्ट्र की अखंडता को सर्वोच्च मानकर कार्य करें। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

### सरकारी धन

चमकते सितारे के रूप में फिर से स्थापित किया। सिंह ने दावा किया कि कुछ लोगों ने पटेल की विरासत को छिपाने और मिटाने की कोशिश की, लेकिन जब तक भाजपा सत्ता में है, वे इसमें कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा, पटेल के निधन के बाद आम लोगों ने उनके स्मारक के निर्माण के लिए धन इकट्ठा किया, लेकिन जब यह जानकारी नेहरू जी तक पहुंची तो उन्होंने कहा कि सरदार पटेल किसानों के नेता थे, इसलिए यह धन गांव में कुएं और सड़कें बनाने पर खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, क्या ढोंग है। कुएं और सड़कें बनवाना सरकार की जिम्मेदारी है। स्मारक निधि का इस्तेमाल इसके लिए करने का सुझाव बेतुका था। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि उस समय की सरकार पटेल की महान विरासत को हर कीमत पर छिपाना और दबाना चाहती थी। सिंह ने कहा, नेहरूजी ने खुद को भारत रत्न प्रदान किया, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल को उस समय भारत रत्न से सम्मानित क्यों नहीं किया गया? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण करके सरदार पटेल को उचित सम्मान देने का फैसला किया। यह हमारे प्रधानमंत्री का सचमुच सराहनीय कार्य है। सिंह ने इस दलील को भी खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री बनने के लिए पटेल की आयु बहुत अधिक थी। सिंह ने कहा, यह पूरी तरह गलत है। मोरारजी देसाई 80 वर्ष से अधिक के थे। अगर वे भारत के प्रधानमंत्री बन सकते थे, तो सरदार पटेल, जो 80 वर्ष से कम थे,

### भारतीय नौसेना

इससे पाकिस्तान नौसेना को अपने तट के करीब ही रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने कहा, वास्तव में, भारतीय नौसेना द्वारा आक्रामक कार्वाई के रुख को पाकिस्तान द्वारा संघर्षविराम का अनुरोध करने के महत्वपूर्ण कारकों में से एक माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि नौसेना हमले के लिए तैयार थी।




# बांग्लादेश ने आयरलैंड को 8 विकेट से हराया

## बांग्लादेश ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आयरलैंड को हरा तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीत ली

एजेंसी




चटगांव (बांग्लादेश)। तंजीद हसन के रिकॉर्ड पांच कैच और नाबाद 55 रन की बदौलत बांग्लादेश ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंगलवार को यहां आयरलैंड को आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीत ली। आयरलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन पर ढेर हो गई जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 119 रन बनाकर जीत दर्ज की। तंजीद इस दौरान किसी टी20 मैच में पूर्ण टेस्ट सदस्य की ओर से पांच कैच लेने वाले पहले क्रिकेटर बने। उन्होंने आयरलैंड के अंतिम पांच बल्लेबाजों से कैच पकड़े।

इनमें से चार कैच उन्होंने लॉन्ग ऑन पर पकड़े। बांग्लादेश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सैफ हसन (19) और कप्तान लिटन दास (07) के विकेट जल्दी गंवा दिए लेकिन तंजीद और परवेज हुसैन (नाबाद 33) ने तीसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 73 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी। इससे पहले आयरलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज और कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। बांग्लादेश की तरफ से मुस्ताफिजुर रहमान (11 रन पर तीन विकेट) और रिषाद हुसैन (21 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन जबकि शोरिफुल इस्लाम ने दो विकेट चटकाए। वहीं दूसरी ओर

दिल्ली का मौजूदा घरेलू सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जब मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच में आईपीएल खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उसे त्रिपुरा की कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ पहली बार 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी में भी दिल्ली को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली बार शिकस्त झेलनी पड़ी थी। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली और सचिव अशोक शर्मा को टीम चयन, सहयोगी स्टाफ के चुनाव और सरनदीप सिंह की नियुक्ति को लेकर सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

रणजी ट्रॉफी में दिल्ली को अपने आखिरी दोनों मैच जीतने के बावजूद नॉकआउट में पहुंचने के लिए किसी चमत्कार की जरूरत होगी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी टीम चार में से दो मैच गंवाकर मुश्किल में है। त्रिपुरा के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के बल्लेबाजों ने धीमी पिच पर निराश किया और मणिशंकर मूरासिंह (19 रन पर दो विकेट) तथा विक्की साहा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 145 रन ही बना सके। मूरासिंह ने इससे पहले 18 गेंद में नाबाद 25 रन की पारी भी खेली जिससे त्रिपुरा ने पांच विकेट पर 157 रन बनाए। श्रीदम पॉल 29 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि सलामी बल्लेबाज बिक्रमकुमार दास ने 28 रन की पारी खेली। दिल्ली की टीम में शामिल नितीश राणा (40 गेंद में 45 रन), आयुष बडोनी (13 गेंद में 14 रन) और प्रियांश (10 गेंद में आठ रन) जैसे आईपीएल खिलाड़ी भी टीम को जीत नहीं दिला पाए। दूसरी तरफ कर्नाटक ने देवदत्त पडिक्कल की 46 गेंद में नाबाद 102 रन की पारी से तमिलनाडु को 145 रन से रौंद दिया। पडिक्कल ने अपनी पारी में 10 चौके और छह छक्के मारे। उनके अलावा बीआर शरत (53) और रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 46) ने भी उम्दा पारियां खेली जिससे कर्नाटक ने तीन विकेट पर 245 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए तमिलनाडु की टीम 14.2 ओवर में सिर्फ 100 रन पर ढेर हो गई। लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (21 रन पर तीन विकेट) और प्रवीण दुबे (34 रन पर दो विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

## खरीदार नही मिलने की आशंका से मैक्सवेल ने आईपीएल नीलामी से नाम वापिस लिया

सिडनी। आईपीएल में एक दशक के कैरियर में कुछ खास नहीं कर सके ग्लेन मैकसवेल ने अबुधाबी में 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से नाम वापिस ले लिया। बिग शो के नाम से मशहूर 37 वर्ष के मैक्सवेल ने 2012 से हर आईपीएल (2019 को छोड़कर) खेला है। वह 141 मैचों में 2819 रन ही बना सके और उनका औसत 24 से भी कम रहा। उन्होंने अपनी आफ ब्रेक गेंदबाजी से 8 . 30 की इकॉनामी रेट से 41 विकेट लिये। मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा आईपीएल में कई यादगार सत्रों के बाद मैने इस साल नीलामी से नाम वापिस लेने का फैसला किया है। यह बड़ा फैसला है और लीग से जो कुछ भी मिला है , उसके प्रति कृतज्ञता जताते हुए लिया है। उन्होंने लिखा आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा है। मैने कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और टीमों के साथ खेला और क्रिकेट के लिये असाधारण जुनून रखने वाले दर्शकों के सामने खेला है ये यादें, चुनौतियां और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। मैक्सवेल ने कोई कारण नहीं बताया लेकिन अधिकांश बड़ी टीमें उनके अच्छे प्रदर्शन के लिये इंतजार से थक चुकी हैं। अक्सर महंगे दामों पर बिकने के बावजूद वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। डाटा विश्लेषण के प्रयोग से साफ हो गया है कि उन्हें अपनी काबिलियत से कहीं ज्यादा दाम मिलते रहे हैं। उन्होंने 13 सत्र खेले लेकिन सिर्फ एक बार 2021 में 500 रन से ज्यादा बना सके हैं।

# दक्षिण अफ्रीका व भारत आज फिर आमने- सामने



रायपुर। ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर अफवाहों के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को दूसरा वनडे और श्रृंखला जीतने के लिये भारत की उम्मीदें विराट कोहली के शानदार फॉर्म और रोहित शर्मा की दमदार मौजूदगी पर लगी होंगी। कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया। वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिये हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। मुख्य कोच गौतम गंभीर से लगातार बढते मतभेदों का मसला भी अहम है।

इसे लेकर लग रही अटकलों के बीच लगता है कि बीसीसीआई को कहीं न कहीं दखल देना होगा। पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिये अपना दावा पुख्ता कर दिया है। रोहित के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अक्टूबर में आस्ट्रेलिया को सिडनी वनडे में नौ विकेट से हराया था। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और गंभीर ने विश्व कप में दोनों की भागीदारी को लेकर कुछ नहीं कहा है जो शायद तनाव की वजह हो सकता है। पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले रूतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया लेकिन वह इसके लिये तैयार नहीं दिखे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे। वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजा गया लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिये।

हर्षित राणा ने नयी गेंद से दो विकेट लिये लेकिन बाद में काफी रन दिये। उन्हें इस पर नियंत्रण करना होगा खासकर जब 34वें ओवर के बाद सिर्फ एक ही गेंद से खेलना होता है। बल्ले और गेंद के बीच संतुलन के लिये आईसीसी के नये नियम के तहत उपलब्ध दो में से एक ही गेंद 34वें से 50वें ओवर के बीच इस्तेमाल की जा सकती है। कुलदीप यादव ने 68 रन देकर चार विकेट चटकाये।

वह महंगे भले ही साबित हुए लेकिन उनकी विविधतापूर्ण गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका वापसी के प्रयास के बावजूद नाकाम रहा। दक्षिण अफ्रीका ने एक समय तीन विकेट 11 रन पर गंवा दिये थे लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। मार्को यानसेन ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 39 गेंद में 70 रन बनाये। मैथ्यू ब्रीज्के ने भारत के खिलाफ पहला वनडे खेलते हुए 72 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला जिन्हें आराम दिया गया था।

## संक्षेप

### सेंथिलकुमार और अनाहत एचसीएल के क्वार्टर फाइनल में

चेन्नई। पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने मंगलवार को यहां आसान जीत के साथ एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर चार के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने प्री क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका के रविंदु लाकसिरी को 11-7, 11-8, 11-7 से हराया जबकि दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने चेक गणराज्य की तमारा होल्जबोरोवा को 11-7, 11-7, 11-7 से शिकस्त दी। भारत के दोनों शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। दुनिया की पूर्व 10वें नंबर की खिलाड़ी जोशना चिनप्पा, महिलाओं के वर्ग में छठी वरीय तन्वी खन्ना और पुरुषों के वर्ग के दूसरे वरीय वीर चोटरानी भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे।

### न्यायालय ने बजरंग, विनेश की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के दिसंबर 2023 में हुए चुनाव को चुनौती देने वाली बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और सत्यव्रत कादियान की याचिका खारिज कर दी क्योंकि अलग अलग तारीखों पर भी वे अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए। इन तीनों ओलंपियनों की उम्मीदवार अनिता श्योराण को हराकर संजय सिंह उस समय अध्यक्ष बने थे। न्यायाधीश मिनी पुष्करना ने 27 नवंबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान एक भी याचिकाकर्ता मौजूद नहीं था और पिछली दो सुनवाई में भी वे नहीं आये। अदालत ने अपने फैसले में कहा लगता है कि इस मामले को आगे ले जाने में याचिकाकर्ताओं की कोई रूचि नहीं है। पहलवानों ने आरोप लगाया था कि डब्ल्यूएफआई चुनाव अच्छे और पारदर्शी माहौल में नहीं हुए थे।

### खेलो इंडिया : ट्रैक एवं फील्ड में चार मीट रिकॉर्ड बने

जयपुर। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों सहित ट्रैक एवं फील्ड में चार खिलाड़ियों ने मीट रिकॉर्ड बनाए जबकि मंगलवार को यहां खेलो इंडिया विश्वविद्याल खेलों में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय शीर्ष पर बरकरार रहा। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के राहुल ने पुरुष 20 किमी पैदल चाल और दीपिका ने महिला भाला फेंक में नया मीट रिकॉर्ड बनाया। स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय के रुचिर मोरी ने पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की पूजा ने महिला उंची कूद में नया मीट रिकॉर्ड बनाया।

## डॉ. आरपी एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप में बने जूरी ऑफ अपील के सदस्य



लखनऊ। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी व अब खेल प्रशासक के तौर पर हॉकी के प्रमोशन के लिए सक्रिय उत्तर प्रदेश के डा.आरपी सिंह एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप में जूरी आफ अपील के सदस्य के रुप में जिम्मेदारी निभाएंगे। एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप का आयोजन तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस संबंध में इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तय्यब इकराम ने इस आशय के लिए पत्र भी जारी कर दिया है।

डॉ. आरपी सिंह हॉकी इंडिया के मुख्य चयनकर्ता होने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक भी हैं। पेरिस ओलंपिक खेलो में भारतीय हॉकी टीम मुख्य चयनकर्ता रहे डा.आरपी सिंह ने जूरी आफ अपील का हिस्सा बनाए जाने पर इसे बड़ी जिम्मेदारी ओर गौरव बताया। डा.आरपी भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रहे हैं और दो एशियन गेम्स (सियोल एशियन गेम्स 1986, बीजिंग एशियन गेम्स-1990), एशिया कप-1989) की भी पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे रहे है। उन्होंने विश्व कप (1986 लन्दन, 1990 लाहौर) में भी में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

वह प्री ओलंपिक-1988 में स्वर्ण पदक विजेता टीम के भी सदस्य रहे है। खेल कॅरियर में सुल्तान अजलान शाह जैसे प्रतिष्ठित टूनार्मेंट की गोल्ड मेडलिस्ट टीम के भी सदस्य रहे डा.आरपी सिंह वर्तमान में यूपी हॉकी के भी अध्यक्ष है।

## इमरान, नूर व करुणेश ने क्रिकेट बड्डीज को दिलाई जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच इमरान खान (नाबाद 71) के आतिशी अर्धशतक और नूर (49) की उम्दा पारी से क्रिकेट बड्डीज ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में लाइव टीवी एक्सप्रेस को 85 रन से हराया। आरडीएसओ स्टेडियम पर क्रिकेट बड्डीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 3 विकेट पर 209 रन का विशाल स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज करुणेश उपाध्याय (51 रन, 29 गेंद, 9 चौके) के बाद इमरान खान ने भी 34 गेंदों पर 9 चौके व छक्के से नाबाद 71 रन की आतिशी शतकीय पारी खेली। वहीं नूर ने 35 गेंदों पर 6 चौके से 49 रन का योगदान किया। लाइव टीवी एक्सप्रेस से मो.फैसल व इमरान अली को 1-1 विकेट की सफलता मिली। जवाब में लाइव टीवी एक्सप्रेस लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 124 रन ही बना सका। सलामी बल्लेबाज अरविंद वर्मा ने 34 रन की पारी खेली।

# बड़ौदा ने पंजाब को सात विकेट से हराया

एजेंसी



हैदराबाद। भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने दो महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए नाबाद 77 रन बनाये जिसकी मदद से बड़ौदा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच में पंजाब को सात विकेट से हराया। पंड्या ने 42 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से यह पारी खेली। पंजाब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 222 रन बनाये थे जिसमें भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के 19 गेंद में 50 रन शामिल है।

पंड्या की पारी के दम पर बड़ौदा ने 19 . । ओवर में तीन विकेट पर 224 रन बनाये। सितंबर में दुबई में एशिया कप सुपर फोर्स में श्रीलंका के खिलाफ खेलने के बाद पंड्या का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी करके 52 रन दिये और एक विकेट भी लिया। बड़ौदा इस समय आठ अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि गुजरात शीर्ष पर और पंजाब दूसरे स्थान पर है। वहीं एक अन्य मैच में गुजरात ने पुडुच्चेरी को नौ विकेट से हराया। पुडुच्चेरी की टीम 13 .1 ओवर में 83 रन पर आउट हो गई जबकि गुजरात ने जवाब में नौ ओवर में एक विकेट खोकर 84 रन बना लिये। वहीं दूसरी ओर प्रतिभावान बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 61 गेंद में नाबाद 108 रन की पारी के

**❍ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : हार्दिक पंड्या के 77 रन**

बावजूद बिहार को मंगलवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र के खिलाफ तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर बिहार ने 14 साल के सूर्यवंशी की नाबाद पारी से तीन विकेट पर 176 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और सात छक्के मारे और टूर्नामेंट के इतिहास में शतक जड़ने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। इसके जवाब में महाराष्ट्र ने कप्तान पृथ्वी साव की 30 गेंद में 66 रन की पारी के अलावा नीरज जोशी(30), रंजीत निकम (27) और निखिल नाईक (22) की पारियों से पांच गेंद शेष रहते सात विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। मोहम्मद इजहार (22 रन पर दो विकेट) और सकीबुल गनी (50 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाकर बिहार को मैच में बनाए रखा लेकिन महाराष्ट्र ने अंततः धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले सूर्यवंशी ने सात छक्के जड़ बिहार की ओर से टी20 पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने आयुष लोहारुका (नाबाद 25) के साथ चौथे विकेट के लिए 75 रन जोड़े। सूर्यवंशी ने अंतिम ओवर में अर्शिन कुलकर्णी पर चौके के साथ शतक पूरा किया।

जाधवपुर यूनिसर्विटी मैदान पर गोवा ने मध्य प्रदेश को सात विकेट से हराया। मध्य प्रदेश के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गोवा ने सुयश प्रभुदेसाई (नाबाद 75) और अभिनव तेजराणा (55) के अर्धशतक से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर171 रन बनाकर जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश ने इससे पहले हरप्रीत सिंह के 80 रन की बदौलत छह विकेट पर 170 रन बनाए।

## पाकिस्तान टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका दौरे पर जायेगा

लाहौर। पाकिस्तान की टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। पीसीबी ने कहा कि पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच सात, नौ और 11 जनवरी को दम्बुला में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जायेगी। टी20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान की टीम 30 जनवरी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी। पीसीबी ने कहा कि श्रीलंका दौरे से टीम को अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले मैच अभ्यास का मौका मिलेगा। पाकिस्तान को विश्व कप के लिए ग्रुप ए में रखा गया है और वह अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। टी20 विश्व कप का आयोजन सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में होगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा।

# बांग्लादेश पर रोमांचक जीत से फ्रांस क्वाटर फाइनल में

एजेंसी




चेन्नई। पिछले सत्र के रजत पदक विजेता फ्रांस ने बांग्लादेश को 3-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए मंगलवार को यहां एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही फ्रांस की टीम पूल एफ में अधिकतम नौ अंक लेकर शीर्ष पर रही। फ्रांस ने इससे पहले कोरिया को 11-1 और ऑस्ट्रेलिया को 8-3 से हराया था। टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले फ्रांस ने बांग्लादेश के खिलाफ भी मैच के अधिकांश समय अपना नियंत्रण बनाए रखा।

टीम ने दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन स्टार ड्रैग-फ्लिकर अमीरुल इस्लाम ने गोल-लाइन पर बेहतरीन बचाव किया। फ्रांस का दबाव जारी रहा और जल्द ही उन्हें दो और शॉर्ट कॉर्नर मिले। दूसरे शॉर्ट कॉर्नर पर टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर टॉम गैलार्ड ने सातवें मिनट में कोई गलती नहीं की और स्कोर 1-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में बांग्लादेश को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अमीरुल इस बार चूक गए और उनके दमदार फ्लिक को फ्रांस के गोलकीपर एंटोनी रॉबर्ट ने शानदार तरीके से बचा लिया। मोहम्मद अब्दुल्ला ने मैच के 28वें मिनट में मैदानी गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। बांग्लादेश के लिए यह टूर्नामेंट का पहला मैदानी गोल था। फ्रांस ने दूसरे हाफ में खेल का स्तर उंचा किया और गैबिन लोंजुरी (32वें) तथा जेम्स लिडार्ड (38वें) के मैदानी गोल से टीम की बढ़त 3-1हो गयी।

इस मैच में कुछ रुकावट भी आयी, जब एक तरफ की फ्लड लाइट में खराबी के कारण खेल को तीन बार रोकना पड़ा। दो गोल से पिछड़ने के बावजूद बांग्लादेश ने हार नहीं मानी और वापसी के लिए जोर लगाना जारी रखा। अंतिम हूटर से चार मिनट पहले टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। अमीरुल इस्लाम ने दूसरे मौके को गोल में बदलकर स्कोर का अंतर कम किया। यह टूर्नामेंट में उनका सातवां गोल था। टूर्नामेंट में खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी चिली की टीम ने पूल बी में ओमान पर 2-0 की सांत्वना जीत दर्ज की। फिलिप डुइसबर्ग (10वें) और टॉमस टैबोरगा (47वें) ने चिली के लिए दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। वहीं दूसरी ओर स्विटजरलैंड और न्यूजीलैंड जैसे देशों में फील्ड हॉकी ऐसा खेल है जिसमें जूनियर खिलाड़ी मूल रूप से लोगों के सहयोग से पैसा एकत्र करने (क्राउडफंडिंग) और माता पिता के सहयोग पर निर्भर करते हैं। जूनियर कार्यक्रमों के लिये सरकार से कोई सहयोग नहीं मिलने या नाममात्र के सहयोग के कारण अंडर 21 स्विस और कीवी खिलाड़ियों को चेन्नई और मदुरै में चल रहे एफआईएच जूनियर विश्व कप में भागीदारी के लिये खुद पैसे जुटाने पड़े। स्विटजरलैंड के मुख्य कोच जेर लेवी ने पीटीआई से कहा स्विटजरलैंड में हॉकी को बढावा देने के लिये हम हरसंभव प्रयास करते हैं क्योंकि वहां आइस हॉकी अधिक लोकप्रिय है। उन्होंने कहा हॉकी वहां अमेच्योर खेल है जिसमे खिलाड़ियों को टूर्नामेंट खेलने के लिये खुद पैसा देना होता है।

उन्हे लोगों से पैसा जुटाना होता है, यूनिवर्सिटी छोड़नी पड़ती है और काम करना पड़ता है। हॉकी से प्रेम के लिये वह यह सब करते हैं। उन्होंने कहा महासंघ और सरकार बहुत कम पैसा देते हैं। हमें अधिक टेस्ट खेलने के लिये अधिक फंडिंग की जरूरत है। हमें तैयारी के लिये अधिक मैच खेलने चाहिये लेकिन उसके लिये और पैसा चाहिये। पूल बी में दोनों मैच जीतकर स्विटजरलैंड भारत के साथ शीर्ष पर है। टूर्नामेंट में अभी तक सात गोल कर चुके न्यूजीलैंड के स्ट्राइकर जोंटी एल्मेस ने कहा हमारे यहां सभी अंडर 21 कार्यक्रमों में पैसा खुद जुटाना होता है जो आम तौर पर माता पिता देते हैं। हम अलग अलग फोरम पर जाकर पैसा मांगते हैं। उन्होंने कहा कई लड़कों के लिये यह काफी कठिन है लेकिन माता पिता को श्रेय जाता है जो काफी मेहनत करके उनके सपने को जिंदा रखते हैं। हमे जूनियर कार्यक्रमों के लिये सरकार से कोई पैसा नहीं मिलता है।

## भारत का सामना करना कोई नई बात नहीं : बावुमा

रायपुर। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी वाली भारतीय टीम का सामना करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इससे मेजबान टीम को मजबूती मिलती है। बावुमा की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत को 2-0 से करारी शिकस्त दी थी। बावुमा तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में एकादश का हिस्सा नहीं थे लेकिन वह बुधवार को खेले जाने वाले दूसरे वनडे में वापसी के लिए तैयार हैं। रांची में खेले गये पहले मैच में कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित के 57 रनों की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की थी। बावुमा ने यहां शहीद वीर नारायण स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के अभ्यास सत्र से पहले मीडिया से कहा, इन दो खिलाड़ियों के आने से टीम को मजबूती मिलती है। जैसा कि हमने श्रृंखला की शुरुआत में कहा था। ये दोनों खिलाड़ी काफी अनुभवी और कुशल हैं। इससे टीम को फायदा ही होगा। उन्होंने कहा यह ऐसी बात नहीं है जिसके बारे में हमें जानकारी न हो। बावुमा ने कहा कि रोहित की मौजूदगी वाली भारतीय टीम ने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में जब टी20 विश्व कप जीता था तक वह स्कूली छात्र थे।

# न्यूजीलैंड के नौ विकेट पर 231 रन

एजेंसी



क्राइस्टचर्च। केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन नौ विकेट पर 231 रन

**❍ टेस्ट किकेट में वापसी करते हुए विलियमसन का अर्धशतक**

बनाए। विलियमसन ने 102 गेंद में छह चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली। उन्होंने सलामी बल्लेबाज और कप्तान टॉम लैथम (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए उस समय 93 रन की साझेदारी की जब टीम ने मैच की तीसरी गेंद पर ही डेवोन कॉनवे (00) का विकेट गंवा दिया था। विलियमसन हालांकि 33 गेंद के निजी स्कोर पर भाग्यशाली भी रहे जब वह ओजाय शील्ड्स की गेंद पर बोल्ड हो गए थे लेकिन यह नोबॉल हो गई। माइकल ब्रेसवेल ने भी 73 गेंद में छह चौकों से 47 रन की उपयोगी पारी खेली। टॉम ब्लंडेल (29) और नाथन स्मिथ (23) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। वेस्टइंडीज की ओर से ओजाय शील्ड्स (34 रन पर दो विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (35 रन पर दो विकेट) और केमार रोच (47 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए।

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में यह न्यूजीलैंड की पहली श्रृंखला है। वह एकमात्र टीम है जिसने इससे पहले मौजूदा चक्र में कोई मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड ने 2025 एकमात्र अन्य श्रृंखला अगस्त में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली थी और इसमें 2-0 से जीत दर्ज की थी लेकिन यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं थी।

## गुरबाज ने गंभीर को सर्वश्रेष्ठ कोच और इंसान बताया

दुबई। गौतम गंभीर के कोचिंग के तरीकों को लेकर भले ही भारत में अलग अलग राय हो लेकिन अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने कहा कि केकेआर के पूर्व मेंटोर गंभीर सर्वश्रेष्ठ कोच हैं और उनकी आलोचना से वह हैरान हैं। दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट श्रृंखला में 0 . 2 से हार और उससे पहले न्यूजीलैंड से मिली 0 . 3 से हार की वजह से गंभीर आलोचना के घेरे में है। भारतीय टीम पिछले सात में से पांच टेस्ट गंवा चुकी है। आईपीएल 2024 विजेता केकेआर टीम के सदस्य रहे गुरबाज ने कहा कि गौतम सर की आलोचना सही नहीं है। यहां आईएलटी20 के चौथे सत्र से इतर पीटीआई को दिये इंटरव्यू में उन्होंने कहा आपके देश के एक एक अरब 40 करोड़ लोगों में से 20 या 30 लाख उनके खिलाफ हो सकते हैं ।

# भविष्य में नयी चुनौतियां सामने खड़ी हैं

## डिजिटलीकरण, कर सूचना के आदान-प्रदान की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित कार्रवाई जरूरी: सीतारमण



नयी दिल्ली। भारत ने अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण और क्रिप्टो एवं स्टेबलकॉइन जैसे नए वित्तीय उत्पादों के उद्भव से उत्पन्न नई चुनौतियों से निपटने की समन्वित कार्वाई के लिए मंगलवार को वैश्विक सहयोग का आह्वान किया और देशों के बीच सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान सुनिश्चित करने पर बल दिया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां 18वीं ग्लोबल फोरम प्लेनरी बैठक का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के बीच कर सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए जिससे मापनीय परिणाम हासिल होंगे। सीतारमण ने कहा, भविष्य में नई चुनौतियां सामने खड़ी हैं जिन पर मिलकर ध्यान देने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण, नए वित्तीय उत्पादों के उद्भव एवं लाभकारी स्वामित्व की उभरती संरचनाओं के लिए विभिन्न न्याय-क्षेत्रों के बीच निरंतर सहयोग की जरूरत है। गोपनीयता एवं साइबर सुरक्षा पर भी काफी ध्यान देने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने कहा कि कोई भी देश इन चुनौतियों का अकेले समाधान नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों के लिए समन्वय, विश्वास और प्रासंगिक सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान आवश्यक है। इस मौके पर राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि देशों को मजबूत डेटा गोपनीयता प्रणाली सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की जरूरत है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत साझा की गई जानकारी का प्रभावी ढंग से उपयोग भी सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था कराधान और क्रिप्टो संपत्ति सूचना ढांचा सहित नई चुनौतियों के अनुकूल बनाना होगा। इसके लिए प्रौद्योगिकी नवाचार एवं समन्वित कार्वाई दोनों की जरूरत होगी। श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष में वैश्विक मंच ने वैश्विक कर परिदृश्य में बैंकिंग गोपनीयता एवं सीमित सहयोग से लेकर पारदर्शिता तथा सूचना आदान-प्रदान तक बदलाव लाने में मदद की है। कर उद्देश्यों के लिए पारदर्शिता एवं सूचना के आदान-प्रदान पर ग्लोबल फोरम एक बहुपक्षीय ढांचा है जिसमें 170 न्याय-क्षेत्र शामिल हैं। यह पारदर्शिता और सूचना के आदान-प्रदान पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन की निगरानी एवं समीक्षा करता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता तभी प्रभावी एवं निष्पक्ष हो सकती है जब वह स्पष्ट नियमों, पारस्परिक सम्मान और साझा उद्देश्यों द्वारा निर्देशित हो। भारत के संदर्भ में सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट रूप से मजबूती आई है। मंत्री ने कहा कि कर जमा कराने में यह सुधार केवल प्रवर्तन से नहीं आया... निष्पक्षता एवं पूर्वानुमेयता, जब व्यवहार में प्रदर्शित होती है तो अनिवार्यता की तुलना में भागीदारी को कहीं अधिक प्रभावी ढंग से प्रोत्साहित करती है। यह सबक राष्ट्रीय सीमाओं से परे भी प्रासंगिक है।

# संचार साथी ऐप को जब चाहें, फोन से कर सकते हैं डिलीट : संचार मंत्री



नयी दिल्ली। नए स्मार्टफोन में सरकारी ऐप संचार साथी को अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने के निर्देश पर उठी गोपनीयता संबंधी आशंकाओं के बीच संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि उपभोक्ता चाहें तो इस ऐप को मोबाइल से हटा सकते हैं और पंजीकरण न किए जाने तक यह सक्रिय नहीं होगा। सिंधिया ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को धोखाधड़ी और मोबाइल चोरी की घटनाओं से बचाने के लिए उपलब्ध साधनों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि अगर आप इसे हटाना चाहें, तो हटा दें।

अगर इस्तेमाल नहीं करना चाहें तो इस ऐप पर पंजीकरण न करें। सरकार ने 28 नवंबर को फोन विनिर्माता कंपनियों को निर्देश दिया था कि वे सभी नए फोन में संचार साथी को इंस्टॉल करके बिक्री के लिए जारी करें और उसकी कार्यक्षमता सीमित न होने दें। इसके साथ ही पहले से इस्तेमाल हो रहे या अनबिके फोन में भी इसे सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिये भेजने को कहा गया है। संचार साथी ऐप पर आए इस आदेश के बाद विपक्ष ने ऐप को जासूसी करने वाला ऐप बताते हुए सरकार पर ग्राहकों की गोपनीयता भंग करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे अनिवार्य किए जाने की आलोचना करते हुए कहा, लोगों को यह अधिकार होना चाहिए कि वे सरकार की निगरानी के बिना निजी संदेश भेज सकें। सिंधिया ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि न तो इस ऐप में निगरानी की सुविधा है और न ही कॉल सुनने की कोई व्यवस्था। उन्होंने कहा, इस ऐप को सब तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। अगर आप इसे हटाना चाहते हैं, तो डिलीट कर दें। अगर आप इसे इस्तेमाल नहीं करना चाहते, तो इस पर पंजीकरण न करें। पंजीकरण करने पर ही यह सक्रिय होगा। अगर आप इसे रजिस्टर नहीं करते, तो यह निष्क्रिय रहेगा।

## संक्षेप

### युवक को 10 दिन की हिरासत में भेजा गया

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर की एक स्थानीय अदालत ने दुश्मन देश के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक को 10 दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। अपराध जांच विभाग (खुफिया) की जयपुर इकाई ने भारतीय सेना से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं एकत्रित करके पाकिस्तानी आका को भेजने के आरोप में प्रकाश सिंह उर्फ बादल को गंगानगर जिले से पकड़ा था। वह फिरोजपुर, पंजाब का रहने वाला है। लोक अभियोजक सुदेश कुमार ने कहा कि प्रकाश को सोमवार को जयपुर की स्थानीय अदालत ने दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उसे 11 दिसंबर को फिर अदालत में पेश किया जाएगा। महानिरीक्षक (खुफिया) प्रफुल्ल कुमार ने सोमवार को बताया कि प्रकाश सिंह उर्फ बादल सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था। उन्होंने कहा कि बादल राजस्थान, पंजाब और गुजरात से भारतीय सेना से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं एकत्रित करके पाकिस्तानी आका को भेज रहा था। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर को संदिग्ध व्यक्ति प्रकाश सिंह को गंगानगर में सैन्य प्रतिष्ठान साधुवाली के आसपास देखे जाने की सूचना मिली।

# महाराष्ट्र 2026 से राज्य के बिजली उपक्रमों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करेगा: फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि 2026 से चरणबद्ध तरीके से सरकारी बिजली उपक्रमों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें सबसे पहले बिजली पारेषण कंपनी को सूचीबद्ध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं को अधिक कुशल और चुस्त बनाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। फडणवीस ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, सरकारी संस्थाओं और निगमों को सूचीबद्ध करने का यह सही वक्त है। हमने फैसला किया है कि सबसे पहले बिजली वितरण कंपनी को सूचीबद्ध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार को 2026 में महाराष्ट्र राज्य बिजली पारेषण कंपनी के सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारेषण कंपनी को सूचीबद्ध करने के बाद दूसरे चरण में उत्पादन कंपनी और उसके बाद वितरण कंपनियों को सूचीबद्ध किया जाएगा। हालांकि उन्होंने इसके लिए कोई समय-सीमा नहीं बताई।

# सरकार भारत टैक्सी ऐप लॉन्च करेगी : शाह



नयी दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद को बताया सरकार भारत टैक्सी ऐप लॉन्च करने की योजना बना रही है, जिसका उद्देश्य देश के वाणिज्यिक वाहन चालकों को निजी कंपनियों पर निर्भरता से मुक्त करना है।

शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि डिजिटल ऐप, भारत टैक्सी 6 जून 2025 को एमएससीएस अधिनियम 2002 के तहत पंजीकृत एक बहु-राज्य सहकारी समिति, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक सहकारी-नेतृत्व वाले डिजिटल ऐप मोबिलिटी प्लेटफॉर्म को लॉन्च करने का प्रस्ताव किया है जो देश के वाणिज्यिक वाहन चालकों को निजी कंपनियों पर निर्भरता से मुक्त करने में मदद करेगा। भारत टैक्सी ऐप की प्रमुख विशेषताओं में उपयोगकर्ता के अनुकूल यात्रा के लिए मोबाइल फोन पर बुकिंग, पारदर्शी किराया, वाहन ट्रैकिंग, बहुभाषी इंटरफेस और नागरिकों के लिए पहुंच, सुरक्षित और सत्यापित यात्रा, समावेशी गतिशीलता, तकनीक-सक्षम सहायता और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए चौबीसों घंटे ग्राहक सेवाएं शामिल हैं। शून्य कमीशन मॉडल के साथ, चालकों को प्रत्येक सवारी से पूरी कमाई मिलेगी। सहकारी समिति का लाभ सीधे चालकों को वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शी मूल्य निर्धारण मॉडल चालकों और यात्रियों, दोनों के लिए फायदेमंद होगा।

# संशोधनों के बाद अमेरिका की शांति योजना अब बेहतर लग रही है : जेलेंस्की



पेरिस। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की शांति योजना में किए जा रहे संशोधनों में प्रगति हो रही है और यह अब बेहतर लग रही है।

उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के बाद पेरिस में यह टिप्पणी की, जहां रूस के लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने पर चर्चा हुई। इसी बीच, रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास क्रेमलिन ने पुष्टि की कि व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ से मिलेंगे। विटकॉफ की भूमिका पर तब सवाल उठे थे जब एक खबर आई कि उन्होंने पुतिन के सलाहकार को यह सुझाव दिया था कि शांति योजना पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैसे मनाया जाए। जेलेंस्की की पेरिस यात्रा उस बैठक के बाद हुई जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन-अमेरिका वार्ताओं को लाभप्रद बताया। दोनों पक्ष अमेरिकी मसौदा शांति योजना में सुधार कर रहे हैं। यह योजना अमेरिका एवं रूस ने आपस में बातचीत करके तैयार की है। लेकिन योजना की इस बात को लेकर आलोचना की जा रही है कि उसमें रूसी मांगों पर अधिक ध्यान दिया गया है। क्रेमलिन ने सोमवार देर रात दावा किया कि रूस ने दोनेत्स्क क्षेत्र के प्रमुख शहर पोक्रोव्स्क पर कब्ज़ा कर लिया है, जबकि जेलेंस्की ने कहा कि वहां लड़ाई जारी है। जेलेंस्की ने यूक्रेन के क्षेत्रों पर नियंत्रण को सबसे जटिल मुद्दा बताया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि वार्ताएं अभी शुरुआती चरण में हैं, लेकिन यह वार्ता यूक्रेन में शांति और यूरोप में सुरक्षा के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। ट्रंप ने यूक्रेन और अपने यूरोपीय सहयोगियों की आलोचनाओं के बाद अपनी 28-सूत्रीय योजना को अब केवल एक संकल्पना बताया है, जिसे और बेहतर बनाया जाएगा। इसकी यह कहकर आलोचना की गयी कि इससे यूक्रेन की सेना सीमित होती, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में उसकी सदस्यता रुक जाती और उसे क्षेत्र छोड़ना पड़ता। मैक्रों ने पश्चिमी देशों से यूक्रेन को मजबूत सुरक्षा गारंटी देने की अपील की और कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण वार्ताएं होंगी। इस बीच, रूस ने यूक्रेन पर उसके तेल ढांचे पर हमलों का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी सेना ने 32 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

# केरल में एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने पर विचार करे निर्वाचन आयोग



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह केरल में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना-प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि (11 दिसंबर) को एक सप्ताह और बढ़ाने पर विचार करे।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस दलील पर ध्यान दिया कि केरल में स्थानीय निकाय चुनाव नौ और 11 दिसंबर को होंगे तथा मतगणना 13 दिसंबर को समाप्त होगी। पीठ ने इस तथ्य का भी संज्ञान लिया कि राज्य में स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया में लगभग 1.76 लाख राज्य सरकार के कर्मचारी लगे हुए हैं और इसलिए, उन्हें चुनाव निकाय द्वारा निर्धारित समय सीमा 11 दिसंबर तक गणना-प्रपत्र जमा करने में कठिनाई हो सकती है। प्रधान न्यायाधीश ने शिकायतों पर ध्यान देते हुए केरल सरकार और अन्य याचिकाकर्ताओं को एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने के अनुरोध को लेकर बुधवार शाम पांच बजे तक निर्वाचन आयोग को एक औपचारिक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी। इसने निर्वाचन आयोग से कहा कि वह अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से विचार करे और अभ्यावेदन पर दो दिनों के भीतर निर्णय ले। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यदि गणना की तिथि 13 दिसंबर से आगे बढ़ाई जाती है, तो स्थानीय निकाय चुनावों के कारण छूटे हुए लोग इसमें भाग ले सकते है। पीठ ने कहा कि यह प्रस्तुत किया जाता है कि चुनाव प्रक्रिया (स्थानीय निकायों के लिए) 13 दिसंबर को समाप्त हो जाएगी। निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व कर रहे श्री राकेश द्विवेदी ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों के सुचारु संचालन के लिए राज्य ने I,76,000 कर्मचारी और एसआईआर के लिए 25,468 कर्मचारी तैनात किए हैं। एसआईआर 11 दिसंबर तक समाप्त हो जाएगा। पीठ ने कहा कि यह बताया गया है कि 98 प्रतिशत से अधिक गणना-प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं और 88 प्रतिशत से अधिक डिजिटल हो चुके हैं। राज्य निर्वाचन आयोग का कहना है कि उसके द्वारा तैनात सभी कर्मचारियों को एसआईआर ड्यूटी से छूट दी गई है। पीठ ने कहा कि केरल राज्य निर्वाचन आयोग से कल शाम पांच बजे तक तारीख बढ़ाने के सभी कारण बताते हुए अनुरोध करें, बशर्ते पहले अनुरोध नहीं किया गया हो। पीठ ने आगे कहा कि निर्वाचन आयोग इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा और परसों तक निर्णय लेगा। कार्यवाही के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह ने जारी कवायद का बचाव करते हुए तर्क दिया कि स्थानीय चुनाव और एसआईआर अलग-अलग कार्य हैं और इनके लिए अलग-अलग कार्यबल की आवश्यकता होती है। द्विवेदी ने कहा कि केरल राज्य निर्वाचन आयोग ने पहले ही एसआईआर कर्मचारियों को स्थानीय चुनाव ड्यूटी से छूट दे दी है।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज पर नहीं लगेगी रोक : कोर्ट




मुंबई। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 5 दिसंबर को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। इससे पहले मेजर मोहित शर्मा के परिवार ने फिल्म रिलीज पर रोक लगाए जाने की मांग की थी। आरोप था कि फिल्म मेजर मोहित शर्मा पर बनी है लेकिन मेकर्स ने इसे बनाने से पहले परिवार या सेना की परमिशन नहीं ली। सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में मोहित शर्मा के परिवार की याचिका पर सुनवाई हुई है, जिसमें कहा गया है कि फिल्म पर रोक नहीं लगाई जाएगी। हालांकि सेंसर बोर्ड फिल्म देखने के बाद ये तय करेगा कि क्या इसमें परिवार या सेना का अप्रूवल लिया जाना चाहिए या नहीं। सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने उइऋउ (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) को निर्देश दिया है कि फिल्म सर्टिफिकेशन का फैसला लेने से पहले मेजर मोहित शर्मा के परिवार द्वारा याचिका में उठाई गईं शिकायतों पर विचार करें और इसकी जांच करें। सुनवाई के दौरान मोहित शर्मा के परिवार की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि ये सामान्य समानता का मामला नहीं है। ये फिल्म मोहित शर्मा की विरासत पर आधारित है। भले ही फिल्म के निमार्ता इसे काल्पनिक बता रहे हैं, लेकिन ऑडियंस और मीडिया दोनों रणवीर सिंह के कैरेक्टर को मोहित शर्मा के किरदार के रूप में ही देख रहे हैं। फिल्म धुरंधर के निमार्ताओं की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट सौरभ किर्पाल ने सुनवाई में कहा है कि मोहित शर्मा और फिल्म की कहानी में कोई समानता नहीं है।

**रणवीर सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत**

मोहित शर्मा की हत्या जम्मू में हुई थी, जबकि फिल्म इंडियन स्पेशल फोर्स के ऑफिसर पर बनाई गई है, जिसकी कहानी पाकिस्तान से जुड़ती है। इसके अलावा उन्होंने तर्क दिया कि फिल्म में दिखाई गईं लोकेशन भी पूरी तरह अलग हैं। सुनवाई में सेंसर बोर्ड की तरफ से पेश हुए एडवोकेट आशीष दीक्षित ने कहा कि फिल्म सर्टिफिकेशन की प्रोसेस शुरू हो चुकी है। ये फिल्म फिक्शनल है। इस पर मेजर मोहित शर्मा के परिवार ने कहा कि वो चाहते हैं कि उनके परिवार के लिए एक प्राइवेट स्क्रीनिंग हो, जिससे वो संतुष्ट हो सकें कि फिल्म फिक्शन है। इस पर कोर्ट ने ये कहते हुए याचिका का निपटारा कर दिया कि सर्टिफिकेशन की जिम्मेदारी सेंसर बोर्ड के ही पास है।

# थ्रिलर सीरीज 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित की साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस खास मौके पर एक्ट्रेस काफी स्टाइलिश अवतार में नजर आईं। माधुरी ने इस खास मौके के लिए मरून कलर का को-ऑर्ड सेट पहना हुआ था, जिसमें वो काफी सुंदर लग रही थीं। ट्रेलर लॉन्च पर माधुरी ने अपने आईकॉनिक गानों पर डांस भी किया। एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म तेजाब के सुपरहिट गाने एक दो तीन पर परफॉर्म किया। इसके अलावा उन्होंने अंजाम के हिट गाने चने के खेत में पर भी परफॉर्मेंस दी। सोशल मीडिया पर माधुरी का वीडियो उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। राहुल नाम के एक यूजर ने लिखा- '34 साल बाद तो और खूबसूरत हो गई हैं।' दीपिका चांद लिखती हैं।

# बंद नहीं हुई 'अपने-2' स्क्रिप्ट में किए जा रहे हैं बदलाव




मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को निधन हो गया है। उनके निधन के बाद फिल्म अपने-2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने बताया था कि धर्मेंद्र के जाने के बाद ये फिल्म बंद की जा रही है।

हालांकि अब फिल्म के प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने कन्फर्म किया है कि फिल्म बंद नहीं हुई है, बल्कि इसकी स्क्रिप्ट में बदलाव किए जा रहे हैं। दीपक मुकुट ने मिड-डे को दिए इंटरव्यू में अपने-2 पर बात करते हुए कहा है कि उन्होंने कुछ महीने पहले ही धर्मेंद्र को अपनी स्क्रिप्ट सुनाई थी। दिग्गज अभिनेता अपने बेटों के साथ फिर से सिल्वर स्क्रीन पर आने पर लेकर बेहद एक्साइटेड थे और उससे भी ज्यादा अपने पोते करण के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर खुश थे।

प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने कहा, 'धरमजी इस सीक्वल को लेकर बहुत उत्साहित थे। अपने 2 अपने बच्चों के साथ बनाने की उनकी एक इच्छा थी।

# फरहान अख्तर की जी ले जरा नहीं हुई बंद



मुंबई। फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा, लंबे समय से बंद पड़ी हुई है। फिल्म में कटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट को लीड रोल में कास्ट किया गया है, हालांकि तीन बड़े स्टार्स के साथ डेट्स और शेड्यूल बनाने में मेकर्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद रिपोर्ट्स रहीं कि आलिया और प्रियंका ने फिल्म छोड़ दी है। हालांकि अब फिल्म पर फिर काम शुरू हो चुका है। हाल ही में आई डेकन क्रॉनिकल की रिपोर्ट के अनुसार, कटरीना कैफ, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा स्टारर फिल्म जी ले जरा पर दोबारा काम शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट में सबसे बड़ी दिक्कत तीनों एक्ट्रेसेस के बिजी शेड्यूल हैं। प्रियंका चोपड़ा के पास कई इंटरनेशनल कमिटमेंट्स हैं, जिससे वो इस फिल्म के लिए डेट्स नहीं दे पा रही थीं। डेट्स की दिक्कतों के अलावा फरहान अख्तर और फिल्म की को-प्रोड्यूसर जोया अख्तर, रीमा कागती को भी फिल्म के लीड एक्टर्स ढूंढने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि तीनों लीड एक्ट्रेसेस के स्केल में एक्टर मिलना मुश्किल है।

**आलिया के फिल्म छोड़ने, शेड्यूल मैच न होने से टली थी, अब फिर काम हुआ शुरू**

इन वजहों से फिल्म मेकिंग की स्पीड धीमी है, हालांकि इन दिक्कतों के बावजूद ये फिल्म प्लानिंग के मुताबिक ही बनाई जा रही है। फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर ने भी हाल ही में न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में कन्फर्म किया है कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com